आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 29 जून 2024
वर्ष 34, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में 2

कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए190 करोड़ 14

## एक नजर

### यौन शोषण मामले में येदियुरप्पा पर चार्जशीट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने 17 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने उस घटना की जांच की, जिसमें शिकायत मिली थी कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने दो फरवरी को नाबालिग से छेड़छाड़ की थी।

### विस्तारा के विमान में बम रखे होने की धमकी मिली

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद विमान की तलाशी ली गई। सहार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को एक पर्ची मिली थी, जिसमें लिखा था विमान में बम है। उन्होंने बताया कि विमान के अपराह्न करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। यात्रियों के सामान की तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

### नौ किग्रा हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के तस्करों द्वारा चलाए जा रहे सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी के दो अलग-अलग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन तस्करों को 9.2 किलो हेरोइन सहित गिरफ़्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि राजासांसी के शिवा एन्क्लेव इलाके से दो तस्करों से 8.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

### गुजरात, महाराष्ट्र में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के कुछ संदिग्ध लोगों के गुजरात और महाराष्ट्र स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। पिछले साल जून में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने मामला दर्ज किया था, जिसमें यह छापेमारी की गयी है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि एजेंसी ने जुलाई 2023 में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है, जो फरार है। इसके बाद तीन अन्य लोगों के खिलाफ दो और आरोपपत्र दायर किए गए।

# नीट मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित



नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एसके नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि नीट पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदस्यों को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

### संसद में नीट पर हो व्यापक चर्चा प्रधानमंत्री भी लें भाग : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में नीट पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। राहुल ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए, प्रधानमंत्री भी इस चर्चा में भाग लें।

### सरकार चर्चा को तैयार, किंतु मर्यादा में रहते हुए हो : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने अपील की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

### नेहरू जवाहरात के लाल थे और मोदी गुदड़ी के लाल हैं : त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। त्रिवेदी ने यह बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू जवाहरात के लाल थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।

### कांग्रेस ने फिर लगाया आरोप सदन में बंद किए गए माइक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर 'माइक ऑफ' कर आवाज दबाने के आरोप लगाए हैं। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नीट पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों सदनों की वीडियो क्लिप भी पोस्ट की है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला से सदन में नीट पर चर्चा करवाने की मांग की थी।

### कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम बेहोश हुईं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। उन्हें पास ही स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के कई सांसदों ने अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद के मूर्छित होकर गिरने के बाद भी सदन की कार्यवाही जारी रखी गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट, यूजीसी-नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा से सरकार के इनकार के कारण आज राज्यसभा में हुए शोर शराबे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं।

# भारी बारिश से दिल्ली पानी-पानी

## दिल्ली में 88 साल बाद जून में 228 मिमी बारिश, सड़कों पर बाढ़, कारें डूबीं

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश ने 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1936 के बाद पहली बार राजधानी में इतनी बारिश दर्ज की गई। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, लोगों को पूरे दिन जाम से जूझना पड़ा। कई इलाकों में चार से पांच फीट पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

कई सांसदों के आवास में भी पानी भर गया। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हुई। यहां 88 साल बाद जून महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही यात्रा योजना बनाने की सलाह दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली में जलभराव की स्थिति के लिए नालों में जमा प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा, अगले दो महीने तक के लिए छुट्टियां रद करने की सिफारिश की।

आईटीओ पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन



हवाईअड्डे की गिरी छत



रोहिणी में धंसी सड़क



सराय काले खां में डूबी कार



### हवाई अड्डे की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अधिकारियों से बात की और कहा कि व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मृतक के परिवार को 20 लाख और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### सरकार ने विधवा पुत्रवधु को हक देने का लिया निर्णय

# बेटा-बेटी की तरह बहू को भी मिलेगा अधिकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी किए शासनादेश, निकायों को भेज दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** नगर विकास विभाग ने निकायों में विधवा पुत्र वधु को भी मृतक आश्रित मानने का आदेश जारी किया है। ऐसे में राज्य सरकार ने बेटे-बेटी की तरह अब बहू को भी समान हक दिलाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसी के तहत अब नगर विकास विभाग ने निकायों में कार्यरत अकेंद्रीयत सेवा के कार्मियों की विधवा पुत्रवधु को राज्य कर्मियों के समान आश्रितों के बराबर हक देने का निर्णय लिया।

सरकार के इस निर्णय से हजारों लोगों को लाभ पहुंचना संभव है। कई परिवार ऐसे हैं जहां कमाने वाले की मृत्यु के बाद उसके बेटे की भी दुर्घटना अथवा अन्य कारण से आकस्मिक मौत होने पर मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसे ही पीड़ित परिवारों की बहू को नौकरी दिलाने के लिए सरकार के पास काफी सिफारिशे आती रहती थीं। ऐसे में सरकार ने यह फैसला किया है।

इसके संबंध में नगर विकास विभाग ने उप्र सेवाकाल में पालिका (अकेंद्रीयत) सेवानिवृत्त लाभ नियमावली-1984 में कुटुंब की परिभाषा में बदलाव करते हुए मृतक कर्मी की आश्रित पुत्रवधू को भी शामिल कर दिया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए निकायों को निर्देश भेज दिया है। राज्य सरकार ने सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (12वां संशोधन) नियमावली-2021 जारी किया है। इसमें पुत्र व पुत्रियों की तरह विधवा पुत्रवधू को समान हक देने की बात है। निकाय स्वायत्तशासी संस्था की श्रेणी में आते हैं। इसलिए सरकार द्वारा जारी नीतियों का लाभ निकायों को तब तक नहीं मिल पाता है, जब तक इसे स्वीकार न किया जाए। शासनादेश में कहा गया है कि कार्मिक विभाग की इस नियमावली के आधार पर निकायों में लाभ देने के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

## हेमंत सोरेन को मिली जमानत, जेल से रिहा



- **31 जनवरी को किए गए थे गिरफ्तार**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद सोरेन को जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे। सोरेन के वकील अरुणाभ चौधरी के अनुसार अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है।

# अमरनाथ यात्रा : 4,603 यात्रियों का पहला जत्था घाटी पहुंचा

जम्मू, ,एजेंसी

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की सुरक्षित यात्रा की मंगल कामना

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी पहुंचा। श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी।

बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए।



आधार शिविर में पहुंचे तीर्थयात्रियों का स्वागत करते अधिकारी।

### आधार शिविर से आज से शुरू होगी कठिन यात्रा

कुलगाम के उपायुक्त (डीसी) अतहर आमिर खान ने बताया कि बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों का उनके आगमन पर प्रशासन, नागरिक समाज के सदस्यों, व्यापार जगत, फल उत्पादकों और बाजार संघों द्वारा स्वागत किया गया। खान ने कहा सभी के लिए उचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों का काफिला बालटाल और पहलगाम स्थित आधार शिविरों के लिए अलग-अलग रवाना हुआ, जहां से वे शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित भगवान शिव के अमरनाथ गुफा मंदिर तक की कठिन यात्रा करेंगे।

### 19 अगस्त तक मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक प्रतिबंध

अधिकारी ने कहा कि 28 जून से 19 अगस्त तक विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे तथा लोगों की असुविधा को कम करने के लिए नियमित परामर्श जारी किया जाएगा। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए तीन लाख पचास हजार से ज्यादा ने पंजीकरण कराया है। गुफा मंदिर के दोनों मार्गों पर 125 सामुदायिक लंगर लगाए गए हैं और 6,000 से ज्यादा स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं।

## ईडी ने दायर की आबकारी नीति मामले में 9वीं चार्जशीट

- **विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को बनाया आरोपी**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया और नौवां आरोपपत्र दायर किया और विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को आरोपी बनाया। ईडी ने जांच के तहत मई में चौहान को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में नई और नौवीं अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई जिसमें आरोपी का नाम विनोद चौहान है। इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया वह 18वां व्यक्ति है। एजेंसी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता तथा कई शराब कारोबारियों और अन्य को भी हिरासत में लिया था। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में चौहान की भूमिका का उल्लेख किया।

# एयरटेल ने मोबाइल सेवा दरों में की 10-21% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कंपनी तीन जुलाई से लागू करेगी दरों में वृद्धि का फैसला**

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। इससे एक दिन पहले उसकी प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी। यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि ढाई साल में दूरसंचार उद्योग ने पहली बार दरों में बड़ी वृद्धि की है।

एयरटेल ने एक बयान में कहा कि विभिन्न योजनाओं की दरों में बढ़ोतरी 10-21 प्रतिशत के बीच है। मोबाइल सेवाओं की दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा। दैनिक डेटा ऐड-ऑन (एक जीबी) की दर में तीन रुपये की वृद्धि होगी और यह 19 रुपये से बढ़कर 22 रुपये हो जाएगा। वहीं 365 दिन की वैधता वाले प्लान में दो जीबी प्रतिदिन की पेशकश वाले प्लान में 600 रुपये तक की वृद्धि होगी और नई दरें 2,999 रुपये से बढ़कर 3,599 रुपये हो जाएंगी। असीमित 'वॉयस प्लान' श्रेणी में दर को 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दिया गया है। कुल 28 दिन की वैधता वाले इस प्लान में 20 रुपये की वृद्धि की गई है। इस प्लान में दो जीबी का डेटा दिया जाता है।

## विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार और भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी विदेश मंत्रालय के अगले सचिव होंगे। वह निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा का स्थान लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्णय के अनुसार क्वात्रा का विस्तारित कार्यकाल 14 जुलाई को समाप्त हो जाएगा और उसके बाद मिसरी विदेश मंत्रालय में विदेश सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के शुक्रवार को जारी एक अधिशासी आदेश के अनुसार मिसरी की नियुक्त 15 जुलाई से प्रभावी होगी।

# दो हजार करोड़ से प्रदेश में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

- **पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में मददगार होगा बायो प्लास्टिक पार्क**
- **लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज**
- **बलरामपुर चीनी मिल फर्म कुंभी गांव में बनाएगा बायो प्लास्टिक पार्क**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। इसका उद्देश्य बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना है। इस क्रम में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुंभी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उप्र. एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं।

पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और रि-साइकिल के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीक पर अध्ययन किया जाएगा।

### क्या है बायो प्लास्टिक

बायो प्लास्टिक प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।



# फाइनल में भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका की दमदार चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। कप्तान ने कहा कि मैं जानता हूं कि फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका नजर आ रही है। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**भारतीय समय अनुसार मैच आज रात 8 बजे**





### टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप फाइनल के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वन-डे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी-20 विश्व कप तक उनसे इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी।

### भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली



**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी। गांगुली ने कहा कि मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन चक्र है कि जो छह महीने पहले मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।

## खेल डायरी

### विश्व टेनिस लीग का तीसरा सत्र होगा अबू धाबी में

अबू धाबी। विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### ब्रिंदा-दीपा को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 सम्मान

**लंदन।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024 में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके के साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

### विम्बलडन में सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ

**लंदन।** पहली बार विम्बलडन पुरूष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिये पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है।

### आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

**नई दिल्ली।** दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लड़कों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को शिकस्त दी। आद्या ने अंतिम चार मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग के चिउ हौ चिंग को शिकस्त दी जबकि चौथी वरीयता प्राप्त गौशिका ने मलेशिया की नौवीं वरीयता प्राप्त मैसरह बिनती मोहम्मद खैरुल निजाम को हराया।

# शेफाली-मंधाना की रिकॉर्डतोड़ पारी से भारत मजबूत

## एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट के पहले दिन भारत ने बनाया चार विकेट के नुकसान पर 525 रन का बड़ा स्कोर

चेन्नई, एजेंसी



युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

शेफाली ने 194 गेंद में 205 रन बनाये और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाये। शेफाली दोहरा शतक जमाने के तुरंत बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवहीन गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। दोनों लंच तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 130 रन तक ले गए। दोनों का शतक एक ही समय पर पूरा हुआ। मंधाना को डेल्मी टकर ने स्लिप में लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। मंधाना की जगह आई सतीश शुभा 27 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा रौड्रिग्स (55) ने हालांकि शेफाली का बखूबी साथ दिया। तेजी से रन चुराने के प्रयास में आपस में तालमेल नहीं बैठ पाने से शेफाली रन आउट हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर क्रीज पर है। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।

**शेफाली वर्मा**
**205** रन | **197** गेंद

### शेफाली-मंधाना की पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी



शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन 292 रन की साझेदारी की जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट का नया रिकॉर्ड है। शेफाली और मंधाना ने 2004 में कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की साजिदा शाह और किरण बलूच की 241 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। यह 1987 में वेदरबी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए एलए रीलर और डीए एनेट्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच 309 रन की साझेदारी के बाद महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। शेफाली और मंधाना ने इस तरह 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन की अपनी पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी में सुधार किया। दोनों ने इसके साथ ही किसी भी विकेट के लिए पिछली सबसे बड़ी भारतीय साझेदारी को भी पीछे छोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूनम राउत और थिरुष कामिनी के नाम था, जिन्होंने मैसूर में 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 275 की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को डेलमी टकर ने मंधाना को 149 रन पर आउट कर तोड़ा। दूसरे छोर से शेफाली टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले मिताली राज, कामिनी और संध्या अग्रवाल ने यह कारनामा किया है।

### टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली शेफाली

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गईं। 20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 525/4 (98 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लेर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लेर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 42 | 76 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 43 | 33 | 9/0 |

**अतिरिक्त** -16 रन, **विकेट पतन**: 1-292, 2-325, 3-411, 4-450
**गेंदबाज** : क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60-0, डि क्लेर्क 0-1-62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

# मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

## नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी



भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना तय है। वह गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि डीपी मनु खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

# त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में




फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी



भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैंड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्ज़ु को 16-21 21-11 21-19 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी। उनका अगला मुकाबला रुई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी से होगा।

# द्रविड़-रोहित ने कोहली का किया समर्थन, कहा- बड़ी पारी खेलेंगे

जॉर्जटाउन (गयाना), एजेंसी



भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा।

आईपीएल में 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक 7 पारियों में केवल 75 रन ही बना पाए हैं। द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा कि आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले।

द्रविड़ ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह जल्द बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है। कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। उन्होंने कहा कि फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही क्योंकि जब आप 15 साल से क्रिकेट खेलते रहे हों तो फॉर्म समस्या नहीं बनती। वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनके इरादे स्पष्ट हैं। संभवतः उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा है।

# वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा, एजेंसी

टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने से 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजयी गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने के कारण रेड कार्ड देकर मैदान से बाहर भेज दिया था।



गोल के लिए संघर्ष करते अमेरिका और पनामा के खिलाड़ी।

# उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

# गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेली

superbet CHESS CLASSIC

बुखारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी



डी गुकेश



आर प्रज्ञाननंदा

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।

अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब गुकेश और कारुआना 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त पर हैं। उनके बाद अलीरेजा, प्रज्ञाननंदा, गिरी, वेस्ली, वाचियर लाग्रेव और नेपोमनियाचची का नंबर आता है, जिनके एक-एक अंक हैं। डेक बोगदान डैनियल और अब्दुसत्तोरोव के आधा-आधा अंक हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पहले दिन बच्चे पहुंचे स्कूल, खाने को मिला हलुआ-खीर

## शिक्षकों ने तिलक कर बच्चों का किया स्वागत, समर कैंप का आयोजन कर कराया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गर्मी की छुट्टी के 38 दिन बाद शुक्रवार को बेसिक स्कूल खुल गए। स्कूलों में पहले दिन का माहौल उत्सव सा रहा। शिक्षकों ने बच्चों को टीका कर स्वागत किया। इसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को खीर और हलवा खिलाकर मुंह मीठा कराया। समर कैंप आयोजित कर बच्चों को पेड़ पौधों की उपयोगिता बताकर पौधरोपण कराकर देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उधर, मिश्राना के परिषदीय स्कूल की प्रधानाचार्य स्कूल ही नहीं पहुंची। विद्यालय में शिक्षामित्र के अलावा एक छात्र पहुंचा। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल रहा। कुछ शिक्षकों ने विद्यालय को अच्छी तरह सजाया संवारा और बच्चों के पहुंचने पर उनका तिलक कर स्वागत किया। कंपोजिट विद्यालय महराजनगर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने रोली से तिलक कर बच्चों का स्वागत किया।

**पलिया कलां।** ब्लॉक के ग्राम पढ़ुवा के कुंडली फ़ार्म प्राथमिक विद्यालय पर पहले दिन स्कूल खुलने पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के आगमन पर उनका माल्यार्पण, तिलक वंदन कर मुंह मीठा कराया। इसके पश्चात विद्यालय में अच्छे पकवान के रूप में हलवा व खीर खिलाई गई।

**मितौली।** गांव खुड़ेहरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक जमाल अहमद ने बच्चों को पर्यावरण के बचाव की जानकारी दी। साथ ही गांव पिपरिया में तैयार हो रहे उद्यान केंद्र का भ्रमण कराकर उपयोगिता बताई। अनुदेशक अमित कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहीं।

**मोहम्मदी।** प्राथमिक विद्यालय कैमहरा में प्रधानाध्यापक संजीव पाल, शिक्षिका सुधा शाक्य आदि मौजूद रहे। उधर, संविलियन विद्यालय पलिया में हलवा परोसा गया। मोहम्मद इकरार खां, सुखदेव मिश्र, देवीचरन मिश्र आदि मौजूद रहीं। एआरपी आशीष मिश्र भी मौजूद रहे।

**पसगवां।** संविलियन विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। संविलियन विद्यालय गोविंदापुर में प्रधानाध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव ने बच्चों को पर्यावरण और वृक्षों की जानकारी दी। संविलियन विद्यालय सुखवासा में प्रधानाध्यापक छत्रपाल भारती ने बच्चों संग पौधारोपण किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय (कन्या) पसगवां में प्रधानाध्यापक विवेक कुमार शर्मा ने छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया।

**रजागंज।** प्राथमिक विद्यालय करनपुर मुर्तिहा स्कूल में बच्चों को हलुआ खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। बता दें कि यह वही विद्यालय है जहां पर जिम्मेदारों ने तीन माह तक एमडीएम ही नहीं बनवाया। मगर, शुक्रवार को बच्चों को हलुआ खिलवाया गया। उधर, कुंभी ब्लॉक के बीईओ श्रीराम ने विद्यालय पहुंचकर एमडीएम रजिस्टर आदि की जांच की।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए उनकी आयु निर्धारण में बदलाव किया गया है। पहले एक अप्रैल तक छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों का प्रवेश लेने का आदेश था। मगर, नामांकन स्थित प्रभावित होने को लेकर अब 31 जुलाई तक छह वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों को भी नामांकन होगा।


प्राथमिक विद्यालय पढ़ुवा में गेट पर माला पहनाकर छात्र का स्वागत करते शिक्षक।


कंपोजिट विद्यालय महराजनगर में छात्रों को तिलक करतीं प्रधानाध्यापक।


संविलियन विद्यालय बैदा में हलुआ खाकर समर कैंप में शामिल हुए छात्र।


बच्चों को हलुआ वितरित करतीं रसोइयां। अमृत विचार

### प्रमुख सचिव व बीएसए का आदेश बेअसर

प्रमुख सचिव के आदेश को बीएसए ने बीईओ को अग्रसारित कर शुक्रवार को स्कूल खोलकर बच्चों को स्वागत कर समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए थे। मगर, प्राथमिक विद्यालय मिश्राना में आदेश की धज्जियां उड़ती रहीं। सुबह 09:45 तक प्रधानाचार्य पूनम अस्थाना स्कूल से गायब रहीं। जबकि वहां पर शिक्षामित्र मनो कुमार मिश्रा और सिर्फ एक छात्र पहुंचा। न तो उसका स्वागत हुआ और न ही समर कैंप शिविर लगा।

### एक जुलाई से शुरू होगा नियमित पठन-पाठन

स्कूलों में आज भी समर कैंप आयोजित होंगे। सोमवार से स्कूलों में नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी। एक जुलाई से विद्यालय का समय प्रातः 7:30 से 1:30 बजे तक रहेगा। कक्षा-एक व छह में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का विशेष रूप से स्वागत कर उनको प्रोत्साहित किया जायेगा।

# नीट पेपर लीक पर छात्रों से कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया संवाद


प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ कांग्रेसी नेता।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नीट के पेपर लीक पर प्रदेशव्यापी कार्यक्रम की कड़ी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर नगर में पटेल सुशील कुमार वर्मा के द्वारा संचालित एक कंपटीशन क्लासेज पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने पहुंच कर छात्रों से मिलकर उन्हें निकट भविष्य में नौकरी के लिए हिम्मत बंधाई है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पेपर लीक को लेकर के काफी संवेदनशील है, इसका कड़ा विरोध सड़क से लेकर संसद तक किया जाएगा। जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कहा कि पार्टी सत्ता में आते ही पेपर लीक पर कानून लाएगी। साथ ही प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के भविष्य का पूरा ध्यान रखा जाएगा। संवाद कार्यक्रम में जिला महासचिव केके मिश्रा, प्रेमकुमार वर्मा, राकेश विश्वकर्मा, मतीन शाह, पंकज पटेल, अनिल राज, प्रदीप सिंह रघुनायक, फकीर मोहम्मद, अंकुर पटेल और प्रतियोगी छात्र अभिषेक तिवारी, धर्मपाल राठौर, कंचन श्रीवास्तव, कलम राणा, हर्ष वर्मा, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम की समीक्षा बैठक में फंसे ईओ ओयल

## बाढ़ से निपटने की तैयारी बैठक में बीडीओ से लेकर एसडीएम तक की जवाबदेही तय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नवागत डीएम की संभावित बाढ़ को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक में ईओ ओयल ऋषिकेश उस समय फंस गए, जब उनसे मानसून से पहले विकास कार्यों की जानकारी मांगी गई। दरअसल, नगर निकायवार नाले नालियों की सफाई की प्रगति की जानकारी ले रहीं थीं, जिसमें यह बात सामने आई कि निर्वाचन पूर्व धन आवंटन के बाद भी नगर पंचायत ओयल में टेंडर प्रक्रिया न होने, जिससे बरसात पूर्व नाली निर्माण न होने की बात सामने आई। इस पर डीएम खफा हो गईं और उन्होंने अधिशासी अधिकारी ओयल का फटकारते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने बैठक में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए बीडीओ से लेकर एसडीएम तक की जवाबदेही तय की। डीएम के सख्त रूख देख अफसर हलकान नजर आए।

नवागत डीएम ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप की बैठक ली। डीएम ने बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरों की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार ने पीपीटी के जरिए विगत वर्षों में नदियों का जलस्तर एवं डिस्चार्ज, तटबंधों की मरम्मत व कटावनिरोधक कार्य सहित गतवर्ष निर्मित परियोजनाओं से होने वाले लाभों को रेखांकित किया। शारदा बैराज सात लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के लिए डिजाइन है। अबतक अधिकतम 5.32 लाख क्यूसेक क्रॉस कर चुका है। इस वर्ष जिले में 11 कटाव निरोधी परियोजनाएं 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक पूर्ण की गई हैं। डीएम ने जाना कि अब तक किन बीडीओ ने संवेदनशील बाढ़ इलाकों का भ्रमण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि इस वर्ष पूर्ण सभी 11 कटाव निरोधक परियोजनाओं का एसडीएम-तहसीलदार स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर क्रॉस चेक करें। इस दौरान तकनीकी दक्षता वाला भी अधिकारी रहेगा।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को नक्शे पर देखतीं नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

### तत्काल दें जलभराव की सूचना

डीएम ने नगरीय क्षेत्र के ईओ को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए उसका नंबर आमजन में जारी करें। नगरीय क्षेत्र में जलभराव की सूचना मिलते ही त्वरित रेस्पॉन्ड करें। वर्षा के तुरंत बाद जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### डीएम की अपील, आमजन बाढ़ कंट्रोल रूम को सूचना दें

डीएम ने आमजन से अपील की है कि संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र के निवासीगण कंट्रोल रूम के दिए गए नंबरों पर सूचना दें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष, (शारदानगर)– 9648619301, बाढ़ नियंत्रण कक्ष, (शारदा बैराज ) सिंचाई खंड, शारदानगर– 7376218827, बाढ़ नियंत्रण कक्ष (छाउछ कॉलोनी) सिंचाई खंड– प्रथम– 9236263109

### डीएम ने किया कलक्ट्रेट का निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** डीएम ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। हर पटल के बारे में जानकारी की और विभागीय रिकॉर्ड देखें। परिसर की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने प्रभारी अधिकारी (संयुक्त कार्यालय) डिप्टी कलेक्टर रेणु मिश्रा को कलक्ट्रेट पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए डीएचओ से समन्वय कर गार्डनिंग कार्य के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रेनू मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एसपी सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी/नाजिर मो. सलीम, प्रशासनिक अधिकारी/ राजस्व सहायक खुशाल सिंह मौजूद रहे।

# मितौली : सीएमओ करते आदेश तब अधीक्षक बंद कराते अस्पताल

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय से लेकर सीएचसी क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में अवैध अस्पताल चल रहे हैं। डिप्टी सीएम से लेकर डीएम और सीएमओ के आदेश के बावजूद अधीक्षक इन पर अंकुश लगाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। आलम यह है कि सीएम पोर्टल से लेकर डीएम कार्यालय पर शिकायत होने पर जब पुनः सीएमओ निर्देश देते है तब अधीक्षक उनमें ताला डलवाते हैं।

शुक्रवार को सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक मितौली ने दो अवैध अस्पतालों में ताला लगवाकर उन्हें सील कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सीएमओ का निर्देश दो अवैध अस्पतालों को बंद कराने के लिए मिला था। इस पर कस्ता एवं पिपरझला में संचालित अवैध दो निजी अस्पतालों को सील कराया गया है। स्वास्थ्य टीम के जांच करने पर अस्पताल में मौजूद लोग न तो पंजीकरण संबंधी प्रपत्र दिखा सके और न ही वहां पर डिग्री धारक डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ मिला। इस पर दोनो में ताला लगवाकर सीएमओ कार्यालय पर सूचना भेज दी है। हालांकि स्थित यह है कि मितौली कस्बा सहित पूरे सीएचसी क्षेत्र में एक दो नहीं बल्कि दर्जनों की संख्या में अवैध अस्पताल ही नहीं पैथालोजी आदि चल रही हैं। इन पर न तो नजर सीएचसी अधीक्षक की पड़ती है और न ही तहसील प्रशासन से लेकर जिले के जिम्मेदारों की।


अवैध निजी अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# कोटेदार के खिलाफ नामजद कालाबाजारी की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के रामनगर गांव में कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता एवं कालाबाजारी करने के आरोप में पूर्ति निरीक्षक ने कोटा निलंबित कर कोटेदार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पूर्ति निरीक्षक विनय कुमार पांडे ने बताया कि बिजुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत रहीमनगर निवासी कार्डधारक बिन्द्रा प्रसाद, अनुज कुमार, अरविन्द आदि ने उचित दर विक्रेता सरोजनी देवी पर अनियमितता एवं कालाबाजारी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने शिकायत पर 19 जून को निरीक्षण में दुकान की चाबी न मिलने पर उसे सील कर दिया। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर 25 जून को नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, कोतवाल रमेशचंद पांडे की मौजूदगी में सील गोदाम को खोलकर स्टाक चेक किया गया। जिसमें गेहूं साढ़े चार कुंतल, चावल साढ़े पांच कुंतल, चीनी 1.25 कुन्तल स्टाक में पाई गई। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि स्टाक का मिलान करने पर कोटेदार द्वारा गेहूं 27.51 कुंतल, एनएफएसए 26.21 कुंतल, आईसीडीएस 1.30 कुंतल, चावल 46.40 कुंतल और 0.37 कुन्तल चीनी की कालाबाजारी की गई है।

# साठा धान : फसल तैयार . . . तब बुआई करने पर लगी रोक

संवाददाता, मूड़ा सवारान/ लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचार:** एनजीटी ने जिले में साठा धान की बुआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। मगर, जिले में करीब 32 हजार हेक्टेयर में साठा धान तैयार होने की कगार पर है। एनजीटी का आदेश जारी होने के बाद विभागीय अधिकारी भी असमंजस में है। विभागीय लोग बताते हैं कि साठा धान की बोआई न करने के लिए किसानों को पहले भी जागरूक किया जाता रहा है, जिससे वह इसकी जगह पर कम लागत और अधिक मुनाफा वाली दलहनी फसलों की बुआई करें।

जिले में एक लाख 82 हजार 27 हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुआई है। इसमें करीब 32 हजार हेक्टेयर में साठा धान लगा है। जबकि 23 हजार हेक्टेयर में शंकर और करीब चार हजार हेक्टेयर में सुगंधित धान की रोपाई है। इसके अलावा एक लाख 55 हजार हेक्टेयर में अन्य धान लगा है। दो दिन पहले साठा धान की बुआई पर प्रतिबंध का आदेश जारी होने के बाद से विभागीय अधिकारियों के सामने असमंजस की स्थित बन गई है। इनका कहना है कि साठा धान की रोपाई न करने के लिए किसानों को निरंतर जागरूक किया जाता है। इसकी जगह पर उरद, मूंग सहित अन्य दलहनी फसलें करने के लिए प्रेरित करते हैं। इनकी बुआई करने में लागत कम आने के साथ सिंचाई की भी अधिक जरूरत नहीं पड़ती है। इसिलए किसानों को साठा धान की रोपाई करने के बजाय दलहनी फसलों की बुआई करनी चाहिए।


साठा धान की पंपसेट चलाकर सिंचाई करते किसान। अमृत विचार

**गिरते जलस्तर को लेकर एनजीटी ने लगाया प्रतिबंध**

### जिम्मेदारों की अनदेखी से गिर रहा भूगर्भ जलस्तर

जिले में साठा धान की रोपाई पर धड़ल्ले से हो रही है। जबकि इस धान की खेती पहले से ही प्रतिबंधित है। मगर, इसके बावजूद जिले के एक बड़े भू भाग पर साठा धान की रोपाई हुई है। इसकी जानकारी से लेकर रिकार्ड तक जिम्मेदारों के पास है। बावजूद इसके जिम्मेदार इस पर अंकुश लगाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि तहसील से लेकर जिला प्रशासन के इस पर रोंक न लगाने पर एनजीटी ने आदेश जारी किया है।

### दर्जनों गांव में लहलहा रही साठा धान की फसल

**मूड़ा सवारन।** मार्च से लगने वाले साठा धान की बुआई पर शासन ने अब रोक लगा दी है। जबकि जिले में यह धान कटने की कगार पर पहुंच चुका है। क्षेत्र के गांव फजलनगर, छैरासी, रसूलपनाह, गोपालापुर, सहसपुर, विचपरी, लगुचा, जंगलीनाथ, गोगावां, पल्हनापुर, वसलीपुर, अंबारा, गोविंदापुर, भदेड़ सहित दर्जनों गांव में साठा धान की फसल लहलहा रही है।

# आज सम्मानित होंगे 20 मेधावी

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के मेधावियों को आज लखनऊ के लोकभवन से लेकर जिले में विकास भवन में सम्मानित किया जाएगा। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इंटर की जिला टॉपर और प्रदेश की टॉप टेन सूची में पांचवे नम्बर पर रही विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला की छात्रा स्मृति सिंह को लखनऊ के लोकभवन में और सचिन वर्मा व अक्षत पांचाल को विकास भवन में एक लाख की चेक, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। हाईस्कूल के 10 और इंटरमीडिएट के अन्य सात मेधावियों को 21 हजार, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### 23 दरोगाओं का दूसरे जिलों में हुआ तबादला

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिले में तैनात दो एसओ व चौकी इंचार्जों समेत 23 दरोगाओं का तबादला दूसरे जनपदों के लिए हो गया है। पुलिस विभाग के अनुसार अरुण कुमार, कुलदीप सिंह, कौशल किशोर टिंकल, अवनेश कुमार, गजेंद्र सिंह, रंजीत सिंह यादव, टीटू कुमार, दीपक राठौर, सुनील कुमार, लल्ला गोस्वामी, लाल बहादुर मिश्रा, प्रभात कुमार गुप्ता, संजीव कुमार को सीतापुर, राहुल सिंह, विपिन कुमार सिंह, कंचन देवी, दिलीप कुमार, कृष्णपाल सिंह को हरदोई स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा मनीष पाठक, शिव बहादुर राय, अनिल मिश्रा और अजीत प्रताप सिंह को उन्नाव भेजा है। स्थानांतरित एसआई में थानाध्यक्ष फरधान कौशल किशोर और थानाध्यक्ष पसगवां दीपक राठौर भी शामिल हैं।

### मवेशियों को गलाघोंटू से बचाव के लगाए गए टीके


टीका लगाते पशु विभाग की टीम। अमृत विचार

**संवाददाता, धौरहरा। अमृत विचार :** पशु चिकित्सालय ईसानगर टीम ने डॉ. प्रदीप कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर के नेतृत्व में ग्राम सभा धुधाकला में निःशुल्क टीकाकरण कैंप लगाया गया, जिसमें सभी पशुओं को गलाघोटू का टीका लगाया गया। पशुपालकों को गलाघोंटू टीका के महत्व, कृमि नाशक दवा पान से लाभ एवं गर्मी से बचाव के उपाय भी बताए गए। टीम ने कहा कि पशुपालक इस मौसम में बाजरा एवं चारे की फसल अवश्य लगाएं। यह पशुओं का इस मौसम में सबसे अच्छा हरा चारा है। टीकाकरण के दौरान पशुपालन विभाग से राम कैलाश, संदीप कुमार, मनजीत कुमार, अनूप यादव, राकेश कुमार, श्रवण कुमार, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

### दो घरों से नकदी समेत चार लाख के गहने चोरी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** गुरुवार की रात चोरों ने गांव पहाड़खांपुरवा के मजरा तकिया और ओयल कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में धावा बोल दिया। चोर दोनों जगहों से 25 हजार रुपये की नकदी और करीब चार लाख के जेवर चोरी कर भाग निकले। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव तकिया निवासी वसीम अली पुत्र पीर अली ने बताया कि वह रोज की तरह गुरुवार की रात भी परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात में चोर दीवार को कूदकर घर में घुस आए। बक्से व अलमारी का ताला तोड़ दिया और 17 हजार रुपये की नकदी, दो जोड़ी सोने की नथनी, दो जोडी झुमकी, एक जोड़ी झाला, तीन पैंडिल के दो मटर माला, दो जोड़ी पायल, एक हाथ फूल समेत करीब दो लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने कस्बे की टीचर्स कॉलोनी निवासी ओम प्रकाश पुत्र सोबरन लाल के घर को भी निशाना बनाया। चोर यहां से आठ हजार रुपये, एक जोड़ी पायल, सोने की झुमकी, नाक की बारी आदि जेवर चोरी कर ले गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### चकबंदी रोकने के लिए ग्रामीण हुए एकजुट

**संवाददाता, निघासन। अमृत विचार :** चकबंदी होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर पंचायत सदस्यों के धोखे से हस्ताक्षर कराकर गुपचुप तरीके से प्रस्ताव पास करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने डीएम व जिला चकबंदी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपा है। बौधिया कलां के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान ने छल पूर्वक ग्राम पंचायत सदस्यों के धोखे से हस्ताक्षर करवा लिए। उसके बाद गुपचुप तरीके से प्रस्ताव पारित करा दिया। इतना ही नहीं चकबंदी अधिनियम धारा 4 से गजट भी करा लिया है। तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि ग्रामीणों के शिकायती पर उच्च स्तर से कार्रवाई की जानी है। जैसे दिशा निर्देश मिलते हैं। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### भगतपुर में गन्ने के खेत में मिला बाघिन का शावक

**संवाददाता, रोशननगर। अमृत विचार :** मोहम्मदी महेशपुर वन रेंज की देवीपुर बीट के गांव भगतपुर में गन्ने के खेत में बाघिन का शावक मिला है। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शावक को पकड़कर लखनऊ चिड़ियाघर पहुंचाया है। ग्राम भगतपुर में गांव के दक्षिण रामपुर निवासी कल्लू ठेकेदार के गन्ने के खेत की मेड़ पर बाघिन का शावक विचरण कर रहा था। लोगों ने जब शावक को देखा तो गांव और वनरेंज महेशपुर के अधिकारियों को सूचना दी। शावक को देखने के लिए मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे डिप्टी रेंजर रामनरेश, जगदीश प्रसाद वर्मा, प्रज्जवल कुमार, शिव कुमार, रोहित कुमार, लालू ड्राइवर ने ग्रामीणों के सहयोग से शावक को पकड़कर वनरेंज कोठी महेशपुर ले गए। रेंजर नरेशपाल सिंह ने बताया कि इस शावक को लखनऊ चिड़ियाघर भेजा जाएगा। वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। रेंजर ने शावक मिलने की सूचना वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी है।


भगतपुर में शावक को पकड़ने का प्रयास करते वनकर्मी।

### फांसी लगने से हुई थी चाची-भतीजे की मौत

**संवाददाता, धौरहरा। अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के तुलसीराम पुरवा गांव निवासी चाची–भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। दोनों शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। बतादें कि गांव तुलसीराम पुरवा निवासी पूजा (35) और शिवकुमार गौतम (25) ने गांव के बाहर श्याम किशोर के खेत में लगे गूलर के पेड़ की डाल से बुधवार की रात फांसी लगा ली थी। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराया था। रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे दोनों के शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया दोनों की मृत्यु का कारण हैंगिंग आया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**संवाददाता, मैलानी। अमृत विचार :** नगर के जंगलात वार्ड में 42 वर्षीय महिला की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गुरुवार शाम को जंगलात वार्ड निवासी नसीमजहां (42) पत्नी जब्बार खां बिजली के बोर्ड में पंखा लगा रही थी। तार में कट होने की वजह से हाथ में करंट लग गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नसीम जहां की मौत से परिजनों का रो–रोकर हाल बेहाल है।

### महिला ने लगाया ससुरालियों पर पति की हत्या का आरोप

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** एक महिला ने अपने ससुरालियों पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ निवासी कमलाकांत की पत्नी मंजू देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 15 अप्रैल को उसके मायके इदईपुरवा में कार्यक्रम था, वह अपने पति के साथ गई थी। वहां से उनका पति गन्ना बुवाई बता कर चले गए थे। मंजू का कहना है कि 21 अप्रैल को सूचना मिली कि उसके पति ने जहर खा लिया है। जब वह ओयल अस्पताल पहुंची तब तक उसके पति की मौत हो चुकी थी। ससुराल पहुंची तो वहां उसे और उसके बेटे की हत्या की कोशिश की गई। मंजू देवी ने अपने पति के भाई, सास, ननदोई पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** जुलाई माह में आरम्भ होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष केबी गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक पालिका कार्यालय में हुई, जिसमें पालिका कर्मियों के साथ ही सभासद व सीएचसी के लोग मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिये एन्टीलार्वा का छिड़काव, नाले–नालियों की सफाई एवं साफ–सफाई हेतु पालिका प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा रहेगा। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज अस्थाना ने संचारी रोग अभियान की उपयोगिता एवं औचित्य के बारे में जानकारी दी।

### जमीन बंटवारे को लेकर विवाद, पांच लोग गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणजती में रुपयों को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने विमलेश पुत्र महेंद्र, दिलीप पुत्र सीताराम, लक्ष्मीनगर कॉलोनी में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने सुशील पुत्र रविंद्र कुमार निवासी भुड़वारा, शोभित कुमार पुत्र राजेश कुमार मिश्रा और राजेश कुमार मिश्रा पुत्र सतीश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार, एसआई विश्वनाथ मिश्रा, अरविन्द कुमार मौर्य, आरक्षी वीरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, मोहित कुमार, गौरव कुमार शामिल रहे।

# ट्रक-पिकअप की भिड़ंत में चाचा व दो भतीजों की मौत

## केला लेकर लखनऊ जा रही थी पिकअप, पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर ऊंचगांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, खमरिया (लखीमपुर खीरी)


कमलेश (फाइल फोटो)


महेश (फाइल फोटो)


लल्लू (फाइल फोटो)


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई केले से भरी पिकअप। अमृत विचार

हादसा एक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र में गुरुवार की देर रात पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर पिकअप और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार चाचा और उसके दो भतीजों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका लखनऊ ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। चारों पिकअप में केला भरकर बिक्री करने लखनऊ जा रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है।

हादसा गुरुवार की रात करीब नौ बजे हुआ। थाना ईसानगर के गांव अदलिशपुर मजरा मुराउनपुरवा निवासी कमलेश और उनका परिवार केले की खेती करता है। गुरुवार की शाम कमलेश अपनी खुद की पिकअप में केला भरकर उसे बेचने के लिए लखनऊ जा रहे थे। पिकअप उनका भतीजा लल्लू चला रहा था। पिकअप में भतीजा महेश व रिंकू भी सवार थे। थाना खमरिया क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लखीमपुर की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 21सीटी 7385 ने पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चला रहे लल्लू (20) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना खमरिया पुलिस ने पिकअप में फंसे कमलेश (40), रिंकू (30), उसके भाई सुरेश को किसी तरह से राहगीरों की मदद से बाहर निकाला और सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने रिंकू और महेश को लखनऊ रेफर किया। परिजन दोनों को लेकर लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में महेश ने दम तोड़ दिया। रिंकू की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है। दो सगे भाईयों और चाचा की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

### परिवार के तीन लोगों की मौत से मचा कोहराम

**खमरिया।** सड़क हादसे में चाचा और उनके दो भतीजे की मौत की खबर जब रात गांव पहुंची तो परिवार में चीख पुकार मच गई। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतकों के घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोग बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधाते रहे। तीन लोगों की मौत से पूरा गांव स्तब्ध है।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की गई जान

संवाददाता, महंगापुर

▸▸ दवा लेकर घर साइकिल से वापस जा रहा था संदीप कुमार


संदीप (फाइल फोटो)

हादसा दो

**अमृत विचार:** थाना संपूर्णानगर के पत्रकार गोविंद गोयल के मौसेरे भाई गिरधरपुरी निवासी संदीप कुमार संदीप कुमार (35) पुत्र प्रेमचंद गुरुवार शाम करीब 9:00 बजे बम नगर से बच्चों की दवाई लेकर साइकिल से अपने घर जा रहा था। इसी बीच सामने से तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछल कर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंचे परिजन उसे 108 एंबुलेंस से लेकर सीएचसी पलिया पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी कुसुम व 12 वर्षीय बेटा सन्नी, 8 वर्षीय पुत्री शिवानी तथा 5 वर्षीय पुत्र आकाश का रो-रो कर हाल बेहाल है। घर के बाहर एकत्र ग्रामीणों की भीड़ देख मासूम बच्चे मां की गोदी से लिपट कर पूंछ रहे हैं कि यह दरवाजे पर सभी लोग किसलिए जमा हैं और उसके पिता दवा लेकर कितनी देर में घर लौटेंगे।

## सार-संक्षेप

### व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा


रेलवे स्टेशन अधीक्षक पलिया को ज्ञापन देते नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** मैलानी-भीरा-पलिया कलां-तिकुनिया-नानपारा के मध्य बड़ी रेल लाइन का निर्माण कराए जाने और बड़ी रेल लाइन न बनने तक उक्त रूट पर पूर्व की भांति सभी 9 जोड़ी ट्रेनों को चलाए जाने आदि मांगों को लेकर नगर व्यापार मण्डल (कंछल गुट) के जिला महामंत्री अमित महाजन व नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम सौंपा हैं। इसके बाद रेलवे स्टेशन तक एक जुलूस की शक्ल में जाकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित एक सात सूत्रीय मांगपत्र स्टेशन अधीक्षक रमेश कुमार को सौंपा। स्टेशन पर मौजूद दर्जनों रेल यात्रियों से संपर्क कर उनको पोस्ट कार्ड भी वितरित किए, जिसमें रेल यात्रियों ने भी व्यापार मण्डल द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मण्डल में जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री अमित महाजन, गौरव गुप्ता, राजीव शुक्ला, श्याम आनन्द, श्री कृष्ण जिंदल, जसपाल सिंह गहोनिया, राजेश गुप्ता, मोहम्मद फहीम अंसारी, युवा नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नगर महामंत्री आदित्य मौर्य, मनीष अरोड़ा, गुरिंदर सिंह वालिया, देवेन्द्र अरोरा, भीरा व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, अनूप गुप्ता, जसवीर फ्लोरा आदि रहे।

### चीनी मिल मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू


धरना दे रहे मिलकर्मियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता नंदकिशोर तिवारी।

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ से संबद्ध स्थानीय चीनी मिल मजदूर संघ के बैनर तले स्थानीय बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के कर्मचारियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। चीनी मिल मजदूर संघ पलिया कलां के अध्यक्ष नंदकिशोर तिवारी व मंत्री राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कर्मचारियों को मिल ड्यूटी के दौरान चोट लगने या अन्य कोई दुर्घटना होने पर एक्सीडेंटल फॉर्म नहीं दिया जाता है। सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को पिछले महीने से साप्ताहिक अवकाश देना बंद कर दिया गया है। इसके अलावा भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारियों को कारखाने के अंदर पीने योग्य पानी की भी व्यवस्था नहीं है। चीनी मिल अधिकारियों को कई बार इस संदर्भ में ध्यान दिलाया गया, किंतु कोई संज्ञान नहीं लिया गया। नतीजा सभी मिलकर कर्मचारियों का सहयोग लेकर मिल के अंदर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना स्थल पर सभा का भी आयोजन किया गया। जिसे चीनी मिल कर्मचारी नेता नंदकिशोर तिवारी के अतिरिक्त प्रमोद कुमार मौर्य, संदीप कुशवाहा, निर्भय नारायण सिंह, विनय तिवारी, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार तिवारी, अशफाक अहमद आदि ने संबोधित किया और कर्मचारियों की समस्याएं हल किए जाने तक धरना -प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।

### मगरमच्छ के हमले से छात्र घायल, भर्ती

**संवाददाता, सिंगाही। अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र में अपनी मां के साथ घास लेने गए 11 वर्षीय छात्र पर तालाब के किनारे मगरमच्छ ने हमला कर दिया, जिससे छात्र घायल हो गया। उसे सीएचसी निघासन में भर्ती कराया गया है।ठाकुर पुरवा मजरा बंगलहा तकिया निवासी संबारी का पुत्र संकित कुमार (11) निघासन स्थित जिला पंचायत इंटर कालेज का कक्षा 6 का छात्र है। शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ घास लेने गया था। तभी पड़ोस के ताल में घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने संकित पर हमला कर दिया और उसका बाया हाथ मुंह में दबाकर गहरे पानी में ले जाने की कोशिश की। यह देख उसकी मां ने शोर मचाया। मौके पर पहुंचकर लोगों छात्र को बचा लिया।

## हमलावरों ने घर में घुसकर युवक को पीटा, बाइक तोड़ी

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सुभाष नगर में घर में घुसे आठ से अधिक हमलावरों ने एक युवक की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। घर के बाहर खड़ी बाइक भी तोड़ डाली। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आठ लोगों के नामजद बलवा मारपीट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला सुभाष नगर निवासी विजय कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 10 बजे वह अपने भाई भानु प्रताप के साथ घर के अंदर कमरे में बैठे थे। उसी बीच मोहल्ले के ही अमन कश्यप, दीपक कश्यप, अमित कश्यप, रामस्वरूप अपने साथी साहिल, राजा, रामपाल, विश्नू आदि के साथ लाठी डंडा लेकर घर के अंदर घुस आए और उसे व उसके भाई भानु प्रताप की पिटाई करने लगे।

# किसानों ने दिया शपथ पत्र, बोले-जमीन ली तो करेंगे आत्मदाह

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


अधिकारियों को शपथ पत्र देते किसान। अमृत विचार

▸▸ आवास विकास परिषद के अफसरों और किसानों के बीच हुई नोकझोंक

▸▸ राजापुर में भूमि अधिग्रहण का मामला

**अमृत विचार:** आवास विकास परिषद द्वारा 317 एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ जमीन अधिग्रहण करने के विरोध में गुरुवार को भी शहर से सटे गांव राजापुर के सैकड़ों किसान डीएम दफ्तर पर पहुंचे और वहां मौजूद आवास विकास परषिद के अधिकारियों को जमीन देने से साफ मना कर दिया। साथ ही आयुक्त आवास विकास को संबोधित एक शपथ पत्र भी दिया, जिसमें आवास विकास परिषद को किसी कीमत पर जमीन न देने और जबरन जमीन लेने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी गई है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लखनऊ से आवास विकास परिषद के अधिकारियों की टीम लखीमपुर पहुंची। कलेक्ट्रेट सभागार में परिषद के अधिकारियों ने किसानों की भूमि अधिग्रहण के संबंध में आपत्तियां सुनीं। किसान जमीन न देने की अपनी बात पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि जमीन चली जाने से उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। वह दाने-दाने को मोहताज होकर सड़कों पर आ डाएंगे। किसानों ने शपथ पत्रों पर अपनी आपत्ति आवास विकास परिषद के अधिकारियों को दी है, जिसमें सभी किसानों ने कहा है कि वह किसी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे। अगर जबरन उनकी जमीन ली जाती है तो वह आत्मदाह कर लेंगे। बता दें कि आवास विकास परिषद के अधिग्रहण की मनमानी कार्रवाई का राजापुर के किसान शुरुआती दौर से विरोध करते चले आ रहे हैं, इसके बाद भी अभिलेखों में जमीन आवास विकास परिषद के नाम दर्ज हो गई। इससे किसान भड़क गए और शुक्रवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट में डीएम दफ्तर के बाहर जमा हो गए। सुबह करीब 11 बजे आवास विकास परिषद की टीम उप आयुक्त हिमांशु गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एके मित्तल और अधिशासी अभियंता उमानाथ शुक्ल की अगुवाई में लखीमपुर पहुंची। परिषद के अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ अनिल सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार और तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह की मौजूदगी में किसानों की बात सुनी। इसमें किसानों ने जमीन देने पर असहमति जताई। काफी देर तक परिषद के अधिकारी किसानों को समझाते रहे। इस बीच अफसरों और किसानों के बीच कई बार नोकझोक भी हुई। किसानों से अधिग्रहण को लेकर उनकी व्यक्तिगत आपत्तियां टीम ने शपथ पत्र पर लीं। कुल 286 आपत्तियां आवास विकास परिषद की टीम ने प्राप्त की हैं। परिषद के अधिकारियों ने फिलहाल आश्वासन दिया है कि वह किसानों की आपत्तियों को बोर्ड बैठक में रखेंगे।

# दुर्गा गौढ़ी जंगल के पास मृत मिला नर तेंदुआ

संवाददाता, धौरहरा

▸▸ पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा प्रिजर्व

▸▸ बहराइच की सुजौली सीमा पर धौरहरा वन रेंज में मिला मृत तेंदुआ

**अमृत विचार:** दुधवा बफर जोन वन रेंज धौरहरा और वन रेंज सुजौली बहराइच की सीमा पर एक पांच माह का नर तेंदुआ मृत पाया गया। सूचना पर वन टीम मौके पर पहुंची और तेंदुआ के शव को धौरहरा लाई जहां डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम कर शव को जला दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा प्रिजर्व किया गया है।

धौरहरा वन रेंज के दुर्गा गौढी गांव के पास सुजौली वन रेंज जनपद बहराइच सीमा पर एक नर तेंदुआ मृत देखा गया। धौरहरा वन रेंज के अलावा डीएफओ खीरी शौरीष सहाय को वन कर्मियों ने सूचना दी। सूचना पर क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी, एसडीओ मनोज तिवारी एवं कर्तनिया के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। जहां से तेंदुए के शव को वन रेंज आफिस धौरहरा लाया गया। जहां डॉ. दीपक कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा अवधेश वर्मा एवं डबल्यू डबल्यू एफ के वरिष्ठ अधिकारी दलबीर हसन एनटीए प्रतिनिधि रोहित की मौजूदगी में डॉक्टरों के पैनल ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया। एसडीओ मनोज तिवारी के मुताबिक तेंदुए की उम्र करीब छह माह है। शरीर पर कहीं चोटों के निशान नहीं मिले। मौत का कारण आंतरिक अंग खराब होना है, बिसरा प्रिजर्व कर जांच के लिए आई वी आर बरेली भेजा गया।

> तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम करते समय हार्ट में खून के धक्के मिले हैं। इससे संभावना है कि हृदयाघात की वजह से उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान शव से विसरा सुरक्षित कर लिया गया है, जिसे परीक्षण के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है। साथ ही तेंदुए के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया है।
>
> -सौरीष सहाय, डीएफओ/उप निदेशक- वफर जोन।

## बाघ के हमले में किसान घायल

**पलिया कलां। अमृत विचार:** गांव लालपुर ढाका फॉर्म निवासी गुरपाल सिंह पुत्र निर्मल सिंह अपने खेत में बोई गई गन्ने आदि की फसल देखने गए थे। जहां छिपे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग घायल किसान को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाघ और तेंदुए के लगातार जारी हमले से लोगों का वन विभाग के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। बाघ के हमले की सूचना पर सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना किसान के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# गंबूजिया मछली लगाएगी मच्छरों पर अंकुश

संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

▸▸ सीएमओ ने एक तालाब में डाली मछलियां, एक मछली चट कर जाती है 300 लार्वा

**अमृत विचार:** मच्छरजिनत बीमारियों की रोंकथाम के लिए शुक्रवार को सीएमओ ने मोहल्ला नौरंगाबाद स्थित तालाब में गंबूजिया मछली डाली, जिससे मच्छरों का लार्वा खत्म हो सके। मलेरिया अधिकारी के मुताबिक एक गंबूजिया मछली रोजाना 300 लार्वा खा जाती है।

बारिश के मौसम में मच्छरजनित बीमारियां जिलेवासियों के लिए मुसीबत बनती है। हर साल मच्छर स्वास्थ्य विभाग के लिए सिरदर्द बनते हैं। मच्छरजनित बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य महकता एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग अभियान चलाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को डेंगू, मलेरिया से लेकर अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना है। इन बीमारियों को लेकर लखीमपुर बेहद संवेदनशील रहा है। इसी के तहत सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने शुक्रवार को नौरंगाबाद के तालाब में गंबूजिया मछली डाली। साथ ही सभी सीएचसी अधीक्षकों को यह मछली क्षेत्र के तालाबों, पोखरों में डालने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि गंबूजिया मछली को मासकीटो फिश भी कहा जाता है। गंबूजिया मछली मच्छरों के लार्वो को नियंत्रित करने के लिए जैविक एजेंट के रूप से इस्तेमाल होती है। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी हरि शंकर, डावा लामा सहित आदि मौजूद रहे।

# शहीद मर्द बाबा की उर्स पर लगा मेला

संवाददाता, मितौली


सालाना उर्स मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व प्रधान दिनेश कुमार।

**अमृत विचार:** कस्बे में राजा लोने सिंह की गढ़ी पर स्थित शहीद मर्द बाबा की मजार पर सालाना उर्स व मेले का शुभारंभ जवाबी कव्वाली के साथ किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व प्रधान मितौली दिनेश कुमार मास्टर ने फीता काटकर उर्स व मेले का शुभारंभ किया।

सालाना उर्स व मेले में सबसे पहले शहीद मर्द बाबा की मजार पर मिलाद शरीफ का कार्यक्रम किया गया। पश्चात जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया। गोण्डा से आए कव्वाल साबीद चिश्ती व मुरादाबाद से आई क़व्वाला सूफ़िया चिश्ती के मध्य जवाबी कव्वाली का मुकाबला हुआ। पूरी रात कव्वालों ने जवाबी कव्वाली पेश करते हुए शमां बांध दिया। रात करीब 11 बजे से सुबह चार बजे तक चली साबीद चिश्ती और सूफिया चिश्ती की जुगलबंदी को सुनने के लिए काफी संख्या में श्रोता पंडाल में मौजूद रहे। साबीद चिश्ती ने कहा कि आदम को जिसने पैदा किया, वही तो बेशक मेरा खुदा है। इसके बाद सूफिया चिश्ती ने 'सबका मालिक एक है ख्वाजा के गुलाम पर हसनैन का साया है' गाया, तो सामने बैठा श्रोताओं का हुजूम झूम उठा। कार्यक्रम में सूफिया चिश्ती ने आशिकाना कव्वाली सुनाते हुए कहा कि "आज मोहल्ले भर में मची एक हलचल है, भेज दो पागल खाने ये आशिक पागल है।" वहीं साबीद चिश्ती ने भी आशिकाना तरीके से क़व्वाली का जवाब दिया। प्यार किए जा, प्यार इबादत जैसी कव्वालियां लोगों के दिलों पर राज करती रहीं। इस दौरान दिनेश मास्टर पूर्व प्रधान मितौली, विश्वनाथ श्रीवास्तव, अमित गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष, इरफान बंजारा, आजाद बंजारा, वारिश बंजारा, इसरार इदरीशी, महबूब बंजारा, इंतजार, निसार, साबिर, सागर, मदन वर्मा, सुरेश राठौर, असलम हासमी, धर्मेश राठौर पूर्व प्रधान सेनपुर, मो. रफी आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव उद्यानपुर निवासी कमलेश कुमार वर्मा गुरुवार की देर रात को खाना खाने के बाद पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर स्थित दुकान पर जा रहे थे। उसी समय गोला की ओर जाने वाली पिकअप ने पीछे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उन्हें सीएचसी फरधान लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सड़क हादसे में चार घायल

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार:** गोला मोहम्मदी रोड पर हुई एक सड़क दुर्घटना में हसीउल्ला(28) पुत्र वलीउल्लाह निवासी ग्राम जादवपुर थाना खुटार जिला शाहजहांपुर और आसिफ खान (27) निवासी ग्राम गनेशपुर थाना हैदराबाद गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव रायपुर घुन्सी निवासी तवरेज (45) और सूरज (17) गंभीर घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां उपचार किया जा रहा है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट : बसरी वॉरियर्स ने जीता फाइनल

संवाददाता, खीरी टाउन



विजेता टीम बसरी वॉरियर्स के कप्तान को ट्राफी देते मुख्य अतिथि।

▸▸ शेखसराय इलेवन व बसरी वॉरियर्स के बीच हुआ फाइनल मुकाबला

**अमृत विचार:** शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल बृहस्पतिवार रात में खेला गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बसरी वॉरियर्स और शेख सराय इलेवन के बीच हुआ। इसमें बसरी वॉरियर ने तीन विकेट जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि सैयद वजीउद्दीन मियां एवं विशिष्ट अतिथि शेखू मिर्जा ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

फ़ाइनल मुकाबले को लेकर शेख सराय इलेवन के कप्तान शालू खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पारी का आगाज़ करने उतरे रसल ने 49 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थित में ले जाकार खड़ा कर दिया। इनके अलावा शाद ने 11, फरहान ने 15 रन की पारी खेलकर 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 115 रन का स्कोर खड़ा किया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी बसरी वॉरियर्स के हरीश और रैना ने बिना रन बनाए ही पवेलियन लौट गए। इससे मैच एक तरफा होने के कयास लगाए जाने लगे। मगर, तुषार ने 12, विक्की ने 19 और सुंदर थापा ने 18 रन बनाए। अमन के 50 रनों की बदौलत टीम ने 10.4 ओवर में 7 विकेट खोकर फाइनल टीम विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच ऑलराउंडर अमन रहे। मैच के अंपायर हाफ़िज़ साहिबे आलम और मुदस्सिर अली रहे। कमेंट्री जैबी व आज़म ने की, स्कोरिंग एमस और नूरुल हसन ने की। टूर्नामेंट आयोजक कमेटी के सदस्य मुराद रज़ा, साहिबे आलम, फैजान, अकरम, अल्तमश, गोलू, आरिफ, शारिफ़, हसनैन, आकिब मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा नाम त्रुटिवश आधारा कार्ड में जुगेश दर्ज हो गया है। जबकि मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में योगेश पुत्र बुधराम के नाम से दर्ज है। मुझे योगेश पुत्र बुधराम के नाम से जाना-पहचाना जाए। **योगेश कुमार पुत्र बुधराम निवासी धवरिया, नकहरा, थाना-नवाबगंज, जनपद- गोण्डा।**

**सूचना**
मेरा कक्षा 10 आईसीएसई बोर्ड वर्ष 2021 इंडेक्स नंबर 1212573/166 तथा कक्षा 12 आईएससी बोर्ड वर्ष 2023 इंडेक्स नंबर 2237810/132 वास्तव में कहीं खो गया है। **वंशादित्य प्रताप सिंह, पुत्र रामेन्द्र प्रताप सिंह, मोहल्ला-नई बस्ती बलरामपुर, जिला- बलरामपुर**

**सूचना**
मैं राम अनुज पुत्र मुनिदेव, नि.- पोस्ट-डीघा, नेहिया खुर्द बुजुर्ग, सन्तकबीरनगर, उ.प्र., मेरे पुत्र हरिप्रसाद यादव आर्मी नं. -4209372पी, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रामानुजा यादव दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम राम अनुज है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम राम अनुज दर्ज किया जाये।

**सूचना**
मैं SUSHILA DEVI पत्नी राम अनुज, नि. - पोस्ट-डीघा, नेहिया खुर्द बुजुर्ग, सन्तकबीरनगर, उ.प्र., मेरे पुत्र हरिप्रसाद यादव आर्मी नं. -4209372पी, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SUSHEELA DEVI दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम SUSHILA DEVI है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा नाम SUSHILA DEVI दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी नं0 214614338 है जिसमें मेरा नाम बड़कन्ने हो गया है। मेरा वास्तविक नाम- अख्तर अली है, एल0आई0सी0 पॉलिसी में मेरा नाम सही अंकित किया जाये। **अख्तर अली पुत्र बदलू निवासी- ग्राम राजपुर, पोस्ट- शंकरपुर झिसनी, जिला सीतापुर, पिनकोड- 261205**

**सूचना**
वास्तव में मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की हाई स्कूल सन 2005 अनुक्रमांक 1692771का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का सन 2007 अनुक्रमांक 054 5175 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कहीं खो गया है। **विपुल मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा कुसुमालय केशव नगर अमेठी।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र आकाश धीमान को उसके खराब व्यवहार/आचरण और परिवार की इच्छा के विरूद्ध जाकर अपना विवाह शिवानी राजपूत पुत्री स्व0 राम मिलन राजपूत से कर लिया है। इस कारण मैंने उसे और उसकी पत्नी शिवानी राजपूत को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उनके द्वारा किसी भी किये गये कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **जगदीश पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी- जरहरा, पो0- रसूलपुर सादात, थाना- इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सख्या- 82020-9-90276-000027 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसुफ (Mohamad Maimoon yusuf) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसूफ फारूकी Mohd Maimoon Yusuf Farooqui) है। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 82020-9-90276-000028 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मुजतबा फारूकी (Mohamad Mujtaba Faruqi) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मुजतबा मुनीब फारूकी Mohd Mujtaba Muneeb Farooqui) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM ANURADHA KUMARI SAH था से बदलकर ANURADHA SAH रख लिया है। अब मुझे ANURADHA SAH के नाम से जाना पहचाना जाये। पुत्री- **BALA SAH** पता- 108 **VILL- MAJURAUHA, MAHINDWARA, SITAMARHI, BIHAR-843117**

**सूचना**
मेरा यू.पी.बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2639405 का अंकपत्र/प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। **मोनी सिंह पुत्री उदय नरायन सिंह ग्राम - खदगौरा दिलावलडीह, थाना - पचपेड़वा, जिला - बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 820209-90276-000026 पर मेरा, पत्नी व पुत्री का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohamad Sadul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal Fatma) है जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal fatima) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ, हरदोई।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइन्ट वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कारपो0 लि0 शाखा फैजाबाद ब्रांच आफिस साकेत काम्पलेक्स 2nd फ्लोर देवकाली बाईपास अयोध्या की तरफ से सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमलता पत्नी स्व0 श्री हरीश चन्द्र सिंह निवासिनी म0नं0-465 शिव नगर कालोनी पहाड़गंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0-224001 की है, जोकि अपने उप नाम चम्पा देवी के नाम से भी जानी जाती है, जिनके विक्रय विलेख में प्रेमलता सिंह दर्ज हो गया है एंव पेंशन संबंधित अभिलेख में दोनों नाम (प्रेमलता सिंह उर्फ चम्पा) अंकित एवं आधार कार्ड, और पैन कार्ड में चम्पा देवी अंकित है, उक्त व्यक्ति वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स से ऋण लेने हेतु अपनी सम्पत्ति को बंधक रखने के लिए आवेदन किया है, यदि किसी व्यक्ति/बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति (म0नं0-465 शिव नगर कालोनी पहाडगंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0-224001) को बंधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर आपत्ति अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कर दें, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी भी प्रकार के उपरोक्त संस्था को बन्धक रखने में कोई आपत्ति नहीं है। यह कि उक्त धारा 1 में वर्णित कथन के प्रकाशन के उपरान्त यदि कोई वाद विवाद होता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी शपथी की होगी।
सचिन शंकर एडवोकेट
शेड नं0 3 सिविल कोर्ट, फैजाबाद, मो0: 8299765176

# नियम-कायदों को दरकिनार कर चल रहें अवैध स्विमिंग पूल और जिम सेंटर

## जिम्मेदार विभाग और राजस्व एवं वित्त विभाग के अधिकारियों को नहीं हैं जानकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक मानकों को दरकिनार कर जिले में स्वींमिंग पूल व जिम सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इनका न तो खेल विभाग से पंजीकरण है और न ही जिले में प्रशासन से कोई अनुमति, मानको को दरकिनार रखकर खुलेआम लोगो के जीवन से खिलवाड़ कर रहें हैं। दोनों ही जगहों पर कहीं भी प्रशिक्षित ट्रेनर नहीं है।

भीषण उमस भरी गर्मी के मौसम में जिले में अवैध रूप से संचालित स्वींमिंग पूल का संचालन हो रहा है। यही नहीं यहां नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। जिले में करीब 8 से 10 स्वींमिंग पूल बिना परमिशन के आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं लेकिन किसी के पास भी न तो संचालन की अनुमति है और न किसी के पास प्रशिक्षित तैराक ही हैं। अधिकांश स्वीमिंग पूलों पर फिल्ट्रेशन की सुविधा भी मौजूद नहीं है। साथ ही चिलचिलाती गर्मी में लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा हैं। ऐसे में स्वीमिंग पूलों के संचालक रोजाना बड़ी तादाद में पानी की बर्वादी होती हैं। यहीं स्थिति जिले में चल रहे जिम की भी है। संचालन से पहले जिमों को नियमानुसार सभी मानक पूरे करते हुए। पंजीकरण कराना होता हैं। लेकिन जिले में किसी भी जिम संचालक द्वारा पंजीकरण नहीं कराया गया हैं।

### बोली जिम्मेदार

खेल विभाग में एक भी स्विमिंग पूल का पंजीकरण नहीं हैं। जिले में जो भी चल रहे हैं, हमें जानकारी नहीं हैं। जल्द ही जानकारी कर बिना पंजीकरण के चल रहे स्विमिंग पूलों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

–कल्पना कमल, जिला क्रीड़ा अधिकारी

### शुरू करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र हैं जरूरी

स्विमिंग पूल का शुरू करने के लिए अग्निशमन विभाग से भी एनओसी लेनी पड़ती है। इसके बाद खेल विभाग में निर्धारित शुल्क जमाकर पंजीकरण कराना पड़ता है। फिर विभाग के अधिकारी मानकों की जांच के बाद स्विमिंग पूल शुरू करने की अनुमति देते हैं।

#### स्विमिंग पूल चलाने के नियम

- स्विमिंग पूल चलाने के लिए प्रशिक्षित स्विमिंग कोच होना चाहिए।
- स्विमिंग पूल में फिल्टर प्लांट होना चाहिए। जो रोज 4 घँटे चलाया जाएंगे।
- स्विमिंग पूल में दो ऑक्सीजन सिलेंडर, दो कृत्रिम सांस लेने के लिए यंत्र होने चाहिए।
- स्विमिंग पूल में आपातकाल स्थित के लिए दो लाइफ जैकेट का होना जरूरी हैं।
- खेल निर्देशालय से स्विमिंग पूल का संचालन शुरू करने से पहले अनुमति लेनी जरूरी हैं।

#### जिम सेंटर चलाने के नियम

- जिम में प्रशिक्षित पुरुष व महिला ट्रेनर हो।
- पुरुषों और महिलाओं के वर्क आउट का समय अलग अलग हो।
- जिम सेंटर में महिला और पुरुष के लिए अलग अलग चेंज रूम बने हो।
- जिम सेंटर में प्रतिबंधित दवाओं का प्रयोग न हो।



तिलक करते नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के अध्यक्ष विमल द्विवेदी। अमृत विचार

# अमरनाथ यात्रियों को रवाना करते समय लगाया तिलक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बिछिया ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांवों के करीब आधा सैकड़ा बाबा बर्फानी के दर्शन-पूजन के लिए रेलवे स्टेशन से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने स्टेशन पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं का रोली-चंदन लगा तिलक किया। साथ ही अंगवस्त्र ओढ़ाकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

ब्लाक क्षेत्र के मंगतखेड़ा, मझखोरिया, बैगांव व चेतरा सहित अन्य कई गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक भक्तजन बीते कुछ वर्षों से अमरनाथ गुफा में बनने वाले प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन पूजन को जाते आ रहे हैं। इसके लिए वह कई माह पहले से ही जम्मू आने-जाने का रेल का टिकट आरक्षित करा लेते हैं। एक साथ यात्रा पर निकलने के लिए संबंधित लोगों ने व्हाट्स एप ग्रुप भी बना रखा है।

### लगाई गई बाबा बर्फानी की जय-जयकार

**औरास, उन्नाव।** अमरनाथ यात्रा को लेकर औरास क्षेत्र के विभिन्न गावों सहित कस्बे के भक्तों का एक जत्था शुक्रवार को दोपहर रवाना बाबा अमरनाथ के दर्शन करने रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों के इस दल में शामिल भक्तगण बाबा बर्फानी भूखे को अन्न प्यासे को पानी आदि व जय-जय बाबा अमरनाथ आदि का जयघोष करते हुए सड़कों पर चलते दिखाई दिए। इन श्रद्धालुओं में नन्हे लाल, अनूप, मनु, मोनू, अजय व खन्ना गुप्ता सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### व्यापारी कल्याण दिवस आज, जनप्रतिनिधियों के नाम गायब



बांटे जा रहे यह आमंत्रण पत्र।

**उन्नाव।** जिला प्रशासन व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के बैनर तले शनिवार को दानवीर भामाशाह की जयंती पर निराला प्रेक्षागृह में सुबह साढ़े दस बजे से व्यापारी कल्याण दिवस आयोजित होगा। आमंत्रण पत्र में लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए सांसद डा. साक्षी महाराज सहित किसी अन्य जनप्रतिनिधि का उल्लेख तक नहीं किया गया है। हालांकि डीएम गौरांग राठी सहित सीडीओ प्रेम प्रकाश के नाम का उल्लेख है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राजनीति से सरोकार रखने वालों सहित आम लोग भी अफसरशाही को दोषी ठहराते रहे हैं। हालांकि जिले में सतारूढ़ दल जीतने का सिलसिला बरकरार रखने में कामयाब रहा है, लेकिन पिछले चुनाव में तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से मिलने वाली जीत इस बार 50 हजार मतों को अंतर नहीं बन सकी। आमतौर पर ऐसे आयोजनों में जिले के प्रभारी मंत्री को मुख्य अतिथि बनाया जाता रहा है। साथ ही आमंत्रण पत्रों पर सांसद सहित सभी छह विधायकों के नाम भी शामिल रहते थे, लेकिन व्यापारी कल्याण दिवस के लिए तैयार कराए गए आमंत्रण पत्र पर जनप्रतिनिधियों को स्थान नहीं मिल सका है। हालांकि इस संबंध में बातचीत के लिए फोन मिलाने पर डीएम के स्टेनो कुलदीप कटियार ने बताया कि जनप्रतिनिधयों को बुलाया गया है और वह शामिल होने पहुंचेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों को उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिए जाने की बात भी स्टेनो ने स्वीकार की। इस संबंध में बातचीत करने के लिए फोन मिलाए जाने पर सांसद डा. साक्षी महाराज से संपर्क नहीं हो सका।

### शहर से अयोध्या के लिए चलेंगी दो रोडवेज बसें

**उन्नाव।** अब अपने शहर से अयोध्या धाम जाने वाले श्री राम भक्तों के लिए बस का संचालन दो जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा। श्रद्धालुओं को श्रीराम के दर्शन को जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना होगा। उन्हें सीधी अयोध्या के लिए बस मिल जाएगी। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बीते दिनों परिवहन निगम से उन्नाव से सीधे अयोध्या के लिए रोडवेज बस संचालन की मांग की थी। इस पर परिवहन विभाग ने स्वीकृति दे दी है। अब उन्नाव बस स्टेशन से अयोध्या के लिए सीधे बस मिलेगी। बस स्टेशन प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 334 किराया देना होगा। बस सुबह 8 बजे से उन्नाव बस स्टॉप से अयोध्या के लिए रवाना होगी। 2 जुलाई से बस का संचालन शुरू दिया जाएगा।

### एक्सप्रेस वे पर बेहोशी की हालत में मिला युवक

**बांगरमऊ उन्नाव।** यूपीडा रेस्क्यू टीम को कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। यूपीडा कर्मियों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया है। युवक की जेब से मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर यूपीडा रेस्क्यू टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम को पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट एक 25 वर्षीय युवक को बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। यूपीडा कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया। जेब से मिले मोबाइल के जानकारी मिली कि। जिला गोंडा के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के परादपुर गांव के निवासी राकेश तिवारी पुत्र राम प्रसाद तिवारी निवासी हैं। मामले की सूचना उसके परिजनों को दी गई हैं। युवक का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

### साथ रहने को राजी हुए दंपत्ति

**औरास, उन्नाव।** औरास थाना प्रभारी रेखा सिंह व महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी अंजली शर्मा के संयुक्त प्रयास से कुछ आपसी कहासुनी मतभेद के कारण पत्नी ने परिवारी जनों पर गाली गलौज का आरोप लगा थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काउंसलिंग कराई। जिसमे आपसी सहमति से दोनो पति पत्नी साथ रहने को राजी हो गए।

### पति से विवाद के बाद जहर खाकर दी जान

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ककरौरा गांव निवासी राधेश्याम की 50 वर्षीय पत्नी अनीता का उससे कहासुनी हो गयी। जिसके बाद अनीता कमरे में गयी और कीटनाशक पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुँचे। जहां हालात गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसे कानपुर रेफर किया गया। जहां देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से बेटे सुमित, अमित, शिवम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उधर मौत की जानकारी सदर कोतवाली के छोटा चौराहा निवासी मायके पक्ष को हुई तो उन्होंने हत्या का संदेह जताया है।

### बिजली की अघोषित कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन विद्युत उपकेन्द्र के नवई फीडर की विद्युत आपूर्ति रोजाना शाम होते ही गुल हो जाती है। जिससे एक दर्जन गांवों में रहने वाले लोग परेशान हो रहे थे। शुक्रवार को ग्रामीण सब स्टेशन पहुंचे और अवर अभियंता को कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा। सब स्टेशन के नवई फीडर में आने वाले गांव जैतीपुर, सिकन्दरपुर, टिकवामऊ, रामपुर, सेमरा, गाजीगंज, सरांय इन्दल, कोरारा, लखनापुर, भटपुरा, बाराबुजुर्ग, नवई, गौरी सलोनेपुर, पहाड़पुर, जमालगढ़ी, भौली, जंसार साधीरा आदि गांवो को विद्युत आपूर्ति होती है। जहां शाम के समय इन गांवों की आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जिससे उमस और गर्मी में ग्रामीण बेहाल हो रहे हैं। जिसे देखते हुये शुक्रवार को ग्रामीण उपकेन्द्र पंहुचे और इसकी शिकाएत की। इसके साथ ही तार बदलने के साथ ट्रांसफार्मर बदलने की मांग करते हुये अवर अभियन्ता आशुतोष त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। जिस पर उन्होंने जल्द समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

### नवनिर्मित बारातशाला का विधायक ने किया लोकार्पण

**उन्नाव।** भगवंतनगर क्षेत्र के विधायक आशुतोष शुक्ल ने शहर से लगी आटा ग्राम पंचायत में बनकर तैयार बारातशाला का उद्घाटन किया। विधायक ने इस दौरान प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए ग्रामीणों से बनकर तैयार हुए भवनों के देखरेख की सलाह भी दी। भगवंतनगर विधायक ने शहर व शुक्लागंज की निकटवर्ती आटा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित बारातशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सलाह पर ही इस भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे बेटियों की बारात लेकर आने वालों को सुविधाजनक ढंग से ठहराया जा सके। अब बारिश के दौरान होने वाली शादियों में बारिश से किसी बेटी व्याहने वाले का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने सामुदायिक बारातशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि सभी को मिलकर इसको क्षतिग्रस्त होने से बचाए रखते हुए उपयोग करना होगा, जिससे अधिक समय तक सभी को सुविधा प्राप्त होती रहे।

# बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहे बंगाल के दंपति

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



जानकारी देते बंगाल के दंपति।

**अमृत विचार।** इंडियन ऑयल कम्पनी में कार्यरत एक जूनियर इंजीनियर दो माह पहले अपने घर जाने के लिए निकला था। जिसके बाद वह लापता हो गया। जहां उसका मोबाइल शुक्लागंज के दो युवकों के पास मिला। जिस पर पश्चिम बंगाल के दंपति गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

पश्चिम बंगाल के जिला मालदा के थाना मनिकवच क्षेत्र के धर्मपुर निवासी साधन चन्द्र झा ने अपनी पत्नी के साथ शुक्लागंज पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुये बताया कि उसका बेटा इंदनिल झा पानीपत में इंडियन ऑयल कम्पनी में जूनियर इंजीनियर है। 20 अप्रैल को वह घर जाने के लिये ट्रेन में बैठा था। जिसके बाद वह किसी तरह रास्ता भटक गया और शुक्लागंज पहुंच गया। जिस पर शुक्लागंज के प्रेमनगर निवासी एक युवक के ई रिक्शा में बैठकर कानपुर जा रहा था, उसका आरोप है के बेटे को ई रिक्शा चालक ने मारा पीटा। जहां मोबाइल छीन लिया। उसके खाते से 4000 रुपये भी निकाले गये। पता करने पर वह प्रेम नगर में रहने वाली एक महिला के खाते में गए।

# पालिका ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ चलाया अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को पालिका की ओर से राजधानी मार्ग पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान चलाया। जहां कई दुकानों में अभियान के दौरान प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद हुई। जिस पर उन्होंने दुकानदारों से जुर्माना वसूला है।

ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका कर्मी दो दिनों से प्रतिबंधित पॉलिथीन के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान के दौरान कई दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त किया गया। इसके साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूला गया। पालिका कर्मी राजेश गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को 4 दुकानदारों से 500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

# प्रा.वि. देवारा प्रथम के नए भवन का लोकर्पण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



भवन का लोकार्पण करते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के देवारा कलां स्थित परिषदीय विद्यालय का जीर्णाद्धार कराया गया था। जिसका शुक्रवार को सदर विधायक ने लोकार्पण किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद बच्चों को उपहार बांटे गये।

गंगाघाट के देवारा कलां प्रथम प्राथमिक विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार सिकंदरपुर सरोसी विकास खंड ब्लाक की ओर से कराया गया था। भवन बनने पर शुक्रवार को शिक्षा विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने नये भवन का लोकार्पण किया। सदर विधायक ने कहा कि मौजूदा सरकार का शिक्षा मुहैया कराने पर खास जोर है। इसके लिए जहां विद्यालयों के क्षतिग्रस्त भवन का रखरखाव कराया जा रहा है। वहीं जर्जर भवनों का पुर्निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब गांव के नौनिहाल इस नए भवन में बैठकर अधिक सुविधापूर्ण ढंग से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। सरकार बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के साथ एमडीएम के माध्यम से पौष्टिक भोजना भी उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मधुलिका बाजपेयी, खंड विकास अधिकारी फहद खान, जिला समंवयक निर्माण हर्षपाल, जिला समंवयक बालिका शिक्षा चंद्रेश्वर मिश्र, ग्राम प्रधान ननकऊ साहू, शिक्षा मित्र आनंद यादव के आलावा मनीष त्रिवेदी, प्रमोद, बृजेश रावत, दीपक, छोटेलाल, प्रधान शिक्षिका नीरज तिवारी मौजूद रहे।

# टीका कर बच्चों का किया स्वागत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



उपहार पाकर खुशी मनाते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रीष्मावकाश के बाद शुक्रवार को पहले दिन सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालय खुले। जहां मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के माथे पर टीका लगाकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद बच्चों को पढ़ाया गया। वहीं कुछ विद्यालयों में बच्चों को उपहार दिया गया।

शासन के निर्देश पर शुक्रवार को परिषदीय विद्यालय खुले। पहले दिन स्कूल खुलने पर सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने झालर और पन्नी से सजाया। सरोसी ब्लॉक के सरैयां प्राथमिक विद्यालय में सुबह जैसे ही स्कूल खुला। बच्चे स्कूल पहुंचे। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पहले ही तैयारी कर रखी थी। सभी बच्चों को रोचना कर स्कूल में आने का स्वागत किया गया। जिसके बाद बच्चे कक्ष में पहुंचे। जहां शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें पढ़ाया।

### छात्र-छात्राओं को उपहार भी दिए गए

**पुरवा, उन्नाव।** ग्रीष्मावकाश के शुक्रवार को विद्यालय खुले। जहां निपुण विद्यालय के लिये प्राथमिक विद्यालय मदा खेड़ा हिलौली के शिक्षकों ने जन संपर्क किया गया। इसके साथ ही स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं को टीका लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान एआरपी सुरुचि श्रीवास्तव ने विद्यालयों में जाकर शिक्षकों के साथ जन संपर्क किया। वहीं स्कूल पहुंचे छात्र छात्राओं को उपहार दिये गये। जहां उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सहायक शिक्षक अमित पटेल, अजय मिश्रा मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कपड़ों में प्रेस करते समय एक युवक अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारनगर निवासी राकेश दिवाकर पुत्र रौनक दिवाकर (19) वर्षीय गांव में ही लांड्री की दुकान चलाता है। बुधवार को वह कपड़ों में प्रेस कर रहा था। तभी अचानक वह इलेक्ट्रिक प्रेस से करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन उसे निजी वाहन से बांगरमऊ के सीएचसी अस्पताल ले गए।



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते शुक्लागंज के पत्रकार। अमृत विचार

# पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि 50 लाख मुआवजे की मांग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के निजी चौनल के पत्रकार शिवशंकर झा की बीते मंगलवार को चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। जिसे देखते हुये शुक्रवार को शुक्लागंज के पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकालकर मुजफ्फरपुर के मृतक पत्रकार को आनंद घाट पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र भेजकर मांग किया कि मृतक पत्रकार शिवशंकर झा के आश्रित को 50 लाख रुपए का सहयोग धनराशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। उमेश त्रिवेदी, हरिओम गुप्ता, शोभित सिंह, गोलू यादव, नितिन वर्मा, सिद्दीकी अहमद, शिवम, मुकेश, दानिश, राजेश आदि रहे।

**किया हंगामा** | बारिश के दिनों में तो कृष्णा नगर में जलभराव होने से क्षेत्र के लोगों का घर से निकलना तक हो जाता है मुश्किल

# जलभराव से परेशान लोगों ने जिलाधिकारी तक लगाई गुहार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



कृष्णा नगर गली में भरा गंदा पानी। अमृत विचार



पालिका में हंगामा काटते कृष्णा नगर के लोग।। अमृत विचार



जलभराव में गिरकर टूटा सोनू का पैर।

**अमृत विचार।** पालिका के वार्ड 11 कृष्णा नगर मोहल्ले में सालों से जलनिकासी का समस्या बनी हुई है। जिस कारण बिना बारिश के भी कृष्णा नगर में हमेशा जलभराव बना रहता है। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से लेकर शासन-प्रशासन से जल निकासी से निजात दिलाने की मांग की है, इसके बावजूद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस पर शुक्रवार को क्षेत्रीय लोग पालिका पहुंचे और जमकर हंगामा काटते हुये नारेबाजी की। वहीं पालिका का दावा है कि गली ऊंची करके जल्द बनवाई जायेगी।

फोरलेन का नाला ऊंचा बना होने के कारण कंचन नगर, आदर्श नगर, कृष्णा नगर, सर्वोदय नगर आदि मोहल्लों का पानी नाले में नहीं पहुंच पाता है। जिस कारण इन क्षेत्रों में हमेशा जलभराव बना रहता है। सबसे अधिक जलभराव कृष्णा नगर में रहता है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर जिलाधिकारी, शासन प्रशासन से नाला बनवाने की मांग करने के साथ ही जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इसके बावजूद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे गुस्साएं कृष्णा नगर के महावीर, मनोज, किरण, जयदेवी, शिवानी, रामरती, माया, विमला, ज्योति, वीरेन्द्र कश्यप, हरी, राजकुमार, संजय, दीपू सिंह, अरूण सिंह, पुत्तीलाल वर्मा के अलावा दर्जनों लोग शुक्रवार सुबह नगर पालिका शिकायत करने पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष और ईओ मौजूद न होने पर हंगामा काटते हुये नारेबाजी की।

### जलभराव में गिरकर युवक का टूटा पैर

कृष्णा नगर गली में हमेशा जलभराव होने के कारण कई लोग गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। गली में रहने वाले सोनू राजपूत ने बताया कि पानी भरा होने के कारण उनका पैर फिसल गया। जिससे पर गिर गये और उनका एक पैर टूट गया है।

### बोले सभासद

सभासद अखिलेश निषाद ने बताया कि गली का टेंडर को गया है। जल्द ही गली का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा। जिससे जल निकासी हो सके।

### बोले जिम्मेदार

कृष्णा नगर की इस गली का टेंडर हो गया है। दो सप्ताह का भीतर काम शुरू हो जायेगा। जल्द जल निकासी से निजात मिलेगी।

–कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

# कई ट्रांसफार्मर खराब होने से घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता बिजलीकर्मी।

**अमृत विचार।** गुरुवार रात राधे नगर मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर दोबारा फुंकने के कारण कई घरों की बिजली पंद्रह घंटे तक गुल रही। बिजली न आने से लोग खासे परेशान रहे। वहीं मिश्रा कालोनी, अहमद नगर में भी ट्रांसफार्मर की खामीं से सुबह से शाम तक बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

नगर के राधे नगर में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर गुरुवार को फुंक गया था। जिसे विभाग ने बदला और क्षेत्र की आपूर्ति चालू की, कुछ देर आपूर्ति होने के बाद दोबारा ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने जांच की। जहां ट्रांसफार्मर फुंका होने पर शुक्रवार देर शाम लगभग 7 बजे नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। करीब पन्द्रह घंटे से अधिक समय तक आधा सैकड़ा घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोग परेशान हो गये। इसी तरह मिश्रा कालोनी और अमहद नगर में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का लक कटने से दिन करीब 11 बजे से शाम 5 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। वहीं सुभाष नगर, नेहरू नगर, सर्वोदय नगर में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से एक फेस गुल रहा।

साक्षात्कार में सफल हुए युवाओं को चयन करने वाली कंपनियों की ओर से मौके पर ही उपलब्ध कराए गए ऑफर लेटर

# आईसेक्ट के रोजगार मेले में 168 युवाओं को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर स्थित अटल बिहारी इंटर कॉलेज में आईसेक्ट संस्था द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 300 से अधिक शिक्षित बेरोजागारों ने पंजीकरण कराते हुए प्रतिभाग किया। इस दौरान आयोजकों ने उन्हें शैक्षिक योग्यता के आधार पर अलग-अलग कक्षों में साक्षात्कार देने के लिए टोकन जारी किया। शाम तक चले मेला में 310 अभ्यर्थियों में विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद करीब 168 युवाओं को चयनित घोषित कर ऑफर लेटर दिया। संयोजक सुरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि डीआईओएस एसपी सिंह से दीप प्रज्ज्वलित करा मेले को शुरू कराया।



सभागार में बैठे मेले के लिए पंजीकृत युवा। अमृत विचार




रोजगार मेला में संबोधित करते डीआईओएस एसपी सिंह। अमृत विचार

मुख्य अतिथि डीआईओएस ने इस मौके पर कहा कि सभी का सरकारी सेवा में समायोजना होना मुश्किल है, लेकिन इस वैश्विक दौर में निजी क्षेत्र में भी काफी बेहतर संभवनाएं रहती हैं। इसलिए सभी शिक्षितों को ऐसे मेलों में शामिल होकर करियर की शुरुआत करते हुए आगे बुलंदियों पर पहुंचने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत के साथ व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण करने के प्रति भावी पीढ़ी को जागरूक होना चाहिए। केंद्र व प्रदेश सरकार व्यवसायिक शिक्षा मुहैया कराने के लिए लगातार अवसरों में वृद्धि कर रही है। व्यवसायिक शिक्षा वास्तव में बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेगी। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव ने डीआईओएस का स्वागत करते हुए रोजगार मेला का महत्व बताया। मेला के संयोजक आईसेक्ट के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि संस्था एनएसडीसी के सहभागी के रूप में अगले 10 वर्षां में करीब 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण व रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करना चाहती है।

उन्होंने मेला में प्रतिभाग करने वाली फ्लिपकार्ट, वर्धमान, डीबीजी टेक्नोलोजी, शिवशक्ति, पुखराज प्योर हर्बल व स्कोप लाइफ आदि कंपनियों व उनके प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। आईसेक्ट के प्लेसमेंट समन्वयक अजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित इस रोजगार मेला में 304 शिक्षित बेरोजगारों ने अपना पंजीकरण काया, जिसमें 168 का चयन कर कंपनियों ने मौके पर ही आफर लेटर उपलब्ध करा दिया है। सभी चयनितों को कंपनी के हेड आफिस पहुंचने पर नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह भदौरिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक नेता दिनेश गुप्ता, डा. बृजेश कुमार मौर्य, शील चतुर्वेदी, विश्वजीत शुक्ला, राहुल श्रीवास्तव, जय सिंह व सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन विक्रम सिंह ने किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में बाइक चालक घायल

**अमृत विचार।** खेत में खड़ी सब्जी की फसल की रखवाली कर लौट रहे किसान की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। खबर पाकर परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया है। वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक्सप्रेस वे पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक चालक घायल हो गया।

बारा सगवर थाना क्षेत्र के कुंभी निवासी नन्हकू (55) किसानी कर अपने परिवार की जीविका चलाता था। उसने अपने खेत में सब्जी की फसल बोई थी। गुरुवार रात 11 बजे खेतों से सब्जी की फसल की रखवाली कर घर वापस लौट रहा था। तभी थाना क्षेत्र पाटन-धानी खेड़ा मार्ग पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर गए तो सड़क पर उसका शव पड़ा देख घर वालों को इसकी जानकारी दी।

वहीं बांगरमऊ में बिहार प्रांत के थाना मदमंजा अंतर्गत ग्राम परशुरामपुर निवासी लक्ष्मण कुमार शर्मा दिल्ली से बाइक से अपने घर बिहार लौट रहा था। तभी शुक्रवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर गांव के निकट बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

# घरेलू झगड़ों से ऊब कर 3 युवकों ने फांसी के फंदे को गले लगाया

सोहरामऊ, सफीपुर, फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में हुई घटनाएं, पुलिस ने मौके पर की जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हीराखेड़ा गांव निवासी युवक ने शराब पीने को लेकर पत्नी से हुई कहासुनी के बाद घर के बाहर पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में भी निर्माणाधीन पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में मजदूरी कर रहे युवक ने पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

**सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के हीराखेडा गांव निवासी सूरज (32) पुत्र

केस 01



सूरज।

स्व. नन्हे लाल राजस्थान में मजदूरी करता था। वह शराब का लती था और अपनी सारी कमाई इसी में उड़ा देता था। दो दिन पहले लौटा था और पत्नी गुड़िया को ससुराल से लेने अजगैन कोतवाली क्षेत्र बांकी भौली चला गया। गुरुवार को वह पत्नी और बच्चों को लेकर लौट आया। उसने शराब के लिए पत्नी से रुपए मांगे। इस पर दोनों में कहासुनी हुई। वह पत्नी से जबरदस्ती रुपए लेकर चला गया।

शुक्रवार सुबह मां खेतों की ओर जा रही तभी घर से करीब 200 मीटर दूर बाग में चिलवल के पेड़ में चुनरी के फंदे से बेटे का शव लटका देख वह अचेत हो गई। चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। उसके दो बेटियों अनुराधा (6) व प्रियांशी (4) है। वह तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से पत्नी गुड़िया बदहवास है। चार महीने पहले पति की मौत के बाद बड़े की भी मौत होने से मां कमला सहित छोटे भाई रवि व बसंत बेहाल है। एसओ कमल दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कर्रवाई की जाएगी।



रोते बिलखते सूरज के परिजन। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी।** थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह फोरमैन विजय चौधरी ने बताया कि पीटीसी की तारो की बाउंड्री के

केस 02

पास यूकेलिप्टस के पेड़ में संदिग्ध एक युवक का शव लटका है। शव मजदूर कुशीनगर जिला के किशुन पुरिया थानांतर्गत ग्राम पंचायत बांसगांव खलवा निवासी धनेश (32) का था। राजीवपुरम स्थित शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में निर्माणाधीन नवीन भवन में शटरिंग लगवाने का काम करा रहे जौनपुर के पालामऊ खुर्द गांव निवासी शनिकांत पाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पीटीसी में निर्माणाधीन भवन में शटरिंग लगाने का ठेका लिया है। इस कार्य में के लिए कई मजदूर लगे है। धनेश भी वहां काम कर रहा था। ठेकेदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है।



धनेश।

- फतेहपुर चौरासी में मजदूरी करने आए युवक ने की खुदकशी

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी राजकिशोर (35) शराब पीने का लती था।

केस 03

गुरुवार शाम वह अत्यधिक नशे में घर लौटा। इस पर पत्नी संगीता ने इसका विरोध किया। इसको लेकर रात दो बजे तक उनमें कहासुनी होती रही। इसके बाद पत्नी सोने चली गई। तभी राजकिशोर छत से सटे पेड़ में गमछे का फंदा बना कर लटक गया। सुबह परिजन उसका शव लटका देख बेहाल हो गए। पत्नी ने बताया कि वह मजदूरी करने से जो भी कमाते थे शराब में उड़ा देते थे। उसकी मौत से चार बच्चों शिवा, शिवांशु, दीपांशु व बेटी पीहू के सिर से पिता का साया उठ गया। एसएचओ श्यामनारायण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अमर शहीद हेमराज लोधी का मनाया गया बलिदान दिवस

**नवाबगंज,उन्नाव।** शुक्रवार को अमर शहीद विधायक हेमराज लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। जहां समाज के लोगों ने उनके स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुये उन्हें याद किया और उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

हड़हा क्षेत्र से विधायक रहे हेमराज लोधी की 28 जून वर्ष 1989 को उन्नाव बस स्टॉप पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिनका स्मारक स्थल नवाबगंज पक्षी विहार के सामने बना हुआ है। उनके स्मारक स्थल पर शुक्रवार को लोधी समाज के सैकड़ो की तादाद में लोगों द्वारा बलिदान दिवस श्रद्धांजलि पूर्वक मनाया गया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लोधी समाज के संगठन पदाधिकारी सूर्यपाल लोधी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमराज लोधी के बलिदान दिवस से हमें प्रेरणा मिलती है। वे 1977 में विधायक चुने गए थे। विधायक बनने के बाद भी कोई शासनिक व्यवस्था की मांग अपने लिए नहीं की। उनके पास कोई भी सुरक्षा गार्ड तक नहीं था। श्रद्धांजलि समारोह में प्रमुख रूप से शिवप्रसाद लोधी, दिनेश लोधी, कुलदीप कुमार, रघुवर लोधी, सुनील कुमार, सुनील कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# युवती की गला काट कर हत्या

संवाददाता चकलवंशी उन्नाव

- दूसरे घर में बने शौचालय के पीछे शव पड़ा मिला
- फॉरेंसिक टीम ने जांच कर जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र के अमलोना गांव में एक युवती का शव उसी के दूसरे घर में शौचालय के पास पड़ा मिला। भोर पहर शौच के लिए गए पिता ने उसे रक्त रंजित हालत में देखा तो उनकी चीख निकल गई। परिजन सहित ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। युवती के गले में किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था। हत्या की सूचना पर एएसपी, सीओ सहित फॉरेंसिक टीम पहुंची और जांच कर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने किसी से रंजिश से इंकार किया है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर अज्ञात में व्यक्ति के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं युवती की हत्या से गांव में दहशत का माहौल है।

माखी थानाक्षेत्र के अमलोना गांव निवासी मोहिनी (22) पुत्री सरदार यादव स्नातक तक पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह पुलिस भर्ती परीक्षा भी दे चुकी थी लेकिन सफल नहीं हुई थी। वह अपने खर्च के लिए घर पर गांव के बच्चों को ट्यूशन भी देती थी। गुरुवार रात करीब 11 बजे तक वह परिजनों के साथ रही। उसके बाद सभी ने खाना खाया और अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। रात में मोहिनी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार भोर पहर करीब चार बजे पिता घर के सामने बने अपने दूसरे घर के शौचालय में गए तो वहां बेटी का रक्तरंजित शव देख कर उसके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर परिजनों के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

हत्या की सूचना पर एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सीओ ऋषिकांत शुक्ला और माखी थाने की पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच की। भाई की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति पर बहन की हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पिता के मुताबिक बेटी अपने पास मोबाइल भी नहीं रखती थी वह अपने भाई के मोबाइल से पढ़ाई करती थी। आठ भाई बहनों में वह सबसे छोटी थी। उसके दो भाइयों में अजय और विजय हैं। उसकी चार बहनों की शादी हो चुकी है। पिता को अचलगंज क्षेत्र में रविवार को उसकी शादी के संबंध में बात करने जाना था। बेटी की हत्या से मां जनक दुलारी और अन्य परिजन बेहाल है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि अभी हत्या की स्पष्ट वजह पता नहीं चल पा रही है। हर बिंदु पर जांच चल रही है। जिस मोबाइल से वह पढ़ाई करती थी। उसकी काल डिटेल निकलवाई जा रही है।



घटना स्थल पर मौजूद सीओ ऋषिकांत शुक्ला व पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### कई सुराग मिले, खुलासे के करीब पहुंची पुलिस

युवती की गला रेत कर हुई हत्या के मामले में पुलिस के हाथ कई सुराग लगे है। हत्या में किसी परिचित का हांथ है। इसी लाइन पर पुलिस की जांच चल रही और शीघ्र इसका खुलासा भी हो सकता है। माखी पुलिस के साथ एसओजी की टीम भी लगी।

# हत्या करने वाले दो भाइयों सहित 3 को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सफीपुर कोतवाली में घर बुलाकर अधेड़ की हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत घर से बुलाकर अधेड़ की हत्या के मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराया है। इसमें दो सगे भाई शामिल है। उन्हे आजीवन कारावास के साथ 15-15 हजार रुपए बतौर जुर्माना भी देना होगा।

बता दे सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जसरा गांव निवासी महिला हमीदन ने 14 जून 2015 को गांव में रहने वाले पप्पू उर्फ सुनील पुत्र धनपति, शिवा कश्यप पुत्र सोनेलाल उसके भाई अमित पति मुश्ताक की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि 13 जून 2015 को आरोपी उसके घर आए थे और उसके पति को सड़क पर चलने के लिए बात कह कर अपने साथ ले गए थे। जिन्हें सड़क तक ले गये। उसी रात करीब 10 बजे पप्पू घर लौटकर आया तो उसने पति के विषय में पूछा। जिस पर उसने बताया कि मुश्ताक उसके साथ कैलाश के दरवाजे तक आया लेकिन फिर कहीं चला गया। पति के न लौटने पर उसने तलाश शुरू की तो उसे ग्रामीणों बताया कि शिवा व अमित से मुश्ताक का रात में विवाद हुआ था। अगले दिन मुश्ताक का शव शिव विनोद निवासी सराय अखत्यारपुर के खेत मे पड़ा मिला था। गमछा और चप्पल खलील के खेत में पड़ी थी। पति के शरीर पर चोटों के निशान थे। एसएचओ अरुण कुमार सिंह ने जांच कर आरोपियों के विरुद्ध 25 दिसंबर 2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। शुक्रवार को अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार कुशवाहा की दलीलों और साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने पप्पू उर्फ सुनील, शिवा कश्यप व अमित कुमार को आजीवन कारावास के साथ अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

# श्रमिक की मौत, परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे स्थित ढाबा में काम करने वाले श्रमिक की अचानक हालत बिगड़ गई। ढाबा संचालक ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने मजदूरी के रुपए मांगने मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा।

कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव निवासी राजेन्द्र राजपूत (30) पुत्र स्व. गंगाराम बीते छह वर्षो से कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे स्थित जगदीशपुर गांव के पास एक ढाबे पर काम करता था। वह रात में भी वहीं रुकता था और कभी-कभी घर जाता था। गुरुवार को ढाबे पर उसकी तबियत बिगड़ी। इस पर संचालक उसे सीएचसी ले गये। जहां से डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंचे और ढाबा संचालक पर मारपीट का आरोप लगा हंगामा काटने लगे। भाई सुखवेंद्र ने आरोप लगाया कि राजेंद्र की 3 जुलाई को शादी थी। भाई अपनी मजदूरी मांग रहा था। ढाबा संचालक ने रुपए नही दिये और उससे मारपीट की। हंगामा देख ढाबा संचालक वहां से भाग गया। पोस्टमार्टम में उसकी हार्टअटैक से मौत की बात आई है।

## सार-संक्षेप



स्मार्टफोन के साथ खड़े बच्चे व विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

### स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं ने मनाई खुशी

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने शुक्रवार को अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन छात्र छात्राओं के लिए आनलाइन शिक्षा में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि अब पढ़ाई के तरीके आधुनिक हो गए हैं। कोरोना काल के दौरान छात्रों को इसी स्मार्टफोन से ही ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की गई थी। तब टेबलेट व स्मार्टफोन के अभाव में तमाम छात्र-छात्राएं ऑनलाइन शिक्षा से वंचित रह गए थे। इसीलिए योगी सरकार छात्र छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा नि:शुल्क संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना से गरीबों के बच्चे भी आईएएस और पीसीएस बन सकते हैं। विद्यालय के कुल 729 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक जुल्फिकार अली भुट्टो, पूर्व चेयरमैन गंजमुरादाबाद रामनरेश कुशवाहा, राधेलाल राठौर, प्रमेश चौधरी, अखिलेश सिंह, जयपाल पटेल व महिपाल कटियार सहित छात्र- छात्राएं मौजूद रहीं।

### रास्ते में युवक की मौत, ई-रिक्शा चालक ने घर पहुंचाया शव

**उन्नाव।** बेटी के जन्म की खबर सुनकर लौट रहे युवक की रास्ते में हालत बिगड़ गई। ई-रिक्शा चालक ने उसे घर पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौरावां थानाक्षेत्र के पहाड़पुर खुर्द निवासी श्याम बाबू (36) राजस्थान में ईट भट्ठा में मजदूरी करता था। 12 दिन पहले तीन बेटों के बाद उसकी पत्नी ने बेटी को जन्म दिया था। जिस पर वह गुरुवार को घर लौट रहा था। रायबरेली के गुरबक्शगंज से उतरने के बाद वह घर आने के लिए किसी ई रिक्शा में बैठ गया। चचेरे भाई राजकिशोर ने बताया इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर चालक ने उसकी जेब में मिले आधार कार्ड में दर्ज पते पर उसके घर पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें उसकी हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है।

### वृद्धा की संदिग्ध हालात में मौत, बहू पर जताया शक

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर के मोहल्ला कटरा निवासी वृद्ध विधवा की अचानक हुई मौत पर उसकी छोटी बहू शक जताया। इस पर पुलिस ने शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम कराया। जिसमें बीमारी से मौत होने की बात सामने आई। कोतवाली क्षेत्र के कटरा मोहल्ला निवासी सपा नेता बृजपाल सिंह चौहान की करीब छह माह पहले बीमारी से मौत हुई थी। दो महीने पहले उनके छोटे बेटे विश्वजीत सिंह उर्फ रिंकू की बीमारी से मौत हो गई थी। सूत्र बताते है कि इसके बाद से परिवार में संपति को लेकर खींचतान चल रही थी। गुरुवार को देर रात ब्रजपाल की पत्नी भाग्यवती (75) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छोटी बहू रागिनी इस पर शक जताते कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर सास की मौत को संदिग्ध बताया। पोस्टमार्टम में बीमारी से मौत की बात सामने आई है।

परिषदीय विद्यालय खुले

सजाए गए परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का हुआ स्वागत, पहले दिन आए सभी बच्चों का विद्यालय स्टाफ ने तिलक किया

# एमडीएम में हलुआ, खीर मिलते ही खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सजाए गए परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के बाद पहुंचे बच्चों को स्टाफ ने तिलक लगाकर स्वागत किया। यही मध्यांहन भोजन के तौर पर पहले दिन कहीं हलवा तो कहीं खीर परोसी गई। अधिकांश विद्यालयों में अध्यापन कार्य शुरू कराने से पहले शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आत्मीयता से बच्चों के साथ बातचीत करते हुए ग्रीष्मावकाश के अनुभव भी साझा किए गए।

डीजी स्कूल शिक्षा के निर्देश पर 25 जून से विद्यालय पहुंचकर शिक्षक-शिक्षिकाएं अध्यापन कार्य शुरू करने के अलावा उच्चाधिकारी के आदेश पर अमल किए जाने के लिए साफ-सफाई कराते हुए तैयारियों को परवान चढ़ा रहे थे। शिक्षकों ने शुक्रवार को सुबह जल्दी विद्यालय पहुंच फूल-पत्तियों, गुब्बारों के अलावा रंगोली तैयार करा विद्यालयों की साज-सज्जा को अंतिम रूप दिया। तैयारियों के बीच ही अधिकांश विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शिक्षकों ने तय कार्यक्रम के तहत पहले से सजाकर रखे गए थाल में तैयार रोली से तिलक व अक्षत लगाते बच्चों को स्वागत करते हुए कक्षा कक्ष में भेजना शुरू कर दिया। कुछ विद्यालयों में बच्चों को कक्षा कक्ष में बैठाने के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा क्षेत्रीय बीईओ व जिला समन्वयकों ने रोचना लगाकर स्वागत किया। पहले दिन पहुंचे बच्चों के साथ ज्यादातर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गर्मी की छुट्टियों के विषय पर ही बातचीत की। अधिकांश ग्रामीण बच्चों ने गांव व घरों में ग्रीष्मावकाश बिताने की जानकारी दी, जबकि कुछ शहरी बच्चों ने दादा-दादी या नाना-नानी के यहां कुछ समय बिताने का सुखद अनुभव सुनाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसके साथ ही ग्रीष्मावकाश शुरू होने से पहले दिए गए गृह कार्य को देखते हुए बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को शाबाशी दी। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों से गिनती, पहाड़े व ककहरा आदि भी सुना। साथ ही अधिकारियों के निर्देश पर बच्चों को विद्यालयों की रसोई में तैयार किए गए (एमडीएम) हलुआ या खीर परोसी गई। शिवपुर (पड़री) स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रबंध समिति अध्यक्ष संजय भारती प्रधान शिक्षक संजय कुमार कनौजिया के आमंत्रण पर सुबह ही स्कूल पहुंच गए। उन्होंने संध्या शुक्ला, नीतू कुमारी, होरीलाल, दीक्षा शुक्ला, ललिता देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऊषा व रसोइया शशी, भगवान देई, कमलेश व रमदेई आदि की मौजूदगी में बच्चों के साथ समय बिताया। विद्यालय के छात्र विकास, अभिनय, अमन, अखिलेश, प्रिंस, अर्जुन व अंसल आदि ने बताया कि काफी समय बाद विद्यालय आकर बहुत अच्छा लग रहा है। अब वह नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर पढ़ाई करेंगे। अन्य बच्चों ने भी विद्यालय में परोसे गए एमडीएम की सराहना की। टीकरगढ़ी के प्राथमिक विद्यालय के छात्र मुन्ना ने अवकाश के बाद घर जाते हुए बताया कि पहला दिन बहुत अच्छा बीता।



परिषदीय विद्यालय नेवरना में बच्चों को तिलक करते बीईओ वीके पांडेय।

### बीईओ ने किया स्वागत

जिले में तैनात सभी बीईओ सहित जिला समन्वयकों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र के विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का स्वागत करते हुए विद्यालय स्टाफ द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। कुछ खंड शिक्षाधिकारियों ने एक से अधिक विद्यालयों का भ्रमण किया, जबकि अधिकांश ने नजदीकी विद्यालय में पहुंचकर उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर अमल कर लिया।

## एक नजर

### तालाबों के पटने से शहर हुआ जलमग्न

हरदोई। शुक्रवार को शाम होते ही तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे झमाझम बारिश से पूरा शहर तालाब सा दिखाई देने लगा। शहर के बड़ा चौराहा, मुन्ने मियां, छोटा चौराहा, सदर बाजार, धर्मशाला रोड, नघेटा रोड, रेलवेगंज, बोर्डिंग हाउस, सरायथोक, कन्हईपुरवा, आजाद नगर, सुभाष नगर, ब्रम्हपुरी, लक्ष्मीपुरवा सहित नगर के अधिकांश हिस्सों में पानी भर गया। घंटों मुख्य सड़कें व गलियां पानी से भरी रहीं। बताते चलें कि नगर के अधिकांश तालाबों को भू माफियाओं ने पाट कर बेच दिया, जिस कारण बरसात का पानी कुछ ही देर में पूरे नगर में अपने आगोश में ले लेता है।। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले में 101 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### दीवार को लेकर दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, दो घायल

हरियावां, हरदोई। स्थानीय थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में दीवार के विवाद में दो पक्षों में जमकर ईट पत्थर चले जिसमें दोनों पक्षों के एक-एक लोग घायल हो गए। भदेउरा निवासी गुड्डू और दिलदार के बीच दीवार उठाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि जिसमें दोनों पक्षो में जमकर ईट पत्थर और लाठी डंडे चलने लगे और दोनों पक्षों के एक-एक लोग घायल हो गए, जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची हरियावां पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और घायलों को सीएचसी हरियावां में भर्ती कराया।

### स्वाती का तबादला, प्रदीप बने एएमए जिला पंचायत

हरदोई, अमृत विचार। जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) स्वाती जैन का स्थानांतरण इटावा हो गया है। उनकी जगह पर प्रदीप कुमार गुप्ता को अपर मुख्य अधिकारी बनाया गया है।

# राहत और आफत एक साथ लेकर आई बारिश

## गर्मी से लोगों को मिली निजात लेकिन सड़कों और गलियों में जलभराव से हुई परेशानी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शुक्रवार की दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से शहर के सड़के और गालियां तालाब बन गई। इस बारिश ने जहां मौसम को सुहावना कर डाला तो वही बारिश के दौरान सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

शुक्रवार की सुबह से सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चला। दोपहर होने के बाद एकाएक आसमान पर बादलों ने अपना शिकंजा कसा तो सूरज देव बादलों की ओट में हो गए। फिर शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौरा। करीब एक घंटे से भी ज्यादा समय तक हुई झमाझम बारिश ने तन के साथ मन को भी भिगो डाला। लोगों ने जमकर इस बारिश का लुफ्त उठाया।

इस दौरान सड़कों पर खामोशी का मंजर पसर गया। दोपहिया वाहनों से लेकर चार पहिया वाहनों की रफ्तार थम गई। हालांकि इस बारिश के चलते शहर की गलियां तालाब के रूप में नजर आई । वहीं शहर के विभिन्न चौराहों पर भी जलभराव के हालात बने। इस बारिश का लुफ्त लोगों ने खुले भाग से लेकर छतों पर जाकर उठाया। झमाझम हुई बारिश से तापमान काफी नीचे आ गया और भीषण गर्मी और उमस से बिलबिलाए लोगों को राहत का एहसास हुआ।


शुक्रवार को झमाझम बारिश में जाते लोग। अमृत विचार


मल्लावां में झमाझम बारिश के बाद मकान के सामने सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

### तालाबों के पटने से सड़कें व मोहल्ले बन रहे तालाब

हरदोई। शुक्रवार को शाम होते ही तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे झमाझम बारिश से पूरा शहर तालाब सा दिखाई देने लगा। शहर के बड़ा चौराहा, मुन्ने मियां, छोटा चौराहा, सदर बाजार, धर्मशाला रोड, नघेटा रोड, रेलवेगंज, बोर्डिंग हाउस, सरायथोक, कन्हईपुरवा, आजाद नगर, सुभाष नगर, ब्रम्हपुरी, लक्ष्मीपुरवा सहित नगर के अधिकांश हिस्सों में पानी भर गया। घंटों मुख्य सड़कें व गलियां पानी से भरी रहीं। बताते चलें कि नगर के अधिकांश तालाबों को भू माफियाओं ने पाट कर बेच दिया, जिस कारण बरसात का पानी कुछ ही देर में पूरे नगर में अपने आगोश में ले लेता है। भू माफियाओं ने मोहल्ला लक्ष्मीपुरवा, सरायथोक पश्चिमी, सांडी रोड, अशराफ टोला सहित नगर के तमाम तालाबों को पाट कर प्लाटिंग कर दी है, जिसमें अब लोगों ने मकान बना लिए हैं। तालाबों के खत्म हो जाने से लगभग पूरा नगर जलमग्न हो जाता है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले में 101 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।


बारिश से सड़क हुई जलमग्न। अमृत विचार

### घरों में घुसा बारिश का पानी, राहगीर रहे परेशान

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। तेज बारिश में जहां निम्बी तालाब के पास सड़क पर पानी भर जाने से घरों में पानी घुस गया, इसके अलावा राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को गर्मी से जहां लोग परेशान थे. ऐसे में करीब 15 मिनट की बारिश से गंगारामपुर निम्बी तालाब के पास घरों में पानी घुसने से मुसीबत का सामना करना पड़ा। स्मरण रहे कि अभी हाल ही में निम्बी तालाब पर मिट्टी डालकर पाटा जा रहा था लेकिन नगर पालिका प्रशासन की मुस्तेदी के चलते तालाब को पटने से बचाया गया। बारिश में सड़क पर पानी भरने से राहगीरों को भी दिक्क़तें उठानी पड़ी।

# निजी अस्पतालों से आगे पिहानी सीएचसी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। हाईटेक होने का लेबिल लगाए निजी हास्पिटल अब सीएचसी पिहानी से काफी पीछे होते हुए दिखाई देने लगे है। मरीज़ो को मुहैय्या कराईं जा रहीं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का नतीज़ा है कि वहां की ओपीडी हाउस फुल चल रही है। हर दिन 7 से 800 मरीज़ अपना इलाज करा रहें है।

सरकारी अस्पतालों में अब पहले जैसी कोई बात नहीं रही। सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने का जो बीड़ा उठाया, उसके नतीजे सामने आने लगे है। सीएचसी में आने वाले मरीज़ो को ऐसी सुविधाएं और उनके साथ ऐसा व्यवहार करें कि मरीज़ किसी निजी हास्पिटल की तरफ रुख न करे। इसे लेकर डिप्टी सीएमओ डा. जितेंद्र श्रीवास्तव ने ज़मीन तैयार करनी शुरु कर दी है। सीएचसी पिहानी से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। इसके लिए वहां के मातहतों को पूरी फीड बैक दी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि मरीज़ो के साथ उनके हमदर्द बन कर उन्हे सुविधाएं मुहैय्या कराए, व्यवहार ऐसा हो कि मरीज़ो का कहीं और जाने का मन ही न करे। डा. श्रीवास्तव बताया कि पीएचसी और सब हेल्थ सेंटर में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवा को अपग्रेड करने की स्कीम तैयार हो रही है। उन्होंने कहा कि स्कीम के पहले चरण में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्वास) कार्यक्रम के तहत ब्लड बैंक, पैथोलॉजी जांच घर, एसएनसीयू, इमरजेंसी सेवा, ओपीडी सेवा के अलावा अन्य स्वास्थ्य सेवा बेहतर मिल सके, इसके लिए एन्क्वास से सर्टिफाइड किए जाने की कोशिश हो रही है। इससे पहले डिस्ट्रिक लेबिल पर तैयारी के लिए टीम बनाई गई है।

डिप्टी सीएमओ ने बताया कि कभी-कभी इलेक्ट्रिक फाल्ट होने से आधा-एक घंटे के लिए दुश्वारी रहती थी, लेकिन उस दुश्वारी को दूर कर मरीज़ो की सेवाएं सुचार रूप से शुरु की जाती है।

#### मरीजों का बढ़ा भरोसा

हर दिन ओपीडी में देखे जा रहे हैं 700 से 800 मरीज

#### गुणवत्तापूर्ण सेवा पहुंचाना सबकी जिम्मेदारी

डिप्टी सीएमओ डा. श्रीवास्तव ने मातहतों के साथ हुई बैठक में बताया कि स्वास्थ्य महकमें के कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने की ज़िम्मेदारी बनती है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक लक्ष्य कार्यक्रम एवं कायाकल्प योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए, ताकि प्रसव के दौरान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य किया जा सकता है। मौके पर डा. ज़ुबैर, डा. बिंदु आर्य, डा. मनोज आजाद, डा. वैभव जयसवाल और डा. सबा खातून आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क किनारे झाड़ियों में मिला मानव कंकाल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पसनेर गांव के निकट सड़क किनारे झाड़ियों में मानव कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकार सुनील कुमार व थाना प्रभारी नारायण कुमार कुशवाहा ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भी कंकाल मिलने की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कंकाल को जब्त करते हुए पंचनामा कर मामले की विवेचना शुरू कर दी हैं। टीम ने बताया कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि आखिर किसका कंकाल था। कंकाल की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि कंकाल के कपड़ों से पुरुष का लग रहा है।

# मौसमी बनीं मिसेज इंडिया 24

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नगर के एक इंग्नलिश मीडियम स्कूल की प्रधानाध्यापक व सामाजिक कार्यकर्ता मौसमी चटर्जी को कलकत्ता में हुए इंडियन रॉयल सीजन 2024 में मिसेज इंडिया चुना गया। उनकी इस उपलब्धि पर तमाम लोगों ने बधाई दी है।

बताते चलें कि नगर के सेंट सेंट जेवियर्स सेकेंड्री स्कूल की प्रधानाध्यापक मौसमी चटर्जी को इंडियन रॉयल सीजन 2024 में फर्स्ट रनरअप हुई। उन्हें क्वीन आफ सब्सटेंस से नवाजा गया। मौसमी पिछले 20 वर्षों से इस विद्यालय की प्रधानाध्यापक हैं। शिक्षाविद होने के साथ-साथ वह समाजसेवा में भी अग्रणी रहती है। कोविड के दौरान तमाम जरूरतमंदों को खाना-दवाइयां आदि पश्चिम बंगाल में बांटी। वहीं झारखंड के पास अम्बला सोल में भी उन्होंने कपड़े, दवाइयां व अन्य आवश्यक चीजों का वितरण किया। हरदोई अवयस्क जेल में उन्होंने बंदियों की काउंसलिंग कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। वहां भी उन्होंने खेलकूद को बंदियों के बीच पहुंचाया। मौसमी ने बताया कि वह हमेशा जरूतमंदों की मदद में लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि मिसेज इंडिया क्लासिक का सेकेंड रनरअप का खिताब उनके लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल उनकी बदौलत नहीं उनके तमाम चाहने वालों की वजह से मिला है। मौसमी को इससे पूर्व राजीव गांधी शिरोमणि अवार्ड, राष्ट्रीय रत्न अवार्ड, इंदिरा गांधी संभावना अवार्ड सहित तमाम अवार्ड मिल चुके हैं।


ताज के साथ मौसमी चटर्जी।

# पुलिसकर्मी लगाएंगे 11060 पौधे, थानों को दिया लक्ष्य

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जाने वाले वृक्षारोपण के लिए एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने अलग-अलग थानों का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने सभी थानेदारों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण करे, किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे जिले में पुलिस विभाग द्वारा 11060 पेड़ लगाए जाएंगे।

जिले के सभी कोतवाली और थानों में वृक्षारोपण किया जाएगा। इस सम्बंध में एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने सभी थानेदारों को चिट्ठी जारी की है। वह 15 जुलाई तक पूरा करें। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि शाहाबाद कोतवाली को 440, पाली को 350, पचदेवरा को 550, मझिला को 550, हरपालपुर को 500, लोनार को 350, सवायजपुर को 100, अरवल को 350, बेहटागोकुल को 400, हरियावां को 350, टड़ियावां को 350, पिहानी को 300, बेनीगंज को 350, पुलिस लाइन में 900, होमगार्ड कार्यालय 200, कोतवाली शहर में 150, कोतवाली देहात में 300, सुरसा में 400, बघौली में 400, कछौना 550, अतरौली में 400, कासिमपुर में 400, संडीला में 250, बिलग्राम में 300, मल्लावां में 400, माधौगंज में 410, सांडी में 400, महिला थाने में 60, फायर सर्विस स्टेशन में 600 पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया।



### अपराधियों पर रखें कड़ी नजर, पुलिस का दिखना चाहिए डर

हरदोई, अमृत विचार। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी गुरुवार की रात पिहानी कोतवाली में हरियावां सर्किल के पिहानी के अलावा टड़ियावां, हरियावां व बेनीगंज कोतवाली के एसएचओ और वहां तैनात एसआई के साथ लंबित विवेचनाओं को लेकर समीक्षा की। कहा कि अपराधियों के बीच पुलिस का भय नजर आना चाहिए। सभी थानेदार अपराधियों की सूची बनाएं। अपराधियों की निगरानी की जाए। थानावार दर्ज आपराधिक मामले व उनके खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया। आरजीआरएस शिकायतों का तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसपी ने लगभग ढ़ाई घंटे तक बैठक की। एसपी ने मातहतों से कहा कि ज़िले में अपराधी को पनपने नहीं देना चाहिए। पुलिसकर्मी पब्लिक से अच्छा व्यवहार करें, पुलिस व पब्लिक के बीच सामंजस्य अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बेहद अहम कड़ी साबित होगी।

## दुकान से हजारों का सामान भागा युवक

हरदोई, अमृत विचार। बाइक सवार युवक इलेक्ट्रानिक की दुकान पर पहुंचा। वहां से करीब 30 हज़ार का सामान लिया और भुगतान के लिए दुकानदार के बेटे को अपने साथ बाइक पर बैठा ले गया। उसे रास्ते में छोड़ कर फरार हो गया। सुरसा थाने के उम्मरपुर निवासी सुनील कुमार राठौर की कोतवाली शहर के लालपालपुर में इलेक्ट्रिक की दुकान है। गुरुवार को सुनील दुकान पर अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़ कर किसी ज़रुरी काम से अपने ननिहाल हड़हा गांव गया हुआ था। उसी बीच एक बाइक दुकान के सामने रुकी। युवक खरीदार बन कर आया और इलेक्ट्रिक का सामान बोरी में भर लिया। भुगतान के लिए सुनील के बेटे को अपने साथ बाइक पर बैठा लिया, आगे निकल कर बेटे को बाइक से उतार कर फरार हो गया।

## सार-संक्षेप


पूर्व सैनिकों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### सैन्य अधिकारी ने पूर्व सैनिकों की सुनीं समस्याएं

हरदोई, अमृत विचार। 7 कुमाऊं रेजीमेंट के अधिकारी व जवानों ने शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय पहुंचकर पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनीं। उनका सेवा के माध्यम से प्रशासन स्तर पर निराकरण का पूरा भरोसा दिलाया। साथ ही सरकार तथा सेवा द्वारा चलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। 7 कुमाऊं की टीम में मुख्य रूप से सूबेदार गोकुल सिंह तथा अन्य जवान शामिल रहे। संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि संगठन के प्रयास से सेना की टुकड़ी हर माह जनपद का भ्रमण कर सैनिकों से मुलाकात करती है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के लोग मौजूद रहे।

### जिला पंचायत में वर्षों से जमे कर्मचारी कर रहे भ्रष्टाचार

हरदोई, अमृत विचार। जिला पंचायत में वर्षों से जमे कर्मचारी तमाम अनियमितताएं कर रहे हैं, उनका स्थानांतरण किया जाना आवश्यक है। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने एक प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण नियमावली के विपरीत जिला पंचायत में वर्षों से जमे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। स्थानांतरण नीति के अनुसार कर्मचारियों व अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाए, जिससे अनियमितताओं पर रोक लग पाए।

### घर बुलाकर युवक को पीटा, चाकू से किया हमला

हरदोई। गांव के दबंगों ने युवक को दरवाजे पर बुलाकर पिटाई कर चाकू से हमला कर दिया। घटना के दौरान उसके घर वाले मजदूरी करने गए थे। घायल युवक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है। टड़ियावां थाने के अरबापुर निवासी 35 वर्षीय धनीराम की पत्नी रामजती ने तहरीर में कहा कि शुक्रवार की शाम गांव निवासी तीन युवकों ने उसके पति को अपने घर पर बुलाया। आरोप लगाया कि तीनों युवकों ने उससे पुरानी रंजिश में पहले तो गाली गलौज कीए उसके मना करने पर लात घूसों और लाठी डंडों से पिटाई करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसकी जानकारी पर पहुंचे घरवालों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले गए। पत्नी रामजती ने पुलिस को तहरीर देते हुए हमलावरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### बैंक के बाहर जमानतदार ने किया हंगामा

हरदोई, अमृत विचार। बैंक व रिश्तेदार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने बैंक के बाहर जमकर हंगामा किया। हंगामे के चलते रेलवे स्टेशन मार्ग पर काफी समय तक यातायात प्रभावित रहा। जिला मुख्यालय पर रेलवेगंज स्थित नगर सहकारी बैंक के बाहर श्रीकांत मिश्रा नामक एक व्यक्ति ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। बैंक व अपने बहनोई पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए वह बैंक के बाहर सड़क पर लेट गया। पीड़ित का कहना था कि उसका वह उसके बहनोई दिवाकर मिश्रा का संयुक्त प्लाट है। दिवाकर मिश्रा ने बैंक से कर्ज लिया, जिसे अदा नहीं किया। अब बैंक ने बकाया अदा न करने पर नीलामी की नोटिस भेजी है।

#### दबंगई

प्रभारी के हवाले से अंदर ही नहीं बाहर वालों पर झाड़ता था रौब

# सीएमओ से ज्यादा था फार्मासिस्ट का रुतबा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी के साथ लूट के मामले जिस फार्मासिस्ट का शामिल होना बताया जा रहा है, उसी फार्मासिस्ट का रुतबा ऐसा कि उसके आगे सीएमओ का कद भी कोई मायने नहीं रखता था। उसने पोस्टमार्टम हाउस के अंदर की बात अंदर ही रखने के लिए गेट के बाहर मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा रखी थी।

इतना ही नहीं उसने बाकायदा वहां गेट पर बिना आज्ञा प्रवेश वर्जित, आज्ञा से प्रभारी पोस्टमार्टम लिखा रखा था। डेड बाडी के साथ लूट किए जाने का खुलासा होने के बाद सीएमओ डॉ. रोहिताश्व ने आउट सोर्सिंग कर्मी रूपेश पटेल, वाहिद और अवधेश कुमार को बर्खास्त करते हुए फार्मासिस्ट पकंज सचान को सण्डीला और प्रमोद कुमार को साण्डी सीएचसी भेज दिया। सबसे खास बात है कि सीएमओ ने अपने साथ गाली-गलौज करने वाले उसी फार्मासिस्ट पकंज सचान को पहले ही सण्डीला भेजा था और अब दोबारा की गई कार्रवाई में फिर उसे सण्डीला भेज दिया। इस तरह की कार्रवाई फिलहाल सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के भी गले नहीं उतर रही है। कार्रवाई के बाद अब और भी बाते खुल कर सामने आ रहीं है। जैसा कि कहा जा रहा है कि पोस्टमार्टम हाउस के अंदर सिर्फ आरोपी फार्मासिस्ट जो कि वहां का बास कहलाता थाएउसके अलावा और किसी का कोई आदेश माने नहीं रखता थाएफिर भला सीएमओ ही क्यों न हो। कुछ ने दबी ज़ुबान से बताया है कि अगर कोई कर्मी उसके आदेश को नहीं मानता था तो उसे चुटकी में किनारे लगाने की धमकी दी जाती थी, फिर भला कोई क्या कर सकता था। उसे मीडिया से फोन पर दोस्ती पसंद थीएवहां कोई पहुंचे, उसे बर्दाश्त नहीं होता था। इसी वजह से उसने अपना रुतबा गालिब करते हुए मीडिया पर रोक लगाई थी, ताकि उसके काम में कोई अड़चन न पैदा हो और अपने तरीके से स्याह को सफेद और सफेद को स्याह कर सके।



मीडिया पर रोक लगाते हुए गेट पर लिखा रखा था नो इन्ट्री। अमृत विचार


काउंसलिंग कराते अभ्यर्थी। अमृत विचार

## आठ साल बाद नौकरी पाकर खिले चेहरे

हरदोई, अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में वर्ष 2016 में निकली 12,460 शिक्षक भर्ती में प्रतीक्षारत बेरोजगारों की प्रतीक्षा शुक्रवार को समाप्त हुई। जीआईसी में हुई काउंसलिंग में 55 उम्मीदवारों ने अपनी काउंसलिंग कराकर विद्यालयों का चयन किया। बताते चलें कि वर्ष 2016 में उक्त शिक्षक भर्ती हुई थी, इस बीच मामला न्यायालय में पहुंच गया, जिससे कुछ लोगों की भर्ती नहीं हो पाई थी। कई साल तक चले मामले में न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार को 33 महिलाओं व 22 पुरुषों ने काउंसलिंग कराई। काउंसलिंग में विद्यालय आवंटित कर दी है। एक महिला किसी कारणवश उपस्थिति नहीं हो पाई। काउंसलिंग के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी बीपी सिंह व कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मुर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# बढ़ती विदेशी कमाई

हाल ही में आई विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विप्रेषण के मामले में भारत अग्रणी देश बना हुआ है। विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 2023 में 120 अरब डॉलर की कमाई देश में भेजी थी। उसके बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान हैं, जिन्हें क्रमशः 66, 50, 39 और 27 अरब डॉलर मिले हैं। गौरतलब है कि कुशल भारतीय कामगारों का सबसे बड़ा गंतव्य अमेरिका है। अन्य विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले विप्रेषण में 2024 में 3.7 प्रतिशत और 2025 में चार प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं। वे विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसका एक संकेत हमें 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती विप्रेषण राशि से मिलता है। अमेरिका के बाद सबसे अधिक कमाई संयुक्त अरब अमीरात से आई है, जो कुल विप्रेषण का 18 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच अपनी मुद्राओं में लेन-देन की व्यवस्था होने से औपचारिक माध्यमों से अब अधिक विप्रेषण भेजा जा रहा है। अमीरात और सिंगापुर में यूपीआई भुगतान प्रणाली के चालू होने से कमाई भेजने का खर्च भी कम होगा और समय भी कम लगेगा। विप्रेषण के मामले में एक आशंका यह लगी रहती है कि बाहरी घटनाओं से इसमें कमी आ सकती है। प्रवासन और विप्रेषण आर्थिक और मानवीय विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी कामगार एक ओर अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से दूसरे देशों के विकास को गति देते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाते हैं तथा अपने परिवार की उन्नति का आधार बनते हैं।

वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों में श्रम की उपलब्धता का अभाव है, वहीं कई देशों में बेरोजगारी और कौशल की कमी है। भारत के अधिकतर कुशल कामगार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में कार्यरत हैं तथा कम कुशल प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। इस वितरण से बाहरी घटनाओं का असर कम होगा, इसलिए वैसी स्थिति में भी विप्रेषण में स्थिरता बनी रहेगी। बहुत से देश प्रबंधित प्रवासन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसका लाभ भारत जैसे देशों को मिल रहा है। विप्रेषण बढ़ना निश्चित ही उत्साहजनक है, पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कामगारों को जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुवैत में एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई। वहीं इटली में एक भारतीय श्रमिक को सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# क्या संभव है संविधान को बदलना



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास।

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

संविधान को बदलना और संविधान में संशोधन करना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। लोकसभा में 400 सीटें मिलें तो एनडीए सरकार संविधान बदल देगी, प्रतिपक्ष इस मुद्दे के साथ चुनाव में गया और एक बड़ा विमर्श पूरे देश में खड़ा भी कर दिया, विपक्ष को इसका अत्यधिक लाभ भी हुआ। हालांकि बीजेपी ने इसका काउंटर करने का प्रयास किया, लेकिन चुनाव परिणाम के आधार पर कह सकते है वे इस विमर्श को तोड़ने में नाकाम रहे। भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के बयान भी वायरल हुए, जिसका सार ये था कि "राज्य सभा और लोक सभा दोनों में बहुमत मिला तो भाजपा के पास संविधान में संशोधन करने की ताकत आ जाएगी।" इन बयानों के इतर भी पिछले कई सालों से कांग्रेस और विपक्ष के कई दल भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। क्या संविधान में संशोधन किया जा सकता है और किया जा सकता है तो करने की शर्तें क्या हैं?

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

अब वापस चलते हैं दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी वाली बात पर। स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास। जैसे लोकसभा में कुल 543 सीट हैं, लेकिन मान लीजिए जिस दिन बिल पर वोटिंग हुई उस दिन सिर्फ 350 सांसद ही उपस्थित हों। ऐसा क्यों? जैसे स्कूल के क्लासरूम की टोटल स्ट्रेंथ 50 बच्चों की होती है, पर कोई न कोई अनुपस्थित हो जाता है। वैसा ही संसद में भी होता है। ऐसा बहुत रेयर होता है कि सारे के सारे सांसद उपस्थित हों। अब इन 350 सांसद में से अगर 176 या उससे ज्यादा सांसदों ने बिल के पक्ष में वोट कर दिया तो ये बिल लोकसभा में पास हो जाएगा। ऐसा ही राज्यसभा में भी होगा। ये तो हुई सिंपल मेजॉरिटी, लेकिन संविधान संसोधन के लिए स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है। इसमें क्या होता है?

यहां गणित थोड़ी बदल जाती है। कैसे? मान लीजिए एक संविधान संशोधन बिल पेश हुआ अब ये बिल तभी पास होगा जब मौजूद सांसदों में से कम से कम दो तिहाई सासंद पक्ष में वोट डालेंगे और पक्ष में वोट डालने वाले सांसदों की संख्या लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 123 से ज्यादा होगी। ये स्पेशल मेजॉरिटी है। इस मेजॉरिटी के जरिए, फंडामेंटल राइट्स, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। जैसे संविधान के कई हिस्सों को संशोधित किया जा सकता है। हालांकि हमारे संविधान के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें स्पेशल मेजॉरिटी से भी संशोधित नहीं किया जा सकता। अब यहां सवाल उठता है कि अगर ऐसे संविधान बदला जा सकता है तो क्या कोई सरकार जिसके पास स्पेशल मेजॉरिटी हो और राज्यों में भी उनकी सरकार हो, वो क्या पूरा का पूरा संविधान बदल सकती है? जवाब है नहीं, नहीं, नहीं।

"शिप ऑफ थीसीस" का नाम सुना होगा आपने, एक जहाज के सारे पुर्जे निकालकर अगर दूसरे पुर्जे लगा दिए जाएं, तो क्या वो तब भी वही जहाज रहेगा। विदित है कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 42 वां संशोधन कर 1976 में सोशलिस्ट शब्द जुड़वां दिया था। ये संभव हुआ 42 वें संविधान संशोधन से। हालांकि इस संशोधन से ये इकलौता बदलाव नहीं हुआ। 42 वें संशोधन के जरिए इतने बदलाव किए गए कि लोगों ने इस संशोधन को ही एक मिनी कांस्टीट्यूशन का नाम दे दिया। इनमें शामिल थे कुछ बदलाव, जैसे सुप्रीम कोर्ट के जुअरिस्डिक्शन यानी अधिकार दायरे को कम करना। इस संशोधन के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट किसी भी संवैधानिक संशोधन के मामले में सुनवाई नहीं कर सकता था। (अगर सरकार ने कोई ऐसा संशोधन किया, जिससे देश के नागरिकों को समस्या है तो भी वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं) इमरजेंसी की प्रॉसेस को आसन बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ज्यूडिशियल रिव्यू की ताकत को कम किया गया। इमरजेंसी के बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार ने 44 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया और इस संशोधन के जरिए 42 वें संशोधन की सभी गैर संविधानिक बातों को बदला गया। हालांकि इस कदम से ज्यादा महत्वपूर्ण है सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय जो इस 42 वें संशोधन से पहले आया था और इस निर्णय ने कई बार असंवैधानिक संशोधन से संविधान को बचाया। क्या था इस निर्णय में? एक बेहतरीन नियम। संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने वाला कोई भी संशोधन मान्य नहीं होगा। मूल भावना क्या है? डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर- साल 1973, देश का सबसे प्रसिद्ध संविधानिक केस, केशवनंदा भारती केस 13 जजों की बेंच और कुछ बेहतरीन जजमेंट्स। इसी केस से जन्म हुआ डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर का।

इसका मतलब है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के किसी भी हिस्से को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया तो उस हिस्सा का संशोधन नहीं किया जा सकता। समय के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के कई अलग-अलग हिस्सों को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया। जैसे- फंडामेंटल राइट्स, सेकुलरिज्म, जुडिशल रिव्यु आदि। इसने संविधान को बदलने का स्कोप खत्म कर दिया, क्योंकि इसके कई सारे हिस्से बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हो गए हैं। बात बची संशोधन की वो भी आसान काम नहीं है। सबसे पहले तो बहुमत का नंबर जुटाना एक बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक पैनी नजर से बचना भी असंभव है।

अगर 2024 के चुनावों में बीजेपी की लोकसभा में 400 सीट आ भी जाती तब भी वो राज्य सभा में स्पेशल मेजॉरिटी के नंबर से बहुत दूर है और कुछ संशोधन के मामलों में तो 50 प्रतिशत से ज्यादा राज्यों की मंजूरी भी चाहिए होती है। यानी दूसरे दलों का सहयोग जरूरी होगा। अगर ये सब हो भी जाए तब भी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की जा सकती है और सुप्रीम किसी भी संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।

## प्रसंगवश

# गलत है भौतिकतावादी सोच



डॉ. सुधा मिश्रा
लखनऊ

भौतिकतावादी सोच वह मानसिकता है, जिसमें व्यक्ति भौतिक वस्त्रों, संपत्ति और धन को अपने जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। फिर यह सोच उन पर इतनी हावी हो जाती है कि यही लोग अक्सर व्यक्तिगत सुख, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा को भौतिक संपत्ति के माध्यम से प्राप्त करने का भरसक प्रयास करने लगते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास ही जीते जागते हम रोज मिल जाएंगे। इनकी संग्रह की मानसिकता इन्हें संपत्ति का संग्रह करने को विवश करने लगती है। इन्हें लगता है कि भौतिक वस्त्रों का संग्रह और उनकी बढ़ती संख्या से खुशी प्राप्त होगी और पूरा जीवन उसी के संग्रह पर लगा देतें हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों में धन का महत्व इतना ज्यादा होता है कि पैसे को जीवन का मुख्य लक्ष्य मान ये कमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की इच्छा रखने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दूसरों को नीचा दिखाने की होड़ में, दूसरों से बेहतर दिखने और उनसे अधिक संपत्ति रखने की होड़ में ये अपना सब कुछ बर्बाद कर देतें हैं। ऐसे लोगों में संतोष की कमी इतनी ज्यादा होती है कि इनके लिए भावनाएं दोयम दर्जे की हो जाती हैं। अधिक संपत्ति और धन के बावजूद भी आंतरिक संतोष और खुशी की कमी इनके जीवन को नारकीय बना देती है। ऐसा नहीं है कि इस मानसिकता के चलते अपने भौतिकतावादी सोच के चलते इनकी हानि न हो रही होती है, पर ऐसे लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके मानसिक तनाव का कारण उनकी अपनी सोच है, उनकी अधिक संपत्ति और धन पाने की होड़ मानसिक तनाव और अवसाद की संभावना को बढ़ा देती है।

समाज भी इसे अछूता नहीं रहता। समाज पर इसका प्रभाव बहुत ही हानिकारक होता है। समाज में असमानता बढ़ती है और लोगों के बीच ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। हम अगर सच में मानव होने का कर्तव्य पूरा करना चाहते हैं तो हमें भौतिकतावादी सोच के विपरीत, आध्यात्मिक और संतोषजनक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, जिससे व्यक्ति आंतरिक शांति और वास्तविक खुशी प्राप्त कर सके। हम एक सुंदर माहौल वाले समाज की संरचना कर सकते हैं। जहां सबके बीच में समान भाव हो एक-दूसरे को नीचा दिखाना न हो।

# नेता विपक्ष का पद तय करेगा राहुल का सियासी भविष्य



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है।

16 वीं और 17 वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही लेकिन, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है?

बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, पर जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? बहरहाल गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर से ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है, लेकिन इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि लगातार हारने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18 वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

## सोशल फोरम

# तानसेन की कविताई



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त, आईपीएस

ग्वालियर के मुहम्मद गौस और वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य, सम्राट अकबर के दरबारी गायक और उनके नवरत्नों में से एक संगीत सम्राट तानसेन हमारे भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुषों में एक रहे हैं। मध्यकालीन ऐतिहासिक दस्तावेज उनकी गायन प्रतिभा के उल्लेखों से भरे पड़े हैं। 'आईने अकबरी' के लेखक इतिहासकार अबुल फजल ने उनके बारे में कहा है-'पिछले एक हजार सालों में उनके जैसा गायक नहीं हुआ।' उनके गहरे मित्र और प्रशंसक भक्त कवि सूरदास ने उनके बारे में लिखा है-भलो भयो विधि ना दिए शेषनाग के कान/धरा मेरू सब डोलते तानसेन की तान! तानसेन का सांगीतिक व्यक्तित्व कुछ इतना बड़ा था कि उसके पीछे उनके व्यक्तित्व के दूसरे तमाम पहलू ओझल हो गए। बहुत कम लोगों को पता है कि ग्वालियर के पास एक छोटे से गांव बेहट के चरवाहे से सम्राट अकबर के दरबार के प्रमुख गायक के ओहदे तक पहुंचे तानसेन अपने समय के एक बेहतरीन कवि भी थे। रसखान की तरह कृष्ण की भक्ति में आकंठ डूबे हुए कवि। ज्यादातर इतिहासकार तानसेन के बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करने के बजाय उनकी धार्मिक आस्था के विवाद में ही उलझे रहे हैं। उनके कवि व्यक्तित्व के बारे में इतिहासकारों और साहित्य के आलोचकों द्वारा भी नहीं के बराबर लिखा गया। इसकी एक वजह शायद यह है कि कविकर्म तानसेन की महत्वाकांक्षाओं में शामिल नहीं रहा था।

वे स्वांतः सुखाय ही लिखते थे और आमतौर पर अपनी ही लिखी बंदिशें ही गाते थे। उनकी कविताओं का विषय उस दौर के दूसरे कवियों की तरह भक्ति होती थी। कृष्ण उनके प्रिय पात्र थे। कृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण को उस काल के अन्य कृष्णभक्त कवियों के समकक्ष रखकर देखा जा सकता है। उनकी काव्य कृतियों के नाम थे-रागमाला, संगीतसार और गणेश स्रोत्र। तानसेन द्वारा रचित ज्यादातर पद और दोहे अब विलुप्त प्रायः हैं, लेकिन उनके कुछ पद संगीत की पुरानी किताबों में अब भी सुरक्षित हैं। **- फेसबुक वॉल से**

# अमन पसंद इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए।

1980 का मुरादाबाद का सांप्रदायिक दंगा रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मंडल में दो बड़े कस्बे चंदौसी और धामपुर ही थे, जो दंगे से अप्रभावित थे, दोनों हिंदू बहुल थे। 19 या 20 अगस्त की रात्रि 9 बजे एक मिश्रित मोहल्ले में एक हिंदू के घर में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग हल्के घायल हुए। हम तत्काल फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां घायल परिवार तथा पड़ोसी हिंदू पास के मुसलमानों पर बम फेंकने का आरोप लगा रहे थे तथा मुसलमान अपनी सफाई दे रहे थे।

भीड़ बढ़ रही थी। साथ ही सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। हमने पाया कि वह देशी बम था। मौके पर मुजम्मिल खां, राजेन्द्र कुमार जैन, हरिओम अग्रवाल, हंसराज बतरा तथा अन्य कई नेता आ गए या हमने बुलवा लिए। मौके पर कुछ स्थानीय पुलिस को छोड़कर हम घायल तथा कुछ नेताओं को लेकर थाने आकर जब रिपोर्ट लिखाने को कही तो उपस्थित हिंदू नेताओं ने वादी को समझाकर कहा कि जब उसने बम फेंकने वाले को देखा ही नहीं तो शंका पर गलत नामजदगी उचित नहीं। वादी ने अज्ञात मुलजिमों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया। हमने उनकी मरहम पट्टी कराकर उन्हें घर भेज दिया। हम मुलजिम का पता लगा रहे थे कि इसी तरह की कई घटनाएं रातों में मोहल्ला बदल-बदल कर कभी हिंदू के घर कभी मुसलमान के घर होने लगीं। हर घटना में दोनों पक्षों की भीड़ जुटती, जबानी युद्ध और दूसरे संप्रदाय पर दोषारोपण होता। दोनों पक्षों के नेताओं की सहायता से मामला शांत कराया जाता। किसी मुकदमें में कोई नामजद नहीं हुआ और पुलिस झूठे मुल्जिम को गिरफ्तार करने से बच गई। हर घटना में देशी बम का प्रयोग हो रहा था और हम मुलजिम ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। हमें डर था कि यदि इन बमबारी में कभी कोई मरा, तो दंगा अवश्य हो जाएगा। इन मामलों में मुजम्मिल खां तथा कुछ अन्य का महत्वपूर्ण योगदान था। वह हर मौके पर पहुंचकर अन्य के साथ दोनों पक्षों को समझाते व गलत नामजदगी से बचाते रहे। 15-20 दिन बाद एक दोपहर एक साधारण से व्यक्ति ने मेरे कार्यालय आकर बताया कि वह अमरोहा का मूल निवासी है व मुरादाबाद में रहता है। उसका एक पुराना मकान कोट मुहल्ले में है उसमें कोई नहीं रहता। जब वह ताला खोलकर घर में गया तो एक आलमारी में कुछ तंबाकू के डिब्बे वाले बम देखे। मैं उछल पड़ा। आज तक पुलिस एक भी बम बरामद नहीं कर सकी थी। मैं फोन पर निरीक्षक कोतवाली को उस स्थान पर बुलाकर उस व्यक्ति के साथ उसके मकान पर पहुंचकर देखा, मकान जीर्णशीर्ण था तथा ऊपरी छत कुछ टूटी थी। हमें उस आलमारी में 35 तंबाकू के डिब्बे वाले बम मिले, लेकिन किसने रखा, यह पता नहीं चल सका। बाद में पता चला मोहल्ले के हिंदुओं की जानकारी में बम आत्मसुरक्षा हेतु चोरी से रखा गया था।

हमनें प्रभावशाली व्यक्तियों की गोष्ठी कर यह बात समझाई कि बम रखना व फेकना बंद कराएं, कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर आक्रमण नहीं कर पाएगा। तब तक हमें एक कंपनी सीमा सुरक्षा बल तथा फौज की एक टुकड़ी मिल चुकी थी, जिसका फ्लैग मार्च भी हो चुका था। तब से बमबारी बंद हुई, लेकिन हम सही अभियुक्त नहीं ढूंढ़ सके, यह हमारी बड़ी विफलता थी। मुरादाबाद के ईदगाह की घटना के विरोध में कुछ खुराफाती मुस्लिम नेताओं ने जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद से शहर में विरोध मार्च निकालने के लिए योजना बनाई, जिसमें तय हुआ कि अमुक मस्जिद से दोपहर की जुमे की नमाज के बाद विरोध मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाए। मीटिंग में शामिल मुजम्मिल खां ने वहां से लौटकर यह सूचना मुझे फोन से दे दी तथा नेताओं के नाम भी बता दिए। मैंने उन नेताओं को फोन कर बताया कि अमुक मस्जिद से कल नमाज बाद जुलूस निकालने की योजना है, जिससे कुछ गड़बड़ हो सकता है, आप जुमे की नमाज वहीं पढ़िएगा और सुनिश्चित करिएगा कि जुलूस न निकले। उन नेताओं के जुमे की नमाज में शामिल होने से तथा वहां पुलिस प्रबंध होने से जुलूस नहीं निकल सका। यह प्रयास अगले दो जुमा में भी हुआ, लेकिन मुजम्मिल खां की सूचना के कारण हम हर बार सतर्क रहे और जुलूस नहीं निकल सका। बाद की उनकी मीटिंग में लोगों ने यह प्लान लीक करने का आरोप मुजम्मिल खां पर लगाया। मुजम्मिल खां ने आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी भी ऐसी योजना का साथ नहीं देंगें, जो शहर में अशांति पैदा करे। खां प्रभावशाली व साहसी व्यक्ति थे, उनका सामने से कोई विरोध न कर सका।

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति दौड़ता हुआ कोतवाली आकर बताता है कि मुजम्मिल खां तथा विधायक खुर्शीद अहमद के भाई में झगड़ा हो रहा है। मैं निरीक्षक मय फोर्स के वहां पहुंचे तो पाया कि उस मुस्लिम मुहल्ले में लगभग 150 व्यक्ति एकत्र हैं और खां अपनी रायफल ताने विधायक के भाई को गाली दे रहे थे। पूछने पर बोले कि यह गरीब मुसलमानों को बरगला कर झगड़ा कराने की बात कर रहा था। मेरे समझाने पर मुझे कौम का गद्दार कहा। उन्होंने उपस्थित मुस्लिमों को बताया कि दंगें होने पर वही लोग मरेंगे, पुलिस मुकदमा भी करेगी और यह विधायक का भाई बच जाएगा। हमने लोगों को समझाकर घर भेजकर खां साहब को भी घर भेजा। ऐसे थे मुजम्मिल भाई।

# शासन के दबाव में न लागू हो धारा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सीआरपीसी एक प्रक्रिया संहिता है, जिसमें लोक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को कुछ शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग कर पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपराध होने की आशंका मात्र पर उसे रोकने के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

सीआरपीसी की एक ऐसी ही बहुचर्चित धारा है, धारा-144। इस धारा के अंतर्गत उपताप या आशंकित खतरे के अत्यावश्यक मामलों में जिला मजिस्ट्रेट या अन्य कार्यपालक मजिस्ट्रेट स्थिति के शीघ्र उपचार के लिए आदेश जारी कर सकता है। आदेश जारी करने का आधार विधिपूर्वक कार्यरत किसी व्यक्ति को बाधा या क्षति की आशंका या मानव जीवन, स्वास्थ्य को खतरा हो, लोक शांति भंग की आशंका हो या के दंगे या बलवे की स्थितियां हो तो उनका निवारण हो जाए, हो सकता है।

सामान्य जन धारा-144 को इस रूप में जानते हैं कि इसके लागू होने के बाद चार से अधिक लोग किसी लोक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते। यदि लोक शांति को खतरा हो, दंगे या बलवे की आशंका हो तो मजिस्ट्रेट इस आशय का आदेश जारी कर सकता है, परंतु इसमें सिद्धांत और व्यवहार का फर्क रहता है। ये आदेश कर्फ्यू के आदेश से भिन्न होता है। ये आदेश संभावित खतरे से निपटने के लिए जारी किया गया है लिहाजा कार्य व्यापार सब पूर्व की भांति चलते रहते हैं।

पुलिस को अगर लगता है के स्थान विशेष पर अधिक लोगों का एकत्र होना लोक शांति के लिए उचित नहीं है तो पुलिस लोगों को वहां से हटने के लिए आदेशित कर सकती है। इस धारा के अधीन जारी कोई भी आदेश दो महीने तक लागू रहता है। उसके बाद स्वत समाप्त हो जाता है जब तक के उसे पुनः अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया न जाए। 1 जुलाई 2024 से सीआरपीसी के स्थान भारतीय नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। नई संहिता में सीआरपीसी की धारा-144 बिना किसी मूलभूत बदलाव के धारा-163 हो जाएगी। हमारा मानना है कि इस धारा का प्रयोग तभी किया जाना चाहिए जब परिस्थितियां इसके लिए उचित हों न कि शासन के दबाव में लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने के लिए। क्या जनहित में बार-बार इस धारा का उपयोग उचित है?

## एक नजर

### घर में काम कर रही महिला को लगा करंट, मौत

हरदोई। घर के अंदर बिजली के तारों के साथ छेड़छाड़ कर रही महिला अचानक करंट की चपेट में आ गई। जब तक उसे सीएचसी पहुंचाया जाता, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। हरियावां थाने के कपूरपुर चौंधी निवासी जन्डैल की 35 वर्षीय पत्नी ममता गुरुवार की शाम को घर के अंदर बिजली के तारों के साथ छेड़छाड़ कर रही थी। बताते है कि उसी बीच वह करंट की चपेट में आ गई। हालत देख कर घर वाले उसे वहां से उठा कर सीएचसी ले जा रहे थे,उसी बीच उसकी मौत हो गई। पत्नी की इस तरह हुई मौत से उसका पति बदहवास हो गया। वह मेहनत-मज़दूरी कर पत्नी और अपने बेटे व बेटी के साथ सुकून के साथ गुज़र-बसर कर रहा था। ममता की मौत ने उसकी उम्मीदों को चकना-चूर कर दिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरदोई,अमृत विचार। पुलिस ने दो लोगों को तमंचे व कारतूसों सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपी चेकिंग के दौरान पकड़े गए थे। थाना हरियावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी सुखेंद्र, हरिपाल निवासी ग्राम छम्मनपुरवा को चेकिंग के दौरान पकड़ा। जिनके पास से दो तमंचे 12 बोर दो जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### युवक ने लगाई फांसी

हरदोई। शराबी युवक ने अपने घर के अंदर मां की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। साण्डी थाने के मुरौली कटेरियान निवासी 40 वर्षीय छोटे मेहनत-मज़दूरी करता था और जो हाथ आता उसकी शराब पी जाता था। गांव वालों का कहना है कि इन्ही आदतों के चलते उसकी शादी नहीं हुई थी। गुरुवार की रात में उसने घर के अंदर अपनी मां की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# करीब डेढ़ सौ गांवों को 45 किमी दूर से हो रही विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, बावन, हरदोई

अमृत विचार। कस्बा समेत लगभग 150 गांव की बिजली 45 किलोमीटर दूर श्रीमऊ से आ रही है। 45 किलोमीटर की लंबी लाइन होने की बजह से आये दिन बिजली खराब रहती है। लो वोल्टेज की समस्या भी रहती है। 24 घण्टे में मात्र रोजाना मात्र 8 घण्टे ही बिजली आती होगी। कभी लोकल फाल्ट हो जाता है तो कभी हाईटेंशन लाइन में फाल्ट आ जाता है। जिस कारण काफी दिक्कत रहती है। 45 किलोमीटर की दूरी में सैकड़ों खंभे रास्ते मे पड़ते है कभी कभी तो खम्बा ही टूटकर गिर जाता है जिस कारण एक दो दिन के लिए बिजली गुल हो जाती है। बताया गया है कि बावन क्षेत्र की बिजली पहले हरदोई से ही जुड़ी थी। लगभग दो साल पहले इस क्षेत्र की बिजली श्रीमऊ से जोड़ दी गयी है जिस कारण काफी दिक्कतें है। ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की बिजली हरदोई से जोड़ने की मांग की है।

विद्युत वितरण विभाग का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था काफी हद तक दूरूस्त कर लिया गया है। वर्तमान में मेजर फाल्ट की कोई शिकायत नहीं है। जिले में इन दिनों कई गांवों में बिजली समस्या के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। घंटों तक लाइट गुल रहने से ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था को लेकर पहले से लोगों में शिकायत रहती है, लेकिन मौसम का मिजाज बदलते ही बिजली व्यवस्था और भी अधिक गड़बड़ा जाती है। एक पखवाड़े पूर्व मौसम खराब होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी। बावन, निजामपुर, मुजाहिदपुर, जगदीशपुर, लोनार व इसके आसपास के गांवों में सप्लाई लाइन में फाल्ट आ गई थी। विद्युत वितरण विभाग के कर्मचारी इन इलाकों में सुधार कार्य में जुटे रहे। आये दिन बिजली की समस्या से ग्रामीण इलाकों में लगातार बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इन गांव में और आसपास इलाकों में बिजली समस्या जारी है बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को परेशान कर रखा है। अब भी परेशानी बनी हुई है।

▶▶ लंबी लाइन होने से आए दिन आपूर्ति रहती है प्रभावित



लोगों के अनुसार बिजली की आंख मिचौली लगातार जारी है। गर्मी के दिनों में बिजली की आंख मिचौली से परेशानी बढ़ गई है। कई बार रात अंधेरे में गुजारनी पड़ जाती है। विभाग के अनुसार अधिकांश जगहों की व्यवस्था को सुधार लिया गया है। अमले की कमी के कारण बिजली व्यवस्था सुधारने में थोड़ा समय लगता है। बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। अधिकारी सुधार करने का दावा तो करते हैं। इसके बाद भी इसमें कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। इसी वजह से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने श्रीमऊ से बिजली काटकर हरदोई से जोड़ने की मांग की है। जेई महेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया बावन क्षेत्र की बिजली हरदोई से जोड़ने की कवायद चल रही है। कुछ काम अधूरा है जल्द ही पूरा हो जाएगा।

## विधवा ने दुष्कर्म का आरोप लगाया, रिपोर्ट

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि वह गरीब व विधवा महिला है, उसके पांच छोटे बच्चे हैं। 20 जून की रात वह अपने घर से बाहर तालाब किनारे शौच करने गयी थी, तभी तालाब के किनारे पहले से बैठा गांव का युवक सऊदी ने जमीनी रंजिश के चलते उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। मामले मे कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि पर कब्जे के लिए किया जानलेवा हमला

## दबंगों ने अधेड़ के सिर पर फावड़े से किया वार, बहू को लाठी से पीटा, घायल की हालत गंभीर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। एक बिस्वा सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए पहले बहू को लाठियों से पीटा,उसे बचाने दौड़े ससुर के सिर पर फावड़ा मार कर उसे बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। जिसे सीएचसी से 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया,जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।



अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से घायल जगमोहन। अमृत विचार

कछौना कोतवाली कए बाघा डांडा मजरा इनायतपुर निवासी जगमोहन (48) शुक्रवार की सुबह अपने घर पर था, उसी बीच गांव निवासी सिद्दीक, हनीफ और अनीस अपने कुछ साथियों के साथ जगमोहन के भतीजे टैनी की पत्नी सुनीता (38) को लाठियों से पीटने लगे। सुनीता के चीख सुन कर जगमोहन उसे बचाने दौड़ा, उसी बीच हमलावरों ने उसके सिर पर फावड़े से हमला कर बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। उसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। बताया गया है कि जगमोहन के दरवाजे पर ग्राम सभा की एक बिस्वा खाली ज़मीन पर है। उस पर जगमोहन के घर का कूड़ा फेंका जाता है। हमलावर उसी ज़मीन पर कब्ज़ा करने की फिराक में हैं। उसी के चलते हमला किया गया। बुरी तरह से ज़ख्मी जगमोहन को सीएचसी कछौना पहुंचाया गया, जहां से 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया है।

### अधेड़ को पीट कर किया घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पसनेर गांव में दबंगों ने अधेड़ को लाठी अंडो से पीट कर लहूलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार शिव सिंह 47 वर्ष पुत्र मुंशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रामशंकर, रामचेला, हरिशंकर, ने दरवाजे पर आकर मुझे गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे मना करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से पीट दिया जिससे उसके सिर में व हाथ में गंभीर चोट आई है। पीड़ित शिव सिंह ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित का डॉक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है जांच कर आरोपियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग महिला ने भतीजे पर लगाया पिटाई का आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बुजुर्ग महिला ने अपने भतीजे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमद नगर निवासी रामवती पत्नी फूलचंद्र ने बताया वह शुक्रवार की शाम खाना बनाने जा रही थी। तभी उसका भतीजा महेंद्र पुत्र मेवाराम शराब पीकर आया और उसे गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर उसने लात घूंसों से उसे मारा पीटा, जिससे उसे चोटें आईं हैं। महिला ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## बहू की हत्या में दोषी सास व पति को आजीवन कैद

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश श्रद्धा तिवारी ने हत्या के मामले में आरोपित मां-बेटे को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने इन दोनों आरोपियों पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।



शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह ने बताया कि थाना लोनार क्षेत्र के सोनेपुर निवासी विनीत सिंह और उसकी माता खुन्नी देवी पर विनीत की पत्नी प्रियंका की हत्या करने का आरोप रहा। इस मामले की रिपोर्ट प्रियंका के पिता जहर सिंह ने दर्ज कराई। कहा कि उसने अपनी बेटी की शादी घटना के पूर्व विनीत के साथ की थी। इसमें उसने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद से ही कम दहेज की खातिर दोनों आरोपित उसकी बेटी को मारते-पीटते और प्रताड़ित करते रहे। जिसके चलते 16 अगस्त 2019 को उसकी बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित मां बेटे पर हत्या का जुर्म साबित पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा और 25-25 हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। इस मामले में खास बात यह रही की मुकदमे के सभी गवाह पक्ष द्रोही होने के बावजूद अदालत ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर और गवाहन के बयानों को दृष्टिगत रख फैसला सुनाया।

# स्कार्पियो की टक्कर से मैकेनिक की मौत

संवाददाता हरदोई

अमृत विचार। इंजन मैकेनिक बाइक से अपने गांव लौट रहा था,रास्ते में उसे उसका पड़ोसी मिल गया,वह भी उसके साथ बाइक पर सवार हो गया। रास्ते में हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर चरौली पुलिया पर सामने से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी,जिससे दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही इंजन मैकेनिक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है।

बताया गया है कि हरियावां थाने के सिंचाई पुरवा निवासी 40 वर्षीय अवधेश कुमार पुत्र भभूति प्रसाद इंजन मैकेनिक था। गुरुवार को वह शहर से बाइक पर सवार हो कर गांव जा रहा था। रास्ते में पिहानी चुंगी पर उसे उसके पड़ोसी गांव बैजूपुरवा निवासी 40 वर्षीय समस्त गिरि पुत्र जयनारायण गिरि मिल गया,वह भी बाइक पर सवार हो गया। आगे कोतवाली देहात की चरौली पुलिया पर सामने से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी,जिससे दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। वहां पहुंची पुलिस ने उन्हे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही अवधेश की मौत हो गई। समस्त गिरि का इलाज चल रहा है। अवधेश के परिवार में उसकी पत्नी राजकुमारी के अलावा दो बेटे व एक बेटी है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



### बाइक आमने-सामने टकराई, सेल्समैन की मौत

हरदोई, अमृत विचार। वाशिंग पाउडर की सेल्समैनी करने वाला युवक गुरुवार की शाम को बाइक से घर जा रहा था। उसी बीच रास्तें में उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची और मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार के हल्की-फुल्की चोंट आई और वह बाइक लेकर फरार हो गया। पचदेवरा थाने के कमालपुर निवासी लज्जाराम के तीन बेटों में सबसे छोटा 23 वर्षीय अरविंद वाशिंग पाउडर कंपनी का सेल्समैन था। गुरुवार की शाम को वह बाइक से घर जा रहा था। उसी बीच रास्तें में उबरी खेड़ा के पास उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे अरविंद के सिर में गहरी चोंट लगी,जबकि दूसरी बाइक सवार को हल्की-फुल्की चोंटे आई और वह फरार हो गया। बुरी तरह से ज़ख्मी अरविंद को सीधे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



## पति सहित पांच आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। थाने में एक नव विवाहिता ने अपने पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पाली थाना क्षेत्र के चौड़ाराय पहाड़पुर गांव निवासी नरेंद्र देव की पुत्री शशिवाला उर्फ गोल्डी ने पाली थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता ने उसकी शादी बीती 20 अप्रैल को कैथन नगला थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद निवासी साहुल से की थी, उसके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। दो-चार दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। पति साहुल समेत राहुल, राधा, सोनी, ओम नारायण ने बीती 8 जून को अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपए, मोटरसाइकिल व चेन की मांग कर उसे प्रताड़ित किया। 9 जून को उसके पिता और चाचा घर गए तो आरोपियों ने उनसे भी बदसलूकी की, जिसके बाद वह अपने पिता के साथ मायके आ गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप



शाहाबाद तहसीलदार को ज्ञापन देते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### विधार्थी परिषद ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने तहसील संयोजक शिवम मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। अभाविप ने हरदोई जिले में व्याप्त शैक्षिक समस्याओं के निस्तारण कराने की मांग की। जिसमें जिले में सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में एनसीआरटी की पुस्तके लागू कराने, सभी विद्यालयों की आय व्यय का विवरण विद्यालय की वेबसाइट पर अंकित करने और इसे सार्वजनिक कराने, आरटीई के तहत आरक्षित सीटों की जानकारी विद्यालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक करने, विद्यालयों के बाहर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने,जनपद के सभी लड़कियों के कालेजों के बाहर छुट्टी के समय एंटी रोमियो स्क्वाड तैनात करने, हरदोई में वर्षों से निर्मित हो चुके कृषि महाविद्यालय का संचालन शीघ्र शुरू कराने, सभी सरकारी शिक्षक जो कोचिंग पढ़ा रहे हैं तत्काल कोचिंग बंद कराने अन्यथा नौकरी ने निष्कासित किये जाने, ट्रैफिक पुलिस द्वारा छात्रों का अनावश्यक चालान तत्काल बंद कराये जाने, ऐसे विद्यालय जिनकी मान्यता कक्षा 8 तक है, लेकिन कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं उन पर तत्काल कार्यवाही करने, ऐसे महाविद्यालय जो केवल परीक्षा के समय खुलते हैं एवं पूरे सत्र भर बंद रहते हैं ऐसे कालेजों पर कार्यवाही की जाए। जनपद में चल रहे मानक विहीन कोचिंग संस्थानों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो, जनपद के समस्त शैक्षिक संस्थानों के 200 मीटर के परिधि में मादक पदार्थ पान मसाला धूम्रपान आदि की बिक्री बंद करने। बेसिक शिक्षा के अनेक विद्यालय जर्जर इमारत में संचालित हो रहे हैं इन सभी विधालयों की मरम्मत करवाये जाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई सभी समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने का कष्ट करें अन्यथा अभाविप आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।इस अवसर पर सह संयोजक इमरान वारसी,दिलीप,राजू गुप्ता सहित एबीवीपी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनों का ठहराव न होने पर दी प्रदर्शन करने की धमकी

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को काफी समय से बंद पड़ी ट्रेनो के बघौली रेलवे स्टेशन पर ठहराव को लेकर दिया ज्ञापन। बघौली में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के पदाधिकारियों ने किया धरना प्रदर्शन भाकियू के नेता मंडल अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कोरोना काल से पहले बघौली रेलवे स्टेशन पर कई रेल गाड़ियां रुकती थी।अब वो ट्रैन बघौली रेलवे स्टेशन पर नही रुकती है जिससे आम जनमानस व बघौली कस्बे के व्यापारियों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिसके चलते कस्बे के व्यापारियों का व्यापार बंद हो गया है।ट्रैन बंद होने के कारण व्यापारियों का आवागमन बंद हो गया है। जिस कारण व्यापार चौपट हो गया है।और आम जनता को भी आने जाने में काफी समस्या हो गई है।भाकियू के नेता श्री सिंह ने बताया की बघौली रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पहले कई ट्रेनों का स्टापेज था अब वह सारी ट्रेनें बंद करदी गई है।जिनको पुनः ठहराव को लेकर कई बार क्षेत्रीय सांसद व शासन प्रशासन को ज्ञापन भी दिया है। लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है।जिसको लेकर धरना प्रदर्शन किया गया अगर बघौली स्टेशन पर पुनः ट्रेनों का ठहराव नही होता है।तो अगली बार रेलवे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।ट्रैन ठहराव को लेकर बघौली रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया स्टेशन अधीक्षक ने बताया ट्रैन ठहराव को लेकर ज्ञापन मिला है जिसको लेकर ऊपर के अधिकारियों को अवगत करा दिया है जल्द से जल्द सुनवाई की जाएगी। इस मौके पर भाकियू के सभी पदाधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### भाइयों के साथ रह रही बहन ने की आत्महत्या

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। 17 वर्षीय किशोरी अपने दो छोटे भाइयों के साथ गांव में रहती थी,उसकी मां अपने छोटे बेटे के साथ लुधियाना में रह कर वहीं मज़दूरी करती है। किशोरी ने शुक्रवार को वहीं कमरें के अंदर अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। उसने ऐसा किस वजह से किया, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। टड़ियावां थाने के खजुरिया पुरवा मजरा अलीशाबाद निवासी विमलेश कुमार की मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी अपने छोटे बेटे के साथ लुधियाना में रह कर वहीं मज़दूरी करती है। गांव में उसकी 17 वर्षीय पुत्री अंजलि अपने दो भाइयों के साथ रहती थी। शुक्रवार की दोपहर अंजलि का शव वहीं कमरें के अंदर दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि जांच हो रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

## चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात किए पार

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई,

अमृत विचार। चोरों ने बीती रात्रि एक घर में पीछे से चढ़कर 25 हजार की नगदी समेत अलग -अलग सदस्यों के कमरे में रखें लगभग आठ लाख के आभूषण चोरी कर ले गए।

ठठिया मोहब्बतपुर गांव निवासी मो. सहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पांच पुत्र काम के सिलसिले में दिल्ली में रहते है। उनमें से दो पुत्र विवाहित हैं, इसके आलावा एक विवाहित पुत्री का भी माल जेवर घर पर ही रखा था। गुरुवार की रात्रि घर के पीछे से चढ़कर चोर सेफ अलमारी का लॉकर व बक्सो के ताले तोड़कर 25 हजार की नगदी और मोईनुद्दीन की पत्नी का लगभग दो लाख तीन हजार के सोने चांदी के जेवर तथा अजमुद्दीन की पत्नी एक लाख छानबे हजार रूपये के सोने चांदी के जेवर और विवाहित पुत्री मैमुनिनशा का एक लाख चालीस हजार के सोने चांदी के जेवर व प्रार्थी का एक लाख तिरसठ हजार के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। सुबह ज़ब सोकर उठे तो चोरी की जानकारी हुई। राघौपुर चौकी इंचार्ज संजय राय पुलिस के फोर्स के साथ जाँच पड़ताल की। चौकी इंचार्ज संजय राय ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध है, जांच की जा रही है।

# बिना लाइसेंस चल रहा मेडिकल स्टोर सीज

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर पर शुक्रवार को औषधि निरीक्षक ने छापा मारा। निरीक्षण में पाई गई लगभग 70 हजार रुपये की दवाएं जब्त कर दुकान को सीज कर दिया गया, वहीं कुछ दवाओं के नमूने जांच के लिए भेज दिए गए।



शुक्रवार को मेडिकल स्टोर पर जांच करती औषधि विभाग की टीम। अमृत विचार

औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष ने बताया कि आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी कि थाना कासिमपुर के हुसैनपुर में आशुतोष पुत्र कृष्णपाल बिना किसी लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चला रहा है। सहायक आयुक्त औषधि ब्रजेश कुमार के निर्देशन में उक्त दुकान पर छापा मारी की गई। छापे में पता चला कि दुकान का लाइसेंस नहीं है। इस पर दुकान में रखीं लगभग 70 हजार रुपये की दवाएं जब्त कर ली गईं। दुकान को सीज कर दिया गया। तीन एलोपैथिक औषधियों के नमूनों को संग्रहीत कर जांच/विश्लेषण के लिए राजकीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला मेरठ भेज दिए गए। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध परिवाद दाखिल किया जायेगा।

**जागरूकता** आईएमए के सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर महिलाओं को किया जागरूक

# मां के दूध से होता कई बीमारियों से बचाव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। स्तनपान सप्ताह की तैयारियों के बारे में आईएमए के सदस्यों ने एक प्रेसवार्ता कर बताया। बाल रोग विशेषज्ञ डा. सीके गुप्ता ने बताया कि बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए छह माह तक केवल मां का दूध मिलना अति आवश्यक होता है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यह सौभाग्य 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों को ही प्राप्त हो पाता है।

कहा कि मां के दूध से बच्चों का कई तरह की बीमारी से बचाव होता है, बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।



कार्यक्रम में जानकारी देते डा. सीके गुप्ता। अमृत विचार

उन्होंने यह भी बताया कि मां और बच्चे के बीच में एक मज़बूत आबंधन भी बनता है। साथ ही साथ परिवार को दूध खरीदने, बोतलों को बार-बार खरीदने उबालने और बार-बार डॉक्टर को दिखाने के ख़र्च और समय की बर्बादी से छुटकारा भी मिलता है। इन सब फ़ायदों से भी बढ़कर फ़ायदा है कि देश को एक स्वस्थ एवं मज़बूत नागरिक मिलता है। स्तनपान कराने वाली माताएं स्तन कैंसर, अंडाशय कैंसर और मोटापे से बची रहती हैं। उन्होंने बताया कि दो अगस्त को गोष्ठी रखी गई है और निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। दो व तीन अगस्त को पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। डा. अजय अस्थाना ने बताया कि मां का दूध बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है, जिससे बच्चे बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं। डा. तिरुपति आनंद ने कहा कि स्तनपान कराने वाली महिलाएं तमाम बीमारियों से बची रहती हैं। स्तनपान कराने से गर्भ ठहरने की संभावना कम रहती है, जिससे दो बच्चों के बीच अंतर रहता है और बच्चे स्वस्थ्य रहते हैं। प्रेसवार्ता में डा.सुरेश अग्निहोत्री, डा. अखिलेश पटेल, डा. विमलेश पटेल, कीर्ति कृष्णा बाल चिकित्सालय के डायरेक्टर अर्पणा गुप्ता मौजूद रहीं।

## बच्चों के अंदर होनी चाहिए सवाल करने की प्रेरणा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जनपद के पं बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में विद्याभारती द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के अष्टम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद एवं क्षेत्रीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख राजकुमार उपस्थित रहे। डीआईओएस ने कहा कि बच्चों के अंदर सवाल करने की प्रेरणा पर जोर दिया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने 21वीं सदी के शिक्षक आदि पर विस्तार से चर्चा की। कहा 20वीं और 21वीं सदी में जो बदलाव व प्रगति हुई है उस पर विचार किया कि हम समय के साथ समय के बदलाव के चलते हम बेहतरीन शिक्षा दे सकें। आपका रोल ऐसा हो जो बच्चों को प्रेरित कर सके विद्यार्थी आपसे डरे नही। बच्चों के अंदर सवाल करने की प्रेरणा होनी चाहिए। द्वितीय सत्र क्षेत्रीय संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख राजकुमार ने लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अर्ली चाइल्ड केयर पर विशेष जोर दिया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा विद्या भारती शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी विपिन, सीतापुर संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह, साकेत संभाग मिथिलेश सिंह, प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख देवेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य क्षेत्र से कब्जों को हटाया जाए: डीएम

## नैमिषारण्य में नवागत जिलाधिकारी ने की पूजा-अर्चना, विकास कार्यों की देखी हकीकत

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिष में सर्वप्रथम चक्रतीर्थ, मां ललिता देवी मंदिर एवं हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजन अर्चन किया। उन्होंने चक्रतीर्थ के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा नैमिषारण्य में कराए जा रहे कार्यों को देखा। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, वे मानक के अनुरूप हों तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नैमिषारण्य क्षेत्र के परिसर की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र के आसपास जो अवैध कब्जा है, उसको हटवा दिया जाए। नैमिषारण्य एक तीर्थ है, विभिन्न स्थानों से यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करने आते हैं हम सभी चाहते हैं कि जो भी श्रद्धालु यहां पर आए, उनके लिये हर सुविधा यहां पर मुहैया कराई जाए उन्हें किसी प्रकार की कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नैमिषारण्य निरीक्षण भवन में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पर्यटन के अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत अब तक किये गए कार्यो की समीक्षा की। उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह से नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ में निमार्णाधीन प्रवेश द्वार, प्लाजा, टेंडर आदि कार्यों की लागत व अब तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। हेलीपैड, ललिता देवी मंदिर, परिक्रमा के पड़ावों, साइनेज बोर्ड, लेआउट नक्शा, भूमि अधिग्रहण आदि की अब तक बनी रणनीति व कार्ययोजना का अवलोकन कर कार्यदायी संस्थाओं व उनके प्रतिनिधियों से आगे की रणनीति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित संथाओं को निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप व पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें। उन्होंने पर्यटन अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुये कहा कि जल्द ही अगली बैठक कर परियोजनाओं को मूर्तरूप देने पर विशेष रणनीति के तहत कार्य करेंगे।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


नैमिषारण्य के मंदिर में पूजन-अर्चन करते नवागत डीएम अभिषेक आनंद।


नैमिषारण्य में कराये जा रहे विकास कार्यों को देखते डीएम अभिषेक आनंद।

### शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट हों शिकायकर्ता

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चेंबर में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुना एवं दूरभाष पर वार्तालाप कर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी कहा कि कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी की जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा उपस्थित रहीं।

### चलाया गया स्वच्छता अभियान


थाना नैमिषारण्य को जाने वाले मुख्य मार्ग पर सफाई करता सफाईकर्मी।

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर। नवागत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आगमन की सूचना मिलते ही समस्त विभागीय कर्मी सक्रिय नजर आए। ठाकुरनगर से नैमिषारण्य जाने वाले मार्ग पर सफाई कर्मी साफ सफाई करते नजर आए। फिलहाल डीएम का काफिला इस रास्ते पर नहीं आया परंतु कमियों को छिपाने के लिए विभागीय कर्मचारी सक्रिय भूमिका में नजर आए। विदित हो कि इसी रास्ते पर नैमिषारण्य का मुख्य थाना, हेलीपोर्ट, राजकीय महिला महाविद्यालय, पीएसी शिविर एवं रुद्रावर्त तीर्थ भी पड़ता है। डीएम के आगमन से पहले यह मार्ग कम चौड़ा होने के चलते ट्रैक्टर ट्राली एवं कार काफी देर तक फंसे रहे एवं लंबा जाम भी लग गया।गनीमत यह रही कि डीएम का काफिला इस मार्ग से नहीं गुजरा, वरना नवागत जिलाधिकारी को भी इस जाम का सामना करना पड़ता।

## एक नजर

### जिला पंचायत की बोर्ड बैठक अब 4 जुलाई को

**सीतापुर, अमृत विचार।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया है कि अध्यक्ष जिला पंचायत की अनुमति से जिला पंचायत की बोर्ड बैठक शनिवार को सुबह 11 बजे से नेहरू हॉल जिला पंचायत में आहूत की गयी थी, लेकिन वर्तमान में लोकसभा का सत्र चलने के कारण शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था के अनुसार पूर्व आहूत बोर्ड बैठक को संशोधित करते हुए अब यह चार जुलाई को होगी।

### पूर्व सभासद के ड्राइवर की बाइक चोरी

**तम्बौर, सीतापुर।** पूर्व सभासद के घर के बाहर खड़ी उनके ड्राइवर की बाइक चोरी हो गई। चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है। थाना तम्बौर के बैठूपुरवा निवासी मोहम्मद हस्सान नगर पंचायत के पूर्व सभासद हाजी मोहम्मद इकरार गौरी के यहां ड्राइवर हैं। जिनके कस्बे के मोहल्ला तेलियन टोला स्थित घर के बाहर से शुक्रवार की सुबह मोटर साइकिल चोरी हो गयी। पीड़ित ने तम्बौर थाने में तहरीर दी है। थाना तंबौर प्रभारी विजयेंद्र सिंह से उनके निजी नंबर से सम्पर्क किया गया तो मोबाइल बन्द मिला।

### गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाएं प्रधान

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय विकासखंड सभागार में शुक्रवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संचारी रोगों को लेकर बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों व सचिवों व यूनिसेफ के बीएमसी अखिलेश पांडे ने प्रतिभाग किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा ने संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के बारे में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों से ग्रामों में विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा।

## सार-संक्षेप

### स्कूल पहुंचने पर बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत


स्कूल आने वाले बच्चों का स्वागत करतीं शिक्षिका। अमृत विचार

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्र-छात्राओं के विद्यालय में प्रथम आगमन पर ऐलिया ब्लॉक के अधिकतर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कहीं फूल- माला व गुब्बारों से विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया तो कहीं पर बच्चों के तिलक लगाकर उनको मिठाई, हलुआ व खीर खिलाया गया। इसी कड़ी में ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भगवन्तपुर में प्रधानाध्यापक अश्वनी सिंह, सहायक अध्यापक अंकिता गर्ग, नीरज कुमारी ने विद्यालय के गेट को सजाया तथा गेट पर वेलकम लिखकर सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय बेलगवां में प्रधानाध्यपिका सुषमा सचान के द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने चित्रकला और मिट्टी के खिलौने बनाए। सभी को ग्राम प्रधान जफर खां ने खीर का वितरण किया। इस दौरान सहायक अध्यापिका मधुलिका अवस्थी, पूजा सक्सेना, नीतू वर्मा, सरिता कनौजिया, शिक्षामित्र मो. सादाब खां, मीना देवी मौजूद रहीं। प्राथमिक विद्यालय शेरपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यपिका शालिनी मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं का टीका लगाकर स्वागत किया गया।

### अराजकतत्वों ने की बालाजी की मूर्ति खंडित, आक्रोश


मूर्ति खंडित होने के बाद मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में अराजक तत्वों ने बालाजी की मूर्ति खंडित कर दी। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरिया स्थित बालाजी मंदिर में मूर्ति खंडित होने पर हड़कंप मच गया, शुक्रवार सुबह जब पुजारी विनोद कुमार बाजपेई एवं श्रद्धालु जन मंदिर के अंदर पूजा करने के लिए गए तो खंडित मूर्ति देखकर अवाक रह गये। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में जमा हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी तरह का कोई विवाद मंदिर को लेकर नहीं था। सभी ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर की स्थापना की गई थी। बालाजी की मूर्ति क्यों तोड़ी गई और किसने तोड़ी है इसकी अभी जानकारी नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि माता जी की मूर्ति के वस्त्र भी फाड़ कर फेंक दिए गए हैं व लड्डू गोपाल व सालिक राम भगवान की मूर्ति गायब है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित भारी पुलिस बल ने मौके की जांच की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने बताया कि, किसी अराजक तत्व ने बालाजी भगवान की मूर्ति को खंडित कर दिया है। गांव में शांति बनी हुई है और खंडित मूर्ति के स्थान पर नई मूर्ति की स्थापना की जा रही है। शांति व्यवस्था के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### ग्रामीणों ने रंगेहाथ चोर को पकड़ा


ग्रामीणों से बात करते उपनिरीक्षक राम आसरे चौधरी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला अंबरसंराय में मोहल्लेवासियों ने एक बंद पड़े मकान में चोरी करते हुए एक चोर को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। राम जीवन मौर्य निवासी ग्राम ईरापुर का नगर क्षेत्र के मोहल्ला अंबरसंराय में मकान है। यहां उनके परिवार के बच्चे रहकर पढ़ते हैं। शुक्रवार दोपहर जब बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय गए थे तभी एक चोर उनके मकान के कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा सामान चोरी करने लगा, खटपट की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने रंगे हाथ चोरी करते हुए एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम आसरे चौधरी ने उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि कथित चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कोई प्रार्थनापत्र नहीं मिला है।

### मामूली विवाद में चलीं लाठियां, पांच लोग घायल

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग दो स्थानों पर मामूली विवाद में हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराकर केस दर्ज किया। थानाक्षेत्र के हरनीखुर्द निवासी अंकित ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि ट्रैक्टर दरवाजे पर खड़ा था जिसमे लगी डेक से चिप गायब हो गयी। पता चला विमल के कहने पर मुहल्ले का एक लड़का उसे ले गया। जब वह पूछने गया तो गाली गलौज करते हुए उससे मारपीट पर आमादा हो गया। मारपीट में अंकित व उसकी मां घायल हो गये। वहीं विपक्षी विमल ने तहरीर में आरोप लगाया कि अंकित के ट्रैक्टर से चिप चोरी हो गयी थी जिसको लेकर वह गाली गलौज कर रहा था विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारने पीटने लगा जिसमे उसे व उसके भाई श्रवण को चोटें आयी हैं। जसवंतपुर निवासी वीरेंद्र सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि कुछ समय पूर्व गांव के ही अमर सिंह उर्फ दरोगा को अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया था। विपक्षी खरीदी गयी जमीन से ज्यादा पर दीवार निर्माण करा रहा था मना करने पर विपक्षी अमर सिंह व उसके पिता ने लाठियों से पिटाई कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों मामलों में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नवविवाहिता ने दिखाया साहस, भागा बाइक सवार

संवाददाता, थानगांव, सीतापुर

▸▸ घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाकर कहीं ले जा रहा था

**अमृत विचार।** गुरुवार की रात एक नवविवाहिता अपनी ससुराल मोतीलालपुरवा जा रही थी तभी रास्ते में अंधेरा हो गया। साधन के इन्तजार में बाबा कुटिया बाजार में एक आम की दुकान पर वाहन का इंतजार कर थी। इसी बीच एक अनजान बाइक सवार हमदर्द बनकर आ गया। उसने उसे उसके घर छोड़ने की बात कहकर लगभग 30 किलोमीटर दूर थानगांव थाना क्षेत्र के लालपुर गांव अपने घर लेकर चला गया।

शुक्रवार की सुबह नवविवाहिता को बाइक से लेकर तेज रफ्तार में कहीं जा रहा था। तभी रास्ते में महिला को कुछ शक हुआ और वह चिल्लाने लगी। इसकी जानकारी बछवरिया के ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने महिला की मदद के लिए बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। ऐसे में परेशान महिला ने उसकी पीठ में दांत से काट लिया। जिस पर वह महिला को रास्ते में छोड़कर मौके से भाग निकला। महिला के अनुसार 6 माह पूर्व मोतीलाल पुरवा निवासी भानू के साथ शादी हुई थी, तभी से महिला अपने मायके गरेडी हाटा से गोरखपुर होकर ट्रेन से आना-जाना बताया। गुरुवार को गोरखपुर से ट्रेन पर सवार होकर महमूदाबाद रात्रि नौ बजे पहुंचीं। जहां से आटो पर सवार होकर अपने घर जाना चाहती थी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में गुरुवार रात किसी अज्ञात वाहन ने एक वर्षीय अधेड़ को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रात में ही शव को अपने कब्जे में लेकर सीएचसी ऐलिया भिजवा दिया।


फाइल फोटो

इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में बीती रात हरगांव-महोली रोड पर रामेश्वरपुर पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने एक 50 वर्षीय अधेड़ को टक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए वहां से फरार हो गया। चूंकि रात का समय अधिक हो जाने व हादसा गांव से हटकर मेन रोड पर होने के कारण ग्रामीणों को रात में हादसे की जानकारी भी नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर रात में सीएचसी ऐलिया भिजवा दिया। सुबह ग्रामीणों को हादसे की जानकारी हुई। घटनास्थल पर मृतक की चप्पल पड़ी देखकर गांव में जानकारी की गई तो मृतक की पहचान नरेश (50) पुत्र श्याम लाल निवासी हरिनारायनपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर के रूप में हुई। नरेश की मौत की सूचना से परिवार में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन सीएचसी ऐलिया पहुंचे।


अधेड़ के घर के बाहर मौजूद लोग। अमृत विचार

शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और मौका मुआयना कर जांच-पड़ताल की।ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था और शराब के नशे में ही रात में वह घर से निकला था, लेकिन रात में हादसे की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि नरेश शराब पीकर रोड पर इधर-उधर भटक रहा था इसी बीच किसी अज्ञात वाहन से उसका एक्सीडेंट हो गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# पहल प्रोजेक्ट का किया गया समापन

▸▸ 50 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** यस फाउंडेशन की तरफ से बीते 9 माह से खैराबाद में जारी पहल प्रोजेक्ट का समापन शुक्रवार को हुआ।

समापन समारोह मे उपस्थित सभी 50 प्रतिभागियों को कार्यक्रम के प्रभारी फैसल खान ने प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम का उद्देश्य था कि संविधान के नौ मूल्यों के प्रति युवाओं में एक सोच के साथ समझ पैदा करके संवाद करें व सभी मूल्यों का सरलतापूर्वक समावेश कर सकें। कार्यक्रम के दौरान आये सभी प्रतिभागियों ने पहल प्रोजेक्ट को लेकर अपने-अपने अनुभव साझा किये, साथ ही बताया कि इस 9 माह की जर्नी के दौरान उनके अंदर अभूतपूर्व बदलाव हुआ है। फिर चाहे वह बातचीत मे सहजता हों या फिर अपनी बात को सभी के सामने सरल तरह से रखना हों। इस दौरान ताहा शफीक, रामशा, अर्चना रुमाशा, अल्फिशा, निदा, राधा. राखी. नौशीन, तस्लीम, सबा, सना, शहनूर, विशाल,आरती, कृतिका, कृति, निधि, नंदनी, अदनान, हाम्मद, अमन, पारस, बुशरा, सबीहा आदि मौजूद रहे।


प्रोजेक्ट में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों के साथ मौजूद कार्यक्रम प्रभारी फैसल।

### फायरिंग कर दबंगों ने फैलाई दहशत

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते दहशत फैलाने के लिए दबंगों ने तीन राउंड फायरिंग की। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गुजरा गांव निवासी दामोदर सिंह गुरुवार की देर रात अपने घर के बाहर परिवार के लोगों के साथ बैठे थे। अचानक गांव के ही अनिल सिंह, अमर सिंह, पिंटू सिंह व नौ अज्ञात लोग मोटरसाइकिलों से दामोदर सिंह के घर पर आकर पुरानी रंजिश में गालीगलौज करने लगे और जान से मारने की नीयत से तीन राउंड फायरिंग की। दामोदर सिंह व घर के अन्य सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचायी। गोलियों की तड़तड़ाहट गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण इकट्ठा होने लगे तो आरोपी भाग निकले।

# सम्मान निधि पाने वाले किसान करा लें केवाईसी

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को ग्राम पंचायत अनियाकलां व दारा नगर में बैठक का आयोजन किया गया।

ग्राम अनियां कलां में ग्राम सचिव सत्येंद्र वर्मा व ग्राम दारानगर में एडीओ कृषि राजकुमार वर्मा ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि, सभी लोग जिनको किसान सम्मान निधि मिल रही है, वे अपनी-अपनी केवाईसी अवश्य करा लें व जिनको किसान सम्मान निधि नहीं प्राप्त हुई है वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी दी गई सरकार गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया करा रही है, जिसमें आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत 6 यूनिट के राशन कार्ड धारक अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं। इस मौके पर ग्राम सचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि 60 वर्ष पूरे कर चुके लोग, वृद्धा पेंशन के लिए अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें, विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन, हर घर जल योजना, मुफ्त कनेक्शन सुविधा ब परिवार में मुखिया की मृत्यु होने पर पारिवारिक लाभ जो भी योजनाएं हैं इसका लाभ उठाएं। ग्राम सचिव सुमिन्द्र यादव ने बताया कि अगर किसी ग्राम पंचायत में किसी का जन्म या मृत्यु होती है तो 21 दिन में पंजीयन अवश्य करवा लें।

दिये निर्देश | बीआरसी कार्यालय पर प्रधानाध्यापकों के साथ संपन्न हुई समीक्षा बैठक

# एबीएसए ने बैठक में जानी स्कूलों की प्रगति रिपोर्ट

संवाददाता, कमलापुर/सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड कसमंडा इलाके में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र नाथ प्रजापति ने कई बिंदुओं पर चर्चा की गई ,जिसमें विद्यालय की साफ सफाई, प्रेरणा पोर्टल पर नवीन बच्चों का रजिस्ट्रेशन एवं डीबीटी एप से सभी बच्चों के सत्यापन की प्रगति सहित प्रेरणा पोर्टल पर पुस्तक वितरण फीडिंग प्रगति कार्य सहित अन्य बिन्दुओं की प्रगति रिपोर्ट पर जानकारी ली। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ की गयी। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों के साथ संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में चर्चा, नवीन नामांकन एवं उपस्थित पर चर्चा, नवाचारी शिक्षक द्वारा विद्यालय में किये जा रहे कार्य,नवाचार का प्रस्तुतीकरण, समस्त अध्यापकों द्वारा दीक्षा एप पर कितने पाठ्यक्रम पूर्ण किया इसकी जानकारी ली। इसके साथ ही विद्यालय को निपुण बनाने हेतु प्रधानाध्यापक द्वारा कार्य योजना की प्रस्तुतीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर के सापेक्ष असंतृप्त पैरामीटर के संबंध में ग्राम पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित करने की स्थिति व कायाकल्प की सूचना भी निर्धारित पर हार्ड कॉपी देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने विद्यालयों में पुस्तकालय कक्ष की स्थापना, उपयोग प्रबंधन बुक क्लब रीडिंग कॉर्नर की स्थापना प्रयोग की प्रगति जानी। बैठक में एआरपी हिमांशु शुक्ला, नीलम वर्मा सहित कसमंडा ब्लॉक के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिका सहित बीआरसी के कर्मचारी मौजूद रहे।


बीआरसी पर प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करते खंड शिक्षा अधिकारी।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग, प्रदर्शन

▸▸ युवक की हत्या कर शव लटकाये जाने के मामले में प्रेमिका और उसके साथी प्रधान पर आरोप

संवाददाता, बिसवां/सीतापुर

**अमृत विचार।** रेउसा थाना इलाके मे प्रेमिका से मिलने गये एक युवक की मौत के मामले में नामजद प्रेमिका और ग्राम प्रधान की की गिरफ्तारी न होने पर मृतक परिवार के समर्थन में आजाद समाजवादी पार्टी काशीराम के कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करके आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने एक सप्ताह का समय पुलिस को देकर सीओ को ज्ञापन सौपकर विभिन्न मांगों पर अमल किये जाने की मांग की है। सीओ के आश्वाशन के बाद प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन खत्म कर दिया। पप्पू कुमार पुत्र दीनबंधु निवासी ऊचगांव थाना सकरन लखनऊ में रिक्शा चलाने का काम करता था। घटना के 15 दिन पहले वह लखनऊ से वापस आया था। बताया जाता है कि बीती 24 जून को उसका शव रेउसा के सोनावा गांव के बाहर एक पेड़ से लटकता मिला था। वह अपनी विधवा प्रेमिका से मिलने गया था। मौत की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने शव का दाह संस्कार करवा दिया था। पत्नी कामिनी का आरोप था कि उसके पति की हत्या कुछ लोगों द्वारा की गई है। उसका पति आरती नामक महिला के साथ रह रहा था। उसने अपने साथियों से मिलकर उसके पति की हत्या कर दी और शव पेड़ में लटका दिया, जिससे मामला आत्महत्या में तब्दील हो जाये। पप्पू के परिवार में उसकी पत्नी के चार बच्चे हैं।

परिजनों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दो दिन पूर्व प्रेमिका महिला और ग्राम प्रधान के खिलाफ केस दर्ज किया था। शुक्रवार को आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के चलते आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार भारती के नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सीओ को आरोपियों को जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## एक नजर

### मुक्तिधाम पर लगा सरकारी नल खोल ले गए चोर

**सिंगाही, अमृत विचार :** कस्बे के सिंगाही–निघासन मार्ग पर स्थित मुक्तिधाम में इंडिया मार्का हैंडपंप लगा था, जिससे लोगों को काफी सुविधा थी। गुरुवार की रात चोरों ने हैंडपंप पर हाथ साफ कर दिया। चोर नल की मशीन व उसमें लगे पाइप खोले ले गए।

### चोरी की रिपोर्ट 18 वें दिन की गयी दर्ज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने गांव मान में हुई चोरी की रिपोर्ट 18 वें दिन दर्ज की है। बता दें कि गांव मान निवासी रेनू देवी पत्नी सोबरन लाल के घर 9 जून को चोर घुस गए थे और एक मोबाइल, एक जोडी कुंडल, एक जोड़ी पायल, दो जोडी बिछिया, नगदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए थे। पीड़ित महिला ने अगले दिन कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

### अज्ञात लोगों ने गुड़ प्लांट में लगाई आग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर लहबड़ी निवासी जगमोहन गौतम ने बताया कि उसका गुड़ प्लांट गांव के बाहर लगा है। गुरुवार की रात करीब नौ बजे वह अपने घर खाने खाने गया था। तभी अज्ञात लोगों ने उसके प्लांट में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों में बैगास के दो गूंगा, सहित छप्पर में रखा करीब तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विद्यालयों में तिलक लगाकर बच्चों का हुआ स्वागत

## सभी परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किये गये स्वागत कार्यक्रम, नौनिहालों को दिये गये उपहार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद शुक्रवार से परिषदीय विद्यालय फिर से गुलजार हो गये। स्कूल खुलते ही भले ही छात्रों की संख्या कम रही लेकिन पहले दिन स्कूल पहुंचे छात्रों का शिक्षकों ने तिलक लगाकर और उपहार देकर उनका स्वागत किया। जिले के विभिन्न स्कूलों में प्रवेशित बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेंसिल, टाफी आदि उपहार देकर उनका स्वागत किया गया। समस्त बीईओ ने इलाके के कई विद्यालयों का भ्रमण कर छात्र छात्राओं का स्वागत कर उनकी हौसला-आफजाई की।

भीषण गर्मी के चलते शासन ने सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया था। करीब एक माह तक सभी विद्यालय बंद रहे। शुक्रवार को सभी स्कूलों के खुलते ही बच्चों से परिसर गुलजार हो गया। सरकारी स्कूलों में साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। विकास क्षेत्र रेउसा के प्राथमिक विद्यालय भिठौली में स्कूल को आने वाले बच्चों का प्रधानाध्यापक अभिषेक त्रिपाठी, लाल जी सहायक अध्यापक, सचिता, नूर बीबी शिक्षा मित्र और शिक्षामित्र कुलदीप श्रीवास्तव ने तिलक लगाकर व हलवा खिलाकर स्वागत किया। बंद स्कूलों में बच्चों के पहुंचते ही रौनक छा गई।

विकासखंड बिसवां इलाके के परिषदीय स्कूलों के बच्चे साथियों के साथ चहकते नजर आए। खंड शिक्षा अधिकारी शिवमंगल वर्मा ने एक दिन पहले समस्त प्रधानाध्यापक की बीआरसी पर बैठक कर निर्देश दिए थे। उनके निर्देशानुसार विद्यालय आने पर बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया तथा उन्हें हलवा परोसा गया। निकटवर्ती स्कूल बेनीपुर के प्रधानाध्यापक मुरारीलाल श्रीवास्तव जो की जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हैं, ने बताया कि इस बार विभाग द्वारा की गई यह अनोखी पहल सराहनीय है। लंबी छुट्टी के बाद बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति इस व्यवस्था का ही परिणाम है।




स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करतीं अध्यापिका व सजकर तैयार स्कूल में मौजूद छात्र व टीचर। अमृत विचार



बच्ची को टीका लगातीं शिक्षिका प्राची।

### गुब्बारों और रंगीन झंडियों से सजे विद्यालय, बच्चों का स्वागत

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** अवकाश के उपरांत शुक्रवार को पहले दिन विद्यालय खुलने पर छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालयों को गुब्बारों और रंगीन झंडियों से सजाया गया था। शिक्षकों ने टीका लगा कर तथा माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया। विद्यालयों में समर कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने निकटतम दर्शनीय स्थल का भ्रमण किया व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, चित्र कला तथा अपनी पसंद के खेलों में प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में छात्रों ने गांव के धार्मिक स्थल जगदा बाबा मंदिर का भ्रमण किया। जंगल में मंगल रोल प्ले के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। पहले दिन बच्चों को हलवा वितरित किया गया। नवाबनगर में छात्रों को टीका लगा कर स्वागत किया। जूनियर हाईस्कूल मस्जिदया और डिंगुरापुर में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जूनियर हाईस्कूल मानपुर तथा प्राथमिक विद्यालय नौव्वापुर एवं शाहाबाद में भी समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और छात्रों को खीर, हलवा व मिष्ठान्न का वितरण किया गया।



विभिन्न वेशभूषा में विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रोस्टर के अनुसार कराई जाये फॉगिंग व चूने का छिड़काव



संचारी रोग अभियान की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग अभियान की बैठक जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में संपन्न हुई। संदीप कुमार बीएमसी यूनिसेफ द्वारा संचारी रोग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। इसमें नगर पंचायत हरगांव क्षेत्र में समस्त नाले–नालियों की साफ–सफाई एवं एंटी लार्वा का छिड़काव तथा चूने का छिड़काव एवं रोस्टर के अनुसार फॉगिंग प्रतिदिन कराई जाने के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे बैक्टीरियाजनित रोगों, जलजनित रोगों की रोकथाम हो सके व डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों से लोगों को सुरक्षित किया जा सके। इसके साथ–साथ डायरिया अभियान के तहत ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियों के वितरणय की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर श्रीश मिश्र अधिशासी अधिकारी व संजीत कुमार यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय व सन्तोष कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव तथा नगर पंचायत हरगांव के सभासद सुएब खां, जगन्नाथ प्रसाद, अनुपम अवस्थी, ऋषभ गुप्ता, मंसूर अली, मो. अनीस, हारून कुरैशी, दानिश नकवी व नगर पंचायत के लिपिक रवि शंकर गुप्ता, दीपक कुमार, अहिबरन लाल, अनूप कुमार गुप्ता, मनोज अवस्थी, आशुतोष शुक्ला ललित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने अवैध बालू से लदी ट्राली पुलिस के हवाले की

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार की सुबह अवैध खनन कर बालू ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली को ग्रामीणों ने रोकने का प्रयास किया। चालक ने ग्रामीणों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण सड़क पर ही बैठ गये। इस पर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने ट्रॉली को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। त्रिलोकपुर निवासी रामकिशोर ने बताया शुक्रवार की सुबह हरेश कुमार, महेंद्र पटनी के पास किवानी नदी से अवैध खनन कर बालू से लदी ट्राली ले जा रहे थे। तभी बिसवां थाना क्षेत्र बघेलिया के पास ग्रामीणों ने रोक लिया। बताया जा रहा है बालू से लदी ट्राली को ग्रामीणों ने रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने उन्हें कुचलने का प्रयास किया। अन्त में ग्रामीण जान जोखिम डाल कर रास्ते पर बैठ गए। जिस कारण ड्राइवर ट्रैक्टर ट्रॉली को सड़क किनारे एक खेत में छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है वहीं राजस्व टीम ने खनन स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। खनन अधिकारी ने बताया कि पुलिस और राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी। विगत दिनों सकरन थाना क्षेत्र की पटनी ग्राम पंचायत में ग्रामीण विपिन यादव, कामता, लल्लन, संदीप, नीरज आदि किवानी नदी में लगातार हो रहे अवैध बालू खनन की शिकायत खनन विभाग को आईजीआरएस के माध्यम से की थी। इसके बावजूद भी क्षेत्र में अवैध बालू खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई ट्रॉली।

### घर का मोटर खुला रहने से सड़क पर जलराव



सड़क पर हुआ जलभराव। अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** काशी नगर चौराहे के निकट एक मकान से करीब दो घंटे तक पीने का पानी बहता रहा। इससे सड़क पर जलभराव हो गया। घर से बहता पानी देखने वालों को मजमा लग गया। बताते हैं कि शुक्रवार को गृहस्वामी घर में ताला डालकर कहीं चले गए। इसके बाद घर से अचानक पानी बहने लगा। देखते ही देखते पानी सड़क पर तक भर गया। इससे सड़क के हालात बारिश के दौरान होने वाले जलभराव जैसे हो गए।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत खानपुर मोहिद्दीनपुर के पंचायत भवन गुलरी पुरवा में शुक्रवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय व प्रदेश सरकार के तत्वावधान में प्रदेश में मोबाइल प्रौद्योगिकी के माध्यम से अगली पीढ़ी की ई-सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करना जैसे ई-कृषि, ई-शिक्षा और ई-स्वास्थ्य के लिए सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया।

सर्वेक्षण के डेटा संग्रह कर्ताओं में प्रमुख शुभ्रांश व उनके सहयोगी आस्था व महिमा व डेटा संग्रह अभियान में एएनएम, आशाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर डेटा संग्रह कर्ताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व शिक्षा के अभ्यासों में सुधार लाने, आशा व एएनम को स्मार्टफोन आईटी आधारित सहायता प्रणाली के कार्यों में सक्षम बनाकर स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाने, कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए डिजिटल डेटाबेस, डेटा संग्रह प्रणाली और डिजिटल उपकरण को बेहतर बनाने के लिए जानकारी दी। इसी क्रम में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत एक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते हुए संचारी रोगों से बचाव के लिए और साफ सफाई के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर गांव को स्वच्छ रखने एवं कहीं पर भी पानी न जमा होने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने, मच्छरों के बचाव के लिए मच्छरदानी के उपयोग एवं जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान अनीता देवी, बीएचडब्ल्यू आशा मिश्रा, एएनएम अनमिता बाजपेई, राजरानी, सायरा बानो, कमला देवी, पूजा देवी, पुष्पा देवी, गीता सिंह, राजेश्वरी, साबुरुन निशा सहित आंगनबाड़ी व आशा मौजूद थीं।




गुलरीपुरवा में सर्वेक्षण के शुरू होने पर मौजूद आशा बहुएं व संस्था के पदाधिकारी।

# आखिर क्यों मेहरबान हैं पावर कारपोरेशन के अधिकारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र में हेमपुर गांव के निकट बड़ी नहर पटरी पर एचटी लाइन की चपेट में आने से मां बेटे और भाई की मौत के मामले में शासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता को हटा दिया है, पर दो दिन हो जाने के बाद भी उन्हें रिलीव नहीं किया गया है।

17 जून को पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी इलाके के गांव बहादुरपुर निवासी बबलू (21) पुत्र अमरीश अपनी शादी के कार्ड बांट रहा था। दो जुलाई को उसकी शादी थी। वह नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ललपुरवा अपनी बहन मंजू देवी के यहां कार्ड देने गया था। उधर से उसके साथ बहन मंजू देवी (28), भांजा अनमोल (5), भांजी खुशी (3) और बबलू की मां बिंदिया (55) एक ही बाइक पर सवार होकर बहादुरपुर जा रहे थे। बताते हैं कि जब वह हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम हेमपुर के निकट बड़ी नहर पर पहुंचे तो एचटी लाइन का तार इंसुलेटर से नीचे लटक रहा था। बबलू उसे देख नहीं पाया और उसे करंट लग गया। बाइक जलने लगी। बबलू उसकी बहन मंजू और भांजे अनमोल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बबलू की मां बिंदिया और भांजी खुशी गंभीर झुलस गए थे। उन्हें एंबुलेंस की मदद से गोला सीएचसी लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

# खुली बैठक में हुआ कोटेदार का चयन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकासखंड रेउसा इलाके में खुली बैठक में शुक्रवार को कोटेदार का चुनाव कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में कोटे की दुकान को लेकर कड़ा मुकाबला दो महिलाओं के बीच रहा। चुनाव में रहनुमा ने प्रतिद्वंद्वी से 48 मत अधिक पाकर कोटेदार बन गई।



रहनुमा।

ग्राम पंचायत अमलोरा गांव में 20 जून 2023 को भ्रष्टाचार के कारण मोनी गुप्ता की दुकान सस्पेंड कर दी गयी थी। ग्राम चिरैया में कोटे की दुकान अटैच चल रही थी। शुक्रवार को गांव अमलोरा मे स्थित प्राथमिक स्कूल में खुली बैठक पुलिस सुरक्षा में हुई। अंजू देवी पत्नी सुधाकर, रहनुमा पुत्री सरीफ, राम गोपाल पुत्र संतोष मिश्र प्रत्याशी मैदान में रहे। अंजूदेवी ने रहनुमा का समर्थन कर दिया। चुनाव के दौरान रामगोपाल को 86 मत, रहनुमा को 134 मत प्राप्त हुए। रहनुमा को प्रधान, कोटेदार संघ अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप उर्फ बड़े भैया पांडे, प्रमोद पांडे आदि ने बधाई दी।



खुली बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व पुलिस बल।

# डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल में राज्य स्तरीय सुविधा उपलब्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** डॉ श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल और साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नेत्र परीक्षण अधिकारियों का कौशल विकास (नेत्र) पर प्रशिक्षण आयोजित किया गा। अस्पताल में नेत्र रोगियों के लिए जांच से लेकर ऑपरेशन तक की सारी सुविधाएं होने की जानकारी दी गईं।

डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल द्वारा अन्धता निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों को संस्था के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ मजहर ने बताया कि अस्पताल में राज्य स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध है। इसलिए नेत्र स्वास्थ्य पर जागरूकता, रिफरल मैकेनिज्म को मजबूत करने की दिशा में सबको साथ मिल कर कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि स्पेशियालिटी सर्विस गुणवत्ता पूर्वक की जा रही है। डॉ मोहित शर्मा ने आंखों में होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ नेत्र परीक्षक विकास गुप्ता द्वारा अस्पताल की सेवाओं के बारे में बताया। विपिन पांडेय ने बताया कि जिले में संचालित 10 प्राथमिक नेत्र जांच केंद्र द्वारा समुदाय मे अंधता निवारण के लिए घर घर नेत्र जांच, उपचार किया जा रहा है। कार्यशाला में मोहम्मद जावेद, जन्मेजय अवस्थी, प्रखर पटेल, मजहर नबी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक : 25/न0पा0परि0लहरपुर/2024–25 दिनांक – 24.06.2024

**ई–टेण्डिरिंग–निविदा सूचना**

समस्त सेवाप्रदाता फर्म/कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लहरपुर सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत सालिड वेस्ट मेनेजमेन्ट जैसे डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, परिवहन एवं सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एक्ट 2016 के अन्तर्गत पूर्णतः निस्तारण कार्य हेतु उबल बिंड तकनीकी एवं वित्तीय बिड (Technical and Financial Bid) आधारित निविदाये दिनांक 24–06–2024 से दिनांक 15–07–2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। जो दिनांक 16–7–2024 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना टेण्डर के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर से तथा वेबसाइट http//etender.up.nic.in से देखी जा सकती है किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर में निहित होगा। निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश अथवा विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | कार्य की अवधि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जीएसटी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत सालिड वेस्ट मेनेजमेन्ट के अन्तर्गत पूर्वी क्षेत्र के 14 वाडों में स्थित समस्त भवनों (डोर टू डोर) से कूड़ा संग्रहण कर डम्पिंग ग्राउण्ड तक पहुंचाने का कार्य। | 1722828.00 | कार्यादेश की तिथि से 31 मार्च 2025 तक | 10 प्रतिशत रू (172282) | 5000.00 |
| 2 | नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत पूर्वी क्षेत्र के 14 बाडों में सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था। (डिवाइडर रोड, मस्जिद, नाला, सडक मलबा निस्तारण आदि) | | | | |

अनरूद्ध कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पलिका परिषद
लहरपुर, सीतापुर

जावेद अहमद
अध्यक्ष
नगर पलिका परिषद
लहरपुर, सीतापुर


लिया जायजा — वाहनों के रखरखाव सहित शस्त्रागार व स्टोर रूम की साफ–सफाई के दिए निर्देश

# एसपी ने विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण





परेड के उपरांत वाहनों के रखरखाव का निरीक्षण करते एसपी चक्रेश मिश्रा व परेड में प्रतिभाग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलाली ली। परेड की सलामी के उपरांत एसपी ने पुलिस लाइन स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने रिजर्व पुलिस लाइंस में परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। परेड ग्राउंड में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष खैराबाद, सिधौली, सकरन, रेउसा, तालगांव, मिश्रिख, इमलिया सुल्तानपुर अटरिया, महमूदाबाद, महिला थाना तथा डायल 112 पुलिस टीम के साथ ही पुलिस लाइन पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी भी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को सदैव स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी पुलिस के शस्त्रागार व स्टोर का निरीक्षण कर साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया।


## कार्यालय सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर

पत्रांक: भ–200/2024 दिनांक: 26 जून 2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–तीन–730/2024 /694 दिनांक 13.05.2024 के द्वारा वर्ष–2024–25 में मानक मद–29 अनुरक्षण के अन्तर्गत आवंटित अनुदान रू0 20 लाख के सापेक्ष जवानों के कल्याण एवं सुख–सुविधा हेतु आवासीय/अनावासीय कार्य कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। फलस्वरूप कराये जाने वाले कार्यो हेतु आवंटित अनुदान के सापेक्ष कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांकः 04/07/2024 को आमंत्रित की जाती है, जो तद्‌दिनांक को ही अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 05.00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर शर्तो को व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है।

सेनानायक
27वीं वाहिनी पीएसी
सीतापुर

## एक नजर

### शिक्षक स्वागत समारोह आज मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल की ओर से आयोजित शिक्षक स्वागत समारोह का उद्घाटन शनिवार को प्रात: 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। समारोह का आयोजन सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सीएमएस शिक्षकों व विद्यालय के पूर्व व वर्तमान मेधावी छात्रों का स्वागत व सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में आईएएस, पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित सीएमएस छात्रों, विदेशों के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा के लिए चयनित छात्रों, जेईई, नीट, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, कैट, एनडीए आदि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले सीएमएस के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा।

# कृत्रिम रेत को बढ़ावा देने के लिए एम-सैंड नीति लाएगी सरकार

## मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यावरण और नदियों के इको सिस्टम के लिए बालू, मोरंग के विकल्प में कंक्रीट रेत ज्यादा उपयोगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरंग के स्थान पर 'एम-सैंड' (कृत्रिम रेत) को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। सरकार जल्द ही एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत व मोरंग के एक नए विकल्प की उपलब्धता सुगम हो सकेगी।

शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण व नदियों के इको सिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनबल विकास को गति दी जाए। इस वजह से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के मद्देनजर एम- सैंड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना काफी अहम है, क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आम लोगों को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके और 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरंग, बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए।



शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र एम-सैन्ड्स नीति-2024 व खनन पट्टा डि-सेन्ट्रलाइजेशन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### योगी बोले

- नियंत्रण में रहे बालू, मोरंग की कीमत, मानसून में हो बेहतर भंडारण व्यवस्था
- मुख्यमंत्री ने की खनन विभाग की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### जिलास्तर पर ही ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी हो

● खनन पट्टा धारकों की सुविधा को नजर में रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जिला स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट, पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मोरंग, गिट्टी आदि उप खनिज वाहन में लोड किया जाता हो, कार्रवाई वहीं होनी चाहिए। साथ ही कहा कि बालू, मोरंग के परिवहन की जांच करते समय अनावश्यक रूप से आम जन का उत्पीड़न न हो।

### बंजर भूमि पर लगे ईंट भट्ठे कीमतें रहें नियंत्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईंट भट्ठे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें। बारिश के मौसम में बालू, मोरंग की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे। वहीं, इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है।

### क्या है एम सैंड

● ज्यादातर राज्यों में नदी की रेत पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में निर्मित रेत और कंक्रीट रेत ने निर्माण के लिए सबसे उपयुक्त और पसंदीदा रेत के रूप में नदी की रेत की जगह ले ली है। एम सैंड एक कृत्रिम रेत है जिसे कठोर पत्थरों को कुचलकर और उन्हें वीएसआई (वर्टिकल शाफ्ट इम्पैक्ट) मशीन के माध्यम से गुजारकर छोटे रेत के आकार के कणों का उत्पादन किया जाता है।

## प्रवीण कुमार बनाए गए बलिया के जिलाधिकारी

लखनऊ : शासन ने शुक्रवार को भी कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से प्रवीण कुमार लक्षकार को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजगणपति आर को सिद्धार्थनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी रहे पवन अग्रवाल को बलरामपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। आईएएस मदन सिंह गर्बियाल को कानपुर नगर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, आईपीएस आनंद प्रकाश तिवारी उप्र. से असम वापस भेजे गए हैं। 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश असम कॉडर के अधिकारी थे। बलरामपुर के कप्तान केशव कुमार को हटाकर प्रतीक्षारत किया गया है, जबकि विकास कुमार को बलरामपुर का कप्तान बनाया गया है। आलोक प्रियदर्शी को फर्रुखाबाद का कप्तान बनाया गया है। बृजेश सिंह को एटीएस से स्थानांतरित कर बदायूं कप्तान बनाया गया है।

# शाइन सिटी की 50 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेसर्स शाइन सिटी प्रॉपर्टीज लिमिटेड के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत शुक्रवार को 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की चल व अचल संपत्तियां कुर्क की हैं।

कुर्क की गई चल संपत्तियों में लग्जरी कार, आभूषण और 1.42 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है, जबकि अचल संपत्तियों में मुंबई और लखनऊ में दो आवासीय फ्लैट्स, सूरत और मुंबई में 21 वाणिज्यिक दुकानें, लखनऊ में 1 वाणिज्यिक कार्यालय स्थल और 1 वाणिज्यिक भूखंड, बख्शी का तालाब, मोहनलालगंज और बाराबंकी लखनऊ में 30.32 करोड़ रुपये की कृषि भूमि के 60 पार्सल शामिल हैं।




- कुर्क की गई चल संपत्तियों में लग्जरी कार, आभूषण और 1.42 करोड़ रुपये की नकदी शामिल
- अचल संपत्तियों में मुंबई और लखनऊ में दो आवासीय फ्लैट्स व अन्य संपत्तियां शामिल

ईडी ने रशीद नसीम और शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ पुलिस की ओर से दर्ज करीब 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। ईडी की जांच में पता चला कि आरोपी व्यक्तियों, सहयोगियों और प्रमोटरों ने कई कंपनियों को शामिल किया और रियल एस्टेट सेक्टर और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना के तहत लोगों से धन एकत्र किया। इसके बाद, लोगों को धोखा दिया और एकत्र किए गए धन को डायवर्ट किया।

ईडी की जांच में फंड ट्रेल की पहचान हुई और पाया गया कि लोगों से एकत्र किए गए धन को समूह के विभिन्न निदेशकों, प्रवर्तकों, सहयोगियों को स्थानांतरित और डायवर्ट किया गया था। इस तरह से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल करीबी विश्वासपात्रों और सहयोगियों द्वारा बेनामी व्यक्तियों के नाम पर लग्जरी कारों, आवासीय भूखंडों, फ्लैटों, वाणिज्यिक भूखंडों, दुकानों और कार्यालय की जगह और कृषि भूमि की खरीद के लिए किया गया था।

इससे पहले ईडी ने लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मुंबई और दिल्ली में 18 स्थानों पर पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली थी और कई डिजिटल डिवाइस, मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध से संबंधित दस्तावेज और संपत्तियों का विवरण बरामद किया था। ईडी ने पहले 100 करोड़ रुपये की विभिन्न अचल संपत्तियों की पहचान की और उन्हें जब्त कर लिया था।

मामले में अब तक की गई कुल कुर्की की राशि लगभग 160.28 करोड़ रुपये है। ईडी ने 7 आरोपियों शशि बाला, अभिषेक सिंह, दुर्गा प्रसाद, उधव सिंह, आशिफ नसीम, अमिताभ श्रीवास्तव और मीरा श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया और हिरासत में लेकर पूछताछ की। हिरासत में की गई पूछताछ में मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में उनकी संलिप्तता का पता चला। मामले में तीन अभियोजन शिकायत दर्ज की गई हैं और विशेष न्यायालय ने इसका संज्ञान लिया है।

## राजधानी सहित 10 जिलों में बीएड प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की बीएड व बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। लखनऊ सहित 10 जिलों के 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में 6,036 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आयोजन व संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पीके स्टालिन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही कोर कमेटी के सदस्य परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेंगे। अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी व प्रयागराज में आयोजित की जा रही है।

# नगर निगम के दो अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने शासकीय आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर नगर निगम आगरा और लखनऊ के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। नगर निगम, आगरा में उप्र. पालिका (केन्द्रीयित) स्वास्थ्य सेवा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द्र को जहां शासकीय आदेशों की अवहेलना की वजह से निलंबित किया गया। वहीं, नगर निगम, लखनऊ में जोन-7 के अधिशासी अभियंता (सिविल) बिजेन्द्र पाल को अपने पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों निलम्बित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी गई है।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शुक्रवार को निलम्बन आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निगम आगरा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर को दिसम्बर 2023 में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में इसी पद पर तैनाती के आदेश दिए गए थे। जिस पर महेश चन्द्र की ओर से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। साथ ही इस अनुशासनहीनता पर उनका स्पष्टीकरण मांगने पर भी उन्होंने शासकीय आदेशों की अवहेलना की थी।

इसी प्रकार लखनऊ नगर निगम में जोन-7 के अधिशासी अभियन्ता (सिविल) बिजेन्द्र पाल द्वारा अपने क्षेत्रों में नाला सफाई के कार्य को समय से न कराये जाने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक न किये जाने और कार्यों में रुचि न लेने आदि के कारण निलम्बित किया गया है। नगर निगम लखनऊ की महापौर द्वारा जोन-7 स्थित लोहिया नगर, शंकर पुरवा द्वितीय, इन्दिरा नगर वार्ड के पास के नालों की सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया।

### होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

- आशासकीय आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का आरोप
- नगर निगम लखनऊ में जोन-7 के अधिशासी अभियंता बिजेन्द्र पाल और आगरा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द्र पर हुई कार्रवाई

"विभागीय कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बरतने, साथ ही शासकीय आदेशों की अवहेलना पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। किसी भी कार्मिक का ऐसा बर्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री की अपेक्षा व मंशानुरूप सभी कार्मिकों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना होगा।"

–अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव नगर विकास

# 6 माह में शुरू होगा फिल्म सिटी का निर्माणकार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन वर्ष के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। फिल्म सिटी के निर्माण से उप्र. और आसपास के प्रदेशों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस क्रम में स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी की शुरुआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड (वहन) नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा। कलाकार, टेक्नीशियन, मिक्सर, कैमरामैन, स्टोरी राइटर समेत ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं जो प्लेटफॉर्म न मिल पाने के कारण प्रदेश के अंदर ही दम तोड़ देती हैं, उनको फिल्म सिटी एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।




● 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

- स्किल्ड के साथ-साथ अनस्किल्ड को भी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी में मिल सकेंगे रोजगार के अवसर

### आधे से कम कीमत में मिलेंगी सुविधाएं

अरुणवीर सिंह के मुताबिक, यह फिल्म सिटी बिल्कुल अलग होगी। अभी देश भर में जितनी भी फिल्म सिटी हैं, उनमें जो भी कमियां हैं, उन्हें इस फिल्म सिटी में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें ट्रैवल टाइम भी कम होगा। साथ ही फिल्म सिटी पूरी तरह सुरक्षित होगी। यहां आने में लॉ एंड ऑर्डर जैसी कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि ये पूरी तरह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी होगी, जहां भारत के साथ-साथ विदेशी फिल्मों की शूटिंग भी होगी। यहां जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, वो विदेशों की तुलना में यहां आधे से भी कम कीमत में मिल सकेंगी।

# तकनीक की मदद से अब फसलों की सुरक्षा करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार तकनीक की मदद से अब फसलों की सुरक्षा करेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब उप्र. में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसे सभी 75 जिलों में लागू करने की तैयारी है।

इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। दरअसल, फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कृषि विभाग ने 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। इसके तहत मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल जोर दिया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इसमें अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है।

### बीमित फसलों के लिए समय निर्धारित

इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है। केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर तथा आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

- 75 जिलों में फसलों के रखरखाव के साथ किसानों को बीमा कवर देने की योजना

## आधुनिक हथियारों से लैस होगा एसएसएफ

अमृत विचार, लखनऊ : विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के कार्मिक जल्द ही आधुनिक हथियारों से लैस होंगे। इसके लिए गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय को खरीद की अनुमति दे दी है। करीब साढ़े चार करोड़ रुपये भी जारी किए गए हैं। हथियारों की खरीद लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर वाहनी से जुड़े कार्मिकों के लिए होगी। कुल 243 हथियार खरीदे जाने हैं। जिसमें 153 सेमी आटोमेटिक पिस्टल, 15 सब मशीन गन व 75 एसाल्ट रायफल भी खरीद की जाएगी।

# सीएमओ हत्याकांड में आनंद दोषसिद्ध

अमृत विचार, लखनऊ : सीबीआई न्यायालय ने एनआरएचएम सीएमओ हत्याकांड मामले में एक आरोपी को दोषी पाया, जबकि दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोषसिद्ध आरोपी की सजा पर फैसला मंगलवार को सुनाया जाएगा। बता दें कि 3 अप्रैल 2011 की सुबह गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विभूतिखंड क्षेत्र में एनआरएचएम के सीएमओ रहे डॉ. वीके सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोमतीनगर थाना पुलिस ने आनंद प्रकाश तिवारी, विनोद शर्मा व आरके वर्मा को गिरफ्तार किया था। एसएचओ अभिमन्यू धर द्विवेदी ने आनंद प्रकाश के पास से असलहा भी बरामद कर लिया था। बाद में यह मामला जांच के लिए सीबीआई को दे दिया था। सीबीआई न्यायालय ने इस मामले में आनंद प्रकाश तिवारी को दोषी पाया। इस मामले में आरोपी को सजा मंगलवार को सुनाई जाएगी।

## वर्ग पहेली-115

**बाएं से दाएं**

4. विचारधारा; विचारसरणी; सोचने का ढंग।
6. 1. संपूर्ण गणना करना 2. किसी विशेष उद्देश्य से किसी स्थान पर स्थित वस्तुओं की गणना 3. विधि तथा निषेधशास्त्र का विशेष रूप से कथन।
7. 1. किसी वस्तु को बाँटना या वितरण करना 2. अंश या भाग लगाना; विभक्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. दुबला-पतला; छरहरा।
2. प्राय: झुंड में रहने वाला तथा लोमड़ी से मिलता-जुलता एक जानवर।
3. संभोग; मैथुन; रतिक्रीड़ा।
5. गोलियों के चलने की आवाज़।
6. बेसन



### वर्ग पहेली -114 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | नो | ■ | 2 पि | ■ | ■ |
| सां | ■ | ■ | छ | ■ | ■ |
| त | ■ | ■ | ड़ा | ■ | 3 चु |
| ■ | 4 सें | ■ | 5 प | नो | टी |
| 6 गं | ध | ही | न | ■ | ला |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | री | ■ | 7 छु | त | हा |

## सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 9 | | | 1 | | 7 |
| 8 | | 7 | 2 | | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | 6 | | 1 | | | 9 |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| 6 | | | 3 | | 5 | | | 8 |
| | | | 8 | | 7 | | 4 | |
| | 5 | | | | 3 | 9 | | 2 |
| 3 | | 2 | | | 9 | | 6 | |

### सुडोकू -27 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 14.19 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तर भाद्रपद 08.49 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज आपका मन अशांत हो सकता है। लोग आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ डालने का प्रयास करेंगे। महंगे उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**वृष:** आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की बिक्री बढ़ सकती है। सभी कार्य योजनानुसार ही होते चले जायेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**कर्क:** आज वही कार्य करें जिसको लेकर आपकी योजना स्पष्ट हो। परिश्रम का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिजनों के साथ बैर या किसी तरह का मनमुटाव आज दूर होगा। वैवाहिक जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।

**सिंह:** आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। बारिश में भींगने से बचें। वायरल बुखार की चपेट में या सकते हैं। इंश्योरेंस आदि में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

**कन्या:** आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है।

**तुला:** आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक:** आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहने वाला है। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें।

**धनु:** आज आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है। शरीर में जल की कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक संबंध रोमांटिक रहेंगे। आज आपके घर के किसी विवाह योग्य सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है।

**मकर:** आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय लक्ष्यों को समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार दे सकते हैं। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कुंभ:** आज परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। आप किसी सार्वजनिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आज यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। पहले हुए व्यापार घाटे से आज निजात मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.18
- ड्रीम गर्ल — रात : 09.41

SONY PIX
- सुपर मैन — सुबह : 09.20
- व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06.36

&pictures
- अपरिचित — सुबह : 11.06
- वेलकम बैक — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- कृष — सुबह : 09.23
- सूर्या एस 3 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- अजब प्रेम की गजब कहानी — सुबह : 11.54
- भेड़िया — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी ने पति को मैसेज किया – आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया– एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी – ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी।

भिखारी– भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर– तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी– वजन देखना है कि कितना घटा!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 910 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 3.4% बढ़ गईं सरकार की सकल देनदारियां

## वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च के अंत में बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये हुईं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही के 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा, दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव



सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं करने की शुक्रवार को घोषणा की। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा-वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमश: 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी।

# ग्रामीण बैंकों का उनके प्रायोजक बैंक में हो विलय

**संवाददाता, अमृत विचार**



- **बैंकों के दो प्रमुख अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने की मांग**
- **43 ग्रामीण बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से हैं जुड़े**

**बरेली:** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। इन संगठनों का कहना है कि इस कदम से बैंकों की प्रगति होगी और यह एकरूपता के लिए भी जरूरी है।

हालांकि यह मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है। ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने प्रायोजक बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में स्टाफ की कमी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारी बैंकिग की नई और मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी बेहद जरूरी है।

ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंक में विलय के बारे में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा का कहना है कि अब आगे यह देखना होगा कि क्या केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर विलय को तैयार होंगी।

### देशभर में 22 हजार ग्रामीण बैंकों की शाखाएं

बता दें कि ग्रामीण बैंकों की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं। पूरे देश में इनकी संख्या 22 हजार के करीब है। देशभर के 702 जिलों में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं। देश भर में ग्रामीण बैंकों की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 878 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## सोने की कीमत में 370 और चांदी में 600 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

## आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी: दास

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बताई।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ।

## आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक व इस्पात क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा**

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।



# सदन में विपक्षी सदस्यों का आचरण बेहद पीड़ादायी : धनखड़

## राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आसन के समक्ष आने को लेकर सभापति ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के स्वयं आसन के समक्ष आ जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठों के सदन में यह आचरण उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। सभापति धनखड़ ने कहा-सदन में (विपक्षी सदस्यों द्वारा) जिस तरह का आचरण किया गया, वह अविश्वसनीय है, वह मेरे लिए बेहद पीड़ादायी है।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ नेता हैं, वह सदन में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह आज आसन के समक्ष आ गए। सभापति ने कहा कि सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समक्ष आ गए। उन्होंने कहा-यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। हमें नेता प्रतिपक्ष से ऐसे आचरण की उम्मीद करते हैं जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि-मेरे लिए जो बेहद पीड़ादायी बात है वह यह है कि उन्होंने बाहर जा कर भ्रामक बातें कहीं, बिल्कुल गलत बातें कहीं, बिल्कुल झूठ कहा। उन्होंने जो कहा वह विरोधाभासी है। सभापति ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया, उसे तार-तार किया गया और वरिष्ठों के सदन में यह सब उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। इस पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। इससे पहले सभापति कहा था कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

### सभापति ने विपक्ष से सौतेला व्यवहार किया : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। बाद में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। टीम ने महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नीट मामले में दो और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड का आदेश

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो और अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त आशुतोष और मनीष से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर उन्हें 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एक सप्ताह के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी पर मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

## एक नजर

### हैदराबाद पुलिस ने साइबर अपराध मामला 11 मिनट में सुलझाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद शहर की साइबर अपराध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी में 18 लाख रुपये गंवाने से बचा लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अंबरपेट निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति एक प्रतिष्ठित कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर कर्मचारी काम करता है और किसी ने उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 18 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया था। पीड़ित व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसके पैसे हड़प लिए थे।

### बीएसएफ प्रमुख ने तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशेवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की। बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने को कहा था।

## कर्नाटक के हावेरी में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, चार घायल

**हावेरी (कर्नाटक), एजेंसी**

- **सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई वैन**

कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने कहा-पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि शवों को शवगृह में ले जाया गया है और घायलों को हावेरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

उन्होंने बताया कि इस टक्कर के कारण शव वैन के क्षतिग्रस्त हिस्सों में फंस गए और अग्निशमन विभाग को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नागेश(50), विशालाक्षी (40), आदर्श (23), परशुराम (45), भाग्य (40), पुण्या (50), मनसा(24), रूपा (40), सुभद्रा बाई (65), मंजुला बाई (62) और मंजुला (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि नागेश, विशालाक्षी और अर्पिता (18) एक ही परिवार के सदस्य थे।

## राजभवन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की

**कोलकाता, एजेंसी**

- **राजभवन में महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में दिया था बयान**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के कार्यालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उनके उस बयान के लिए आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाएं राजभवन जाने में कथित तौर पर असुरक्षित महसूस करती हैं। राजभवन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गलत धारणा न बनाएं।

बारानगर की विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला के विधायक रयात हुसैन सरकार ने बोस के अनुरोध के अनुसार राजभवन में शपथ लेने से इनकार कर दिया, इसके बजाय वे विधानसभा में शपथ ग्रहण पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार से धरना दे रहे हैं। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे संविधान का सम्मान करें तथा ऐसी गलत धारणाएं बनाने से बचें, जिससे राज्यपाल पर आक्षेप लग सकता है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि बोस को शपथ ग्रहण प्रक्रिया में बाधा डालने का कोई अधिकार नहीं है।

## वीरशैव लिंगायत के धर्मगुरु ने मुख्यमंत्री पद समुदाय को देने की मांग की

**चिकोडी(कर्नाटक)।** वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडितराध्याय स्वामीजी ने उप मुख्यमंत्री के और पद सृजित करने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में सरकार बनाने के लिए उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं।

## गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए इन पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायों के कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे।

# चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया : मोदी

- **प्रधानमंत्री ने लोजपा सांसदों से मुलाकात की**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और वह अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ● एजेंसी

समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में है। दोनों ही धड़े राजग के सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के लिये सीट के बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत भाजपा ने लोजपा (रामविलास) को पांच सीट दी थीं, जबकि पशुपति पारस नीत पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, रामविलास पासवान जी मेरे बहुत प्रिय मित्र थे, जिनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मुझे बहुत याद आती है। मुझे खुशी है कि चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और रामविलास जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

## एक नजर

### विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में बम की धमकी

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद वहां तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने की एक पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि विमान उतरने के बाद यात्रियों को खतरे के बारे में सूचित कर दिया गया और यात्रियों एवं उनके सामान की तलाशी ली गई, हालांकि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### काला सागर के ऊपर अमेरिकी ड्रोन उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी : रूस

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं और वे यूक्रेन को आपूर्ति किए गए पश्चिमी हथियारों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टोह ले रहे हैं। मंत्रालय ने कहा रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की उड़ानों की बढ़ती संख्या पर कड़ी निगरानी रखी है, जो रूसी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए पश्चिमी राज्यों द्वारा यूक्रेन के सशस्त्र बलों को आपूर्ति किए गए उच्च-सटीक हथियारों के लिए टोही और लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष में यूक्रेन के साथ अमेरिका और नाटो सदस्य देशों की बढ़ती भागीदारी को इंगित करता है।

### स्लोवाकिया में ट्रेन और बस की टक्कर में सात लोगों की मौत

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** दक्षिणी स्लोवाकिया में एक ट्रेन और एक बस के बीच टक्कर हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। स्लोवाकिया के परिवहन मंत्री जोजेफ राज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से स्लोवाकिया होते हुए हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही इस यूरोसिटी ट्रेन में लगभग 200 लोग सवार थे। यह हादसा बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे के बाद नोवे जाम्की शहर के निकट एक 'क्रॉसिंग' पर हुआ। हादसे के बाद ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जबकि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में टूट गई। सभी मृतक बस में सवार थे। मंत्री जोसेफ राज ने कहा कि हादसा होने से एक दिन पहले बुधवार को क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी, जिसके कारण रेलमार्ग को सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद करना पड़ा था। राज ने कहा कि जांच के प्रारंभिक परिणामों से पता चला है कि कोई तकनीकी या प्रणालीगत त्रुटि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, संभवत: यह व्यक्तिगत मानवीय भूल थी, जिसके कारण ट्रेन गलत ट्रैक पर आ गई।

### श्रीलंका: साइबर अपराध में 60 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल एक समूह के कम से कम 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन लोगों को गुरुवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) निहाल थलदुवा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप जब्त किए। डेली मिरर लंका समाचार पत्र ने बताया कि यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई जिसने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर संवाद करने के लिए उसे नकद राशि दिए जाने का वादा करके एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया था। उसने बताया कि जांच में ऐसी साजिश का पता चला जिसके जरिए पीड़ितों को शुरुआती भुगतान के बाद धनराशि जमा करने के लिए मजबूर किया जाता था। उसने बताया कि नेगोम्बो में एक आलीशान मकान पर छापेमारी के दौरान मिले महत्वपूर्ण सबूतों के आधार पर शुरुआत में 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और 57 फोन एवं कंप्यूटर जब्त किए गए।

## लेबनान ने उत्तरी इजरायल में किया मिसाइल हमला

**येरूशलेम/बेरूत।** लेबनान ने उत्तरी इजरायल के शहर सफेद में 35 रॉकेट और मिसाइलों से हमला किया जिससे यहां बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ ही कई घरों और संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के ऐरो डिफेन्स सिस्टम ने कई हमलों को रोका और कई मिसाइलों को निरस्त कर दिया। देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के मुताबिक हमले में किसी के मरने या किसी के घायल होने की रिपोर्टें नहीं है। मेरोम हागैलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक प्रोजेक्टाइल से एक घर पर हमला किया गया। इस बीच फायर एंड रेस्क्यू अथॉरिटी ने बताया कि कई जगह आग लग गई और बिजली कटौती के कारण नागरिक लिफ्ट में फंस गए। इसी बीच लेबनान सेना समूह हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसकी सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर और पूर्वी लेबनान के समोर शहर पर इजरायल द्वारा किए गए ।

## चंद्रमा के दूसरी ओर से नमूने लाया चीन का चांग ई-6

**बीजिंग, एजेंसी**



चीन का 'चांग ई-6' मिशन इस सप्ताह धरती पर वापस लौट आया और आपने साथ चंद्रमा के सतह की दूसरी ओर से करीब दो किलोग्राम नमूने अनुसंधान के साथ लाया है जिसके अध्ययन से पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की उत्पत्ति को समझने में और मदद मिलेगी। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के मुताबिक शुरुआती तौल के मुताबिक चांग ई-6 अपने साथ चंद्रमा से 1,935.3 ग्राम नमूने लेकर लौटा है। सीएनएसए के चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र के उप निदेशक जी पिंग ने कहा, हमने पाया है कि चांग ई-6 द्वारा लाए गए नमूने पिछले नमूनों की तुलना में अधिक चिपचिपे थे, तथा उनमें गांठें भी थीं। ये अवलोकनीय विशेषताएं हैं। पिंग चांग ई-6 मिशन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद अनुसंधानकर्ता योजना के अनुसार चंद्रमा के नमूनों का भंडारण और प्रसंस्करण करेंगे तथा वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य आरंभ करेंगे। सीएनएसए ने बताया कि मानव इतिहास में पहली बार नमूने चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से एकत्र किए गए हैं। यह उपलब्धि अद्वितीय वैज्ञानिक महत्व रखती हैं क्योंकि ये नमूने चंद्रमा की उत्पत्ति की समझ को और बढ़ाएंगे, चंद्रमा पर उपलब्ध संसाधनों के शांतिपूर्ण अन्वेषण और उपयोग की गति को तेज करेंगे, और समस्त मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति के रूप में काम करेंगे। सीएनएसए द्वारा जारी चंद्रमा नमूना प्रबंधन नियमों और चांग ई-5 मिशन द्वारा एकत्रित चंद्रमा के नमूनों के लिए आवेदनों से निपटने के अनुभव के आधार पर, चांग ई-6 नमूनों के लिए आवेदन घरेलू अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिकों के लिए लगभग छह महीने में जारी करने की उम्मीद है। पिंग ने अंतरराष्ट्रीय आवेदनों के बारे में कहा कि चीन सभी देशों के वैज्ञानिकों का प्रासंगिक प्रक्रियाओं के तहत आवेदन प्रस्तुत करने का स्वागत करता है। चांग ई-6 यान को तीन मई को कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रमा के नमूने लेकर इसका वापसी यान 25 जून को उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के सिजिवांग बैनर में अपने निर्दिष्ट क्षेत्र में उतरा जो मिशन के सफल होने का संकेत करता है।

## जेएएक्सए ने खराब मौसम के कारण किया स्थगित प्रक्षेपण

**टोक्यो।** खराब मौसम की आशंका के बीच जापान ने अपने नए एच-3 रॉकेट के माध्यम से सप्ताहांत में एक उपग्रह का प्रस्तावित प्रक्षेपण सोमवार तक स्थगित कर दिया है।

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने कहा कि शनिवार रात को बारिश और बिजली कड़कने की संभावना के मद्देनर उपग्रह प्रक्षेपण स्थगित किया गया है, क्योंकि रॉकेट को उसी दिन दक्षिण-पश्चिम जापानी द्वीप स्थित तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र के प्रक्षेपण स्थल तक ले जाना था। पूर्व में प्रक्षेपण रविवार को निर्धारित किया गया था। इसका मुख्य कार्य प्रेक्षण के साथ आपदा प्रतिक्रिया, मानचित्र निर्माण के लिए विवरण संग्रह करने के साथ ही इंफ्रारेड सेंसर के साथ सैन्य गतिविधियों पर नजर रखना है।

# राष्ट्रपति पद की बहस में बाइडन और ट्रंप ने एक दूसरे को सबसे खराब राष्ट्रपति बताया

## अर्थव्यवस्था, सीमा, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुई चुनाव की पहली बहस

**अटलांटा, एजेंसी**



- 90 मिनट की लंबी बहस के में दोनों ने एक-दूसरे पर किए निजी हमले
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया

राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया।

गुरुवार रात को बाइडन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किए। बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था।

तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं। न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडन ने उन्हें अपराधी कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडन को अपराधी कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, जब वह एक दोषी अपराधी के बारे में बात करते हैं, तो उनका बेटा (हंटर बाइडन) एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बहस के दौरान बाइडन ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्हें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। बाइडन ने कहा, ट्रंप बिल्कुल भी पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने इतनी मूर्खता कभी नहीं सुनी। यह वह व्यक्ति हैं जो नाटो से बाहर निकलना चाहते हैं।

### अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी : सीएनएन

**अटलांटा।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुई पहली बहस (डीबेट) देखने वाले ज्यादातर लोगों की नजर में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मुकाबले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रदर्शन बेहतर रहा। एसएसआरएस द्वारा आयोजित सीएनएन फ्लैश सर्वेक्षण के अनुसार, बहस देखने वाले पंजीकृत लोगों में से 67 प्रतिशत से 33 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप ने बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति पद की तीन बहसों में से पहली बहस अटलांटा में हुई, जिसकी मेजबानी सीएनएन ने की। बहस से पहले उन्हीं मतदाताओं (55 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाइडन के मुकाबले ट्रंप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### ट्रंप प्रशासन में सेवा देने में सम्मानित महसूस करूंगा

**अटलांटा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कभी प्रतिद्वंद्वी रहे भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वैसे तो उनसे कहा नहीं गया है लेकिन वह ट्रंप प्रशासन में दूसरे नंबर (उपराष्ट्रपति पद) पर रहकर अपनी सेवा देने में 'सम्मानित' महसूस करेंगे। आयोवा कॉकस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रामास्वामी (38) 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी की दौड़ से जनवरी में अलग हो गये थे। वहां ट्रंप के नाम पर मुहर लगी थी। पहले कुछ अमेरिकी मीडिया ने खबर दी थी कि रामास्वामी इस पद की उम्मीदवारी में आगे चलने वालों में शामिल हो सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति पद के लिए हाथ आजमाने की घोषणा करने से पहले वह अधिक चर्चित नहीं थे।

## अमेरिका की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण, वोटबैंक की सोच से प्रेरित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल।

भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रतता पर जारी रिपोर्ट में की गई आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की सोच से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में भारत के खिलाफ पूर्वाग्रहपूर्ण बयान को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, घृणा भाषण और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों और पूजा स्थलों को ध्वस्त करने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। जायसवाल ने कहा अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं।

यह प्रक्रिया अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा इसने पूर्वाग्रह आधारित विचार को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना है। कुछ मामलों में, रिपोर्ट में कानूनों और नियमों की वैधता पर ही सवाल उठाए गए हैं। जायसवाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रिपोर्ट में भारतीय अदालतों द्वारा दिए गए कुछ फैसलों की ईमानदारी को भी चुनौती दी गई है।

### भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को एफएटीएफ ने स्वीकारा

**सिंगापुर।** वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने शुक्रवार को सिंगापुर में हुई अपनी पूर्ण बैठक के दौरान धन शोधन पर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इसकी कार्रवाई की प्रशंसा की। अपने संक्षिप्त निष्कर्ष बयान में वैश्विक निकाय ने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में भारत अच्छे परिणाम प्राप्त कर रहा है। हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि भारत को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी करने में होने वाली देरी का समाधान करने की जरूरत है। इसने कहा कि गुणवत्ता एवं निरंतरता समीक्षा पूरी होने के बाद देश के संबंध में अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। पेरिस मुख्यालय वाला एफएटीएफ धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है। एफएटीएफ दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारत का पारस्परिक मूल्यांकन पिछली बार 2010 में किया गया था। इस मूल्यांकन का मकसद किसी देश की वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कानून और नीति बनाने तथा उन्हें लागू करने की क्षमता की पड़ताल करना है। भारत के मामले में एफएटीएफ की समीक्षा इस वर्ष की शुरुआत में समाप्त हो गई थी, जब टीम ने नई दिल्ली का दौरा किया था तथा विभिन्न खुफिया और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

## टीटीपी पनाहगाहों को जल्द बनाएंगे निशाना : रक्षामंत्री

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि हाल में सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन टीटीपी की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने इसी के साथ प्रतिबंधित संगठन से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया क्योंकि इसके लिए कोई 'सामान आधार' नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन अज्म-ए-इश्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते खतरे से निपटना है। टीटीपी के आतंकवादियों को अफगान तालिबान द्वारा अपनी जमीन का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर दी गई मौन सहमति की वजह से पाकिस्तान पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक आसिफ ने वॉइस ऑफ अमेरिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में स्थित टीटीपी की पनाहगाहों को निशाना बनाया जा सकता है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान आतंकवाद का 'निर्यात' पाकिस्तान में कर रहा है एवं 'निर्यातकों' को वहां शरण दी जा रही है।

## अदालत ने अवमानना मामले में दो सांसदों की माफी स्वीकार की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की आलोचना करके अवमानना मामले का सामना करने वाले दो सांसदों की माफी शुक्रवार को स्वीकार कर ली।

प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने निर्दलीय सीनेटर फैसल वावदा और कौमी मुत्तहिदा मूवमेंट के नेशनल असेंबली सदस्य मुस्तफा कमाल के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि वावदा ने 26 जून को इस मामले में अदालत में माफीनामा दाखिल किया था। कमाल के वकील बैरिस्टर फरोग नसीम ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने भी एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान माफी मांगते हुए खेद जताया था।

## चीन की धमकी के बाद ताइवान ने यात्रा से बचने का किया आग्रह

**ताइपे (ताइवान), एजेंसी**

ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है।

मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। सरकार यात्राओं पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है, लेकिन जो लोग यात्रा करते हैं, उन्हें राजनीतिक राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए या किताबें नहीं ले जानी चाहिए या ऐसे विषयों पर ऑनलाइन पोस्ट नहीं करना चाहिए जिसको आधार बनाकर सत्तावादी कम्युनिस्ट पार्टी उन्हें हिरासत में ले या मुकदमा चलाए।

## मंगोलिया में संसदीय चुनाव के लिए मतदान जारी

**उलानबटोर।** मंगोलिया में संसदीय चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह से मतदान जारी है। मंगोलिया की संसद ने मई 2023 में सांसदों की संख्या 76 से बढ़ाकर 126 करने के लिए संविधान में संशोधन किया था।

संसदीय चुनावों में 19 राजनीतिक दलों और दो गठबंधनों के कुल 1,294 उम्मीदवार और 42 निर्दलीय उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग (जीईसी) के अनुसार चुनाव मिश्रित चुनावी प्रणाली के तहत आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 78 विधायक बहुमत के माध्यम से और 48 आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से चुने जाते हैं। करीब 35 लाख की आबादी वाले मंगोलिया में इस साल 2,238,360 पात्र मतदाता पंजीकृत हैं।

## नौकरी बाजार में सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले एआई कौशल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ज्यादा से ज्यादा उद्योगों द्वारा एआई अपनाए जाने के साथ एआई से संबंधित नौकरियों की सबसे ज्यादा मांग मशीन लर्निंग और पायथन के लिए हो रही है। ग्लोबल हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड ने आज भारत में एआई नौकरियों के सबसे ज्यादा मांग वाले कौशलों के आँकड़े जारी किए। सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले सर्वोच्च 5 कौशल में मशीन लर्निंग, पायथन, एआई कोर स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स और नैचुरल लैंग्वेज़ प्रोसेसिंग शामिल है।

भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। नैसकॉम एवं बीसीजी के अनुसार यह 25 से 35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस तेज विस्तार के कारण कौशल की कमी भी बढ़ रही है और कंपनियों को आवश्यक विशेषज्ञता वाले योग्य प्रोफेशनल्स को तलाशने में संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है, जो इन विकसित होती हुई टेक्नोलॉजीज का क्रियान्वयन व प्रबंधन कर सकें। इस कमी को दूर करने और एआई के युग में आगे बढ़ने के लिए नौकरी तलाशने वालों के लिए यह जरूरी है कि वो सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले एआई कौशलों के प्रति जागरुक रहें और उन्हें हासिल करें। भारत में 42 प्रतिशत जनरेटिव एआई नौकरियों के लिए मशीन लर्निंग की मांग की गई, जबकि 40 प्रतिशत के लिए पायथन के कौशल की मांग की गई। पायथन एआई और मशीन लर्निंग में अपने लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण है।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड 190 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। ओपनिंग डे पर ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स तोड़ डाले हैं। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर और राम गोपाल वर्मा कैमियों में नजर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, नॉन हॉलीडे, मिड वीक रिलीज और इंडिया वर्सेज इंग्लैंड का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल मैच होने के बावजूद, कल्कि 2898एडी ने फैंटास्टिक शुरूआत करते हुए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और जाहिर है, दक्षिण - #कल्कि2898एडी की लहर पूरे देश में छाई हुई है... सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म ने टायर-2 और टायर-3 केंद्रों पर बेहतरीन परफॉर्म किया है और यदि यह ट्रेंड जारी रहा, तो बड़े पैमाने पर कमाई से #कल्कि2898एडीको लंबे समय में एक मजबूत कलेक्शन हासिल करने में मदद मिलेगी। कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड ग्रास 190 करोड़ की कमाई कर ली है।



### 12 जुलाई से स्ट्रीम होगी सीरीज शोटाइम

**मुंबई।** सीरीज शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है। डिज्नी हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ-साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। स्क्रीनप्ले सुमित रॉय, मिथुन गंगोपाध्याय और लारा चांदनी ने लिखा है, जबकि संवाद जेहान हांडा और करण श्रीकांत शर्मा ने लिखे हैं।

**तो होगा खतरा** एक 840 फीट व दूसरा 2 .3 किमी बढ़ा आकार, 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा

## इस सप्ताह धरती के करीब से गुजरेंगे दो बड़े क्षुद्रग्रह

**अमृत विचार, नैनीताल**



पृथ्वी व क्षुद्रग्रहों की तस्वीर।

इस सप्ताह धरती के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले दो क्षुद्रग्रह इस सप्ताह पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने जा रहे हैं। जिनमें एक 840 फीट व दूसरा 2.3 किमी आकार है। ये दोनों इतने विशाल हैं कि अगर पृथ्वी से टकरा जाय तो भयानक नुकसान पहुचा सकते हैं। यह दोनों इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटी दूरबीनों से देखा जा सकता है।

एक क्षुद्रग्रह का नाम 2011यूएल है। पिछले 21 सालों में दूरबीनों से दिखाई देने वाले सबसे बड़े पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों में से एक है, जो 2.3 किमी चौड़ा है। इसे पृथ्वी के निकट ज्ञात सभी 99 क्षुद्रग्रहो में बड़ा माना जा रहा है। ये 27 जून को पृथ्वी की सतह से 6,634,279 किमी दूर था। यह पृथ्वी से सुरक्षित दूरी के साथ आगे निकल जाएगा।

दूसरा क्षुद्रग्रह इसी वर्ष खोजा गया है। जिसका नाम 2024 एमके है। इसका आकार 840 है। दोनों क्षुद्रग्रह चट्टानी हैं। आधी रात के बाद इन्हें देख पाना आसान होगा। क्षुद्रग्रह 2011 यू एल 21 की खोज 2011 में हुई थी। निस्कि खोज अक्टूबर 2011 में टक्सन, एरिज़ोना में कैटालिना स्काई सर्वे की गई थी। यह 65 वर्ष बाद व 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा। तब इसकी दूरी आज की तुलना में बहुत कम रह जाएगी। यह क्षुद्रग्रह 25.9 किमी प्रति सेकंड की अद्भुत गति से अपने पथ में आगे जा रहा है। इसे 6 से 8 इंच की दूरबीन से देखा जा सकता है। बहरहाल दोनों क्षुद्रग्रहों पर खगोल वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।

### नासा का रडार करेगा निगरानी नैनीताल

कैलिफ़ोर्निया नासा का गोल्ड स्टोन रडार से 3 जुलाई तक इन दोनों क्षुद्रग्रहों की निगरानी करेगा। क्षुद्रग्रह 2011यू एल 21 बेहद खतरनाक हो सकता है, जिसके भविष्य में पृथ्वी से टकराने की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है। जिस कारण नासा रडार द्वारा इनके पाथ की सटीक गणना कर भविष्य में इसके ऑर्बिट की सही जानकारी दे सकेगा। पृथ्वी के करीब से गुजरने वाले क्षुद्रग्रह हमारे बेहद खतरनाक दुश्मन समझे जाते हैं। जिस कारण इन पर पैनी नजर रखी जाती है।